
www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार...
राष्ट्रीय संस्करण



# देशबन्धु

पत्र नहीं मित्र



नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023 | वर्ष-16 | अंक -139 | पृष्ठ - 10 | मूल्य - 3.00 रुपए

कांग्रेस ने 'आएगा तो मोदी ही' बयान पर भाजपा पर कटाक्ष किया 02
■ एमसीडी की पहल, शिकायत करने पर 24 घंटे के...
■ प्रगति मैदान में दिल्ली मशीन टूल एक्सपो 2023... 03
■ ब्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के
■ वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत... 07
ग्लैमर्स किरदारों की तरह रियल कैरेक्टर में ... 10

### 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में चीनी राष्ट्रपति से मिले मोदी

# मोदी ने एलएसी का मुद्दा उठाया

## विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने कहा, सम्मेलन से इतर की बातचीत

**जोहान्सबर्ग,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए

**■ तनाव कम करने के प्रयासों को तेज करने पर हुए सहमत**
**■ मोदी ने एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर अवगत कराया**

दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर हैं। गुरुवार को जोहान्सबर्ग में पीएम मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग एक दूसरे से बात करते नजर आए थे। दोनों नेताओं के बीच कोई औपचारिक बैठक नहीं हुई बल्कि दोनों नेता चलते-चलते एक दूसरे से बात कर रहे थे।

विदेश सचिव विनय क्वात्रा ने बताया कि ब्रिक्स से इतर पीएम मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से बातचीत की है। दोनों नेता अपने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र तनाव कम करने के प्रयासों को तेज



करने का निर्देश देने पर सहमत हुए। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को एलएसी पर अनसुलझे मुद्दों पर चिंताओं से अवगत कराया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कहा कि भारत-चीन संबंधों को सामान्य बनाने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति बनाए रखना और एलएसी का सम्मान करना आवश्यक है। विनय क्वात्रा ने आगे कहा कि पीएम मोदी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि ब्रिक्स बिजनेस फोरम इंट्रा-ब्रिक्स साझेदारी के प्रमुख स्तंभों में से एक है. उन्होंने एक महत्वपूर्ण तत्व, लचीली और समावेशी आपूर्ति श्रृंखला विकसित करने की आवश्यकता के बारे में बात की और इंट्रा-ब्रिक्स देश में आपसी विश्वास और पारदर्शिता के महत्व पर भी चर्चा हुई।

**इंडोनेशिया में भी हुई थी मुलाकात**

इससे पहले नवंबर 2022 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इंडोनेशिया के बाली में इंडोनेशियाई राष्ट्रपति जोको विडोडो की ओर से आयोजित जी20 रात्रिभोज में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मिले थे. ये भी अनौपचारिक मुलाकात थी। तब दोनों नेताओं ने एक-दूसरे का हाथ मिलाकर अभिवादन किया था। अप्रैल 2020 में पूर्वी लद्दाख में चीनी आर्मी और भारतीय सेना के बीच गतिरोध के बाद ये दोनों की पहली मुलाकात थी।

### ब्रिक्स में 6 नए देश शामिल

**■ अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, यूएई को सदस्य बनाया**



**जोहान्सबर्ग।** ब्राज़ील, रूस, भारत, चीन एवं दक्षिण अफ्रीका के आर्थिक-कूटनीतिक समूह ब्रिक्स का विस्तार करके इसमें अर्जेंटीना, मिस्र, इथियोपिया, ईरान, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात(यूएई) छह नए देशों को बतौर पूर्ण सदस्य शामिल किया गया है। ब्रिक्स के 15वें शिखर सम्मेलन के समापन अवसर पर मेजबान दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति सिरल रामाफोसा ने ब्रिक्स नेताओं के एक संयुक्त मीडिया ब्रीफिंग को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिक्स के विस्तार का यह पहला चरण है और इन छह देशों की सदस्यता एक जनवरी 2024 से प्रभावी होगी। अगले चरण के लिए संभावित सदस्यों के नामों को, विचार के लिए अगली शिखर बैठक में रखा जाएगा। इस प्रकार से पांच सदस्यीय ब्रिक्स में अब 11 सदस्य हो जाएंगे। श्री रामाफोसा ने कहा, इस शिखर सम्मेलन ने ब्रिक्स, लोगों के बीच आदान-प्रदान और दोस्ती और सहयोग को बढ़ाने के महत्व की पुष्टि की है।

### राहुल गांधी का बड़ा बयान

# चार राज्यों में चुनाव जीत रही कांग्रेस

**लद्दाख,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों लेह

**■ इन दिनों लेह लद्दाख के दौरे पर हैं कांग्रेस नेता**

लद्दाख दौरे पर हैं, जहां वे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं को जान रहे हैं। साथ ही चुनाव को लेकर भी उन्होंने लद्दाख के कारगिल में बातचीत की। इस दौरान राहुल गांधी ने बड़ा बयान दिया। राहुल गांधी ने कहा 4 राज्यों में आगामी विधानसभा में कांग्रेस चुनाव जीत रही है।

**भाजपा का ही डाउनफॉल होगा**

राहुल गांधी जिन 4 राज्यों की बात कर रहे थे, वे मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना हैं, जहां चंद महीनों में चुनाव होने हैं। इन्हीं 4 राज्यों में राहुल गांधी ने जीत का दावा किया है। साथ ही उन्होंने कर्नाटक चुनावा का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, ऐसा कहा जा रहा था कि कांग्रेस पार्टी का डाउनफॉल होगा, कर्नाटक में किसका डाउनफॉल हुआ, क्या कांग्रेस का हुआ? आगे राहुल गांधी ने कहा कि हिमाचल में किसका डाउनफॉल हुआ, कांग्रेस का हुआ? इन दोनों जगहों पर कांग्रेस ही आई। अभी मध्य प्रदेश में चुनाव है, छत्तीसगढ़ में चुनाव है, राजस्थान में चुनाव है, तेलंगाना में चुनाव है, आप देख लेना इन राज्यों में भाजपा का ही डाउनफॉल होगा। कांग्रेस को इन चारों जगहों पर जीत मिलेगी।



### 12, तुगलक लेन बंगले में वापस नहीं जाना चाहते

लोकसभा की सदस्यता बहाल होने के बाद भले ही कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनका पुराना बंगला 12 तुगलक लेन उन्हें फिर से आवंटित कर दिया गया हो, लेकिन अब वे इसमें वापस नहीं जाना चाहते हैं। इस बारे में उन्होंने लोकसभा की आवास समिति को पत्र लिखकर बता दिया है। 2004 में पहली बार अमेठी से सांसद बनने के बाद राहुल गांधी को 12 तुगलक लेन का बंगला आवंटित किया गया था। लेकिन इसी साल मार्च माह में मोदी सरनेम मामले में सूरत की एक अदालत द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता खत्म कर दी गई थी। जिसके चलते 12 तुगलक लेन के आवास को खाली करके वे अपनी मां सोनिया गांधी के 10 जनपथ आवास में शिफ्ट हो गए थे।

## सार संक्षेप

### कांग्रेस ने राजस्थान में नियुक्त किए चार समन्वयक



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चार समन्वयक नियुक्त करके अन्य दो सचिवों को चुनाव पर्यवेक्षक के साथ संबद्ध किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसद रंजिता रंजन, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, विधायक किरन चौधरी तथा पूर्व सांसद श्मशेर सिंह दुल्लो को यह जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरू करने के लिए कहा है।

### शिवराज ने पांढुर्ना को नया जिला बनाने की घोषणा की



**छिंदवाड़ा।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज छिंदवाड़ा जिले की तीन तहसीलों को मिलाकर एक नया जिला पांढुर्ना बनाने की घोषणा की। श्री चौहान जिले के सौंसर में विख्यात जामसांवली मंदिर में श्री हनुमानलोक के भूमिपूजन के बाद समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल भी उपस्थित थे।

### डबल स्पीड से चल रही है घोषणा मशीन : कमलनाथ



**भोपाल।** कांग्रेस की मध्य प्रदेश इकाई के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने भाजपा पर भ्रष्टाचार की नई व्यवस्था बनाने का आरोप लगाते हुए कहा कि शिवराज की घोषणा मशीन डबल स्पीड से चल रही है। भोपाल मानव भवन में आयोजित कांग्रेस सेवादल के एक दिवसीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि18 साल बाद अब उन्हें बहनें याद आ गई, कर्मचारी याद आ गए, डबल स्पीड से घोषणा मशीन चल रही है।

### नेपाल में बस पलटने से 6 भारतीय सहित 7 की मौत



**काठमांडू।** नेपाल में गुरुवार तड़के एक सड़क दुर्घटना में छह भारतीय तीर्थयात्रियों सहित सात लोगों की मौत हो गई। काठमांडू से जनकपुर की तरफ जा रही बस रात 2 बजे चुरियामाई मंदिर के दक्षिण में एक नदी तट पर पलट गई। हादसे में बस सड़क से लगभग 50 मीटर नीचे गिर गई। मृतकों में महोत्तरी जिले के लोहारपट्टी का रहने वाला एक नेपाली और राजस्थान के छह भारतीय नागरिक शामिल हैं।

### ओखला में दीवार गिरने से दो लोगों की मौत


**नई दिल्ली।** दिल्ली के ओखला फेज-2 इलाके में एक निर्माणाधीन इमारत के बेसमेंट की दीवार गिरने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और छह घायल हो गए।

# चांद पर अपनी छाप छोड़ रहा भारत का रोवर

**चेन्नई,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष एजेंसी के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत का चंद्रमा रोवर अब चांद पर घूम रहा है और

**■ रोवर व लैंडर के सौर पैनल खोले गए**
**■ चंद्रमा के नमूने एकत्र व प्रयोग करेगा**

मिट्टी पर अपनी छाप छोड़ रहा है। गुरुवार को रात लगभग 12.30 बजे रोवर लैंडर से चंद्रमा की सतह पर आकर चारों ओर घूम रहा है। विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) के निदेशक डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर ने को बताया, यह चंद्रमा की सतह पर अपनी छाप छोड़ रहा है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का लोगो और राष्ट्रीय प्रतीक को रोवर के पहियों पर उकेरा गया है, ताकि जब यह चारों ओर घूमे तो अपनी छाप



छोड़ सके। उन्नीकृष्णन के अनुसार, रोवर के सौर पैनल और लैंडर के सौर पैनल खोल दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि रोवर चंद्रमा के नमूने एकत्र करेगा और प्रयोग करेगा और डेटा लैंडर को भेजेगा।

**सब कुछ योजना के अनुसार हुआ**

यह पूछे जाने पर कि क्या लैंडर योजना के अनुसार उतरा है या इसमें कोई भिन्नता है, उन्नीकृष्णन ने कहा कि मौजूदा उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, सब कुछ योजना के अनुसार हुआ है। उन्नीकृष्णन ने कहा, हमें आगे जानने के लिए उड़ान के बाद का आकलन करना होगा। गौरतलब है कि मून लैंडर और रोवर 600 करोड़ रुपए के चंद्रयान-3 मिशन का हिस्सा हैं। चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान में एक प्रणोदन मॉड्यूल (वजन 2,148 किलोग्राम), एक लैंडर (1,723.89 किलोग्राम) और एक रोवर (26 किलोग्राम) शामिल है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अनुसार, चंद्रमा रोवर में लैंडिंग स्थल के आसपास मौलिक संरचना प्राप्त करने के लिए अल्फा पार्टिकल एक्स-रे स्पेक्ट्रोमीटर (एपीएक्सएस) और लेजर प्रेरित ब्रेकडाउन स्पेक्ट्रोस्कोप (एलआईबीएस) है। अपनी ओर से, लैंडर भी अपने पेलोड के साथ उसे सौंपे गए कार्यों को पूरा करेगा।

### भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना

# छत्तीसगढ़ में ईडी व आईटी लड़ रही कांग्रेस के खिलाफ चुनाव

## राज्य में भाजपा कांग्रेस का मुकाबला करने में सक्षम नहीं

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में एक दिन पहले मीडिया सलाहकार और ओएसडी के घरों पर पड़े छापे के बाद दिल्ली पहुंचे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने केंद्र की भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सूबे में कांग्रेस का मुकाबला करने में सक्षम नहीं है तो ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) और आईटी (आयकर विभाग) को मैदान में उतार दिया है। कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उन्होंने कहाकि केंद्र सरकार ईडी और आईटी के छापे डलवाकर उनकी सरकार को दबाने की कोशिश कर रही है।



**2020 में शुरू हुआ था सिलसिला**

यह सिलसिला 2020 में शुरू हुआ था। ढाई साल तक चुप रहने के बाद चुनाव नजदीक आते ही फिर से जारी हो गया। कथित शराब घोटाले में ईडी को सारे कागजात सौंप दिए गए हैं। बावजूद 2168 करोड़ का घोटाला बताया जा रहा है। नकली होलाग्राम का प्रयोग करने का आरोप लगाया गया। जबकि होलोग्राम डिज्टलर लगाता है,लेकिन उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई। ईडी ने आरोप लगाया कि सूबे के राजस्व को नुकसान पहुंचाया गया। जबकि राजस्व 3900 करोड़ से बढ़कर 6500 करोड़ पर पहुंच गया। 500 करोड़ का कोयला घोटाला बताकर कर्नाटक,भोपाल और नोयडा में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। जबकि आरोपी की कुल चल-अचल संपत्ति कुल 150 करोड़ ही है।

> **ये जितना छापे डालेंगे, उतनी ही इनकी सीटें कम होती जाएंगी। जनता सच्चाई जानती है: भूपेश बघेल, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़**

### ईडी मुझे प्रताड़ित कर रही है: विनोद वर्मा

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने प्रवर्तन निदेशालय द्वारा की गई छापे की कार्रवाई को राहजनी और डकैती करार दिए जाने के साथ प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। बीते रोज ईडी ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा के आवास के अलावा मुख्यमंत्री बघेल से जुड़े दो अन्य लोगों के यहां भी छापे मारे थे। इस कार्रवाई के दौरान ईडी ने दस्तावेज और सोने के जेवरात आदि जब्त किए हैं। कार्रवाई के बाद विनोद वर्मा ने संवाददाताओं के सामने आकर अपनी बात रखी और कहा कि ईडी द्वारा की गई पूछताछ के दौरान उन्होंने अपने बयान में ईडी पर ही सवाल उठाए और साफ कहा कि ईडी द्वारा मुझे प्रताड़ित किया जा रहा है।

### भारतीय कुश्ती महासंघ को लगा झटका

# यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ने किया निलंबित

**■ समय पर चुनाव न करवाने के लिए किया निलंबित**

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां) वैश्विक स्तर पर कुश्ती खेल का नियमन करने वाली संस्था यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग ((यूडब्ल्यूडब्ल्यू)) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) को समय पर चुनाव न करवाने के लिए




तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। यूडब्ल्यूडब्ल्यू) का काम इस समय भारतीय ओलंपिक संघ के एक सदस्य के नेतृत्व में एक अस्थाई समिति देख रही है। अंतरराष्ट्रीय निकाय ने भारतीय कुश्ती निकाय के विरुद्ध कार्रवाई के संबंध में कोई औपचारिक वक्तव्य नहीं दिया है। केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के कार्यालय में इस बारे में संपर्क करने पर एक अधिकारी ने कहा, हां खबरें तो हैं, पर बयान यूडब्ल्यूडब्ल्यू ही देगा। डब्ल्यूएफआई का संचालन कर रहे भूपेंदर सिंह बाजवा के नेतृत्व वाले तदर्थ पैनल को चुनाव आयोजित करने के लिए 45 दिन की समय सीमा दी गई थी। संघ को मान्यता नहीं होने पर भारतीय पहलवानों को 16 सितंबर से शुरू होने वाली ओलंपिक-क्वालीफाइंग विश्व चैंपियनशिप में 'तटस्थ एथलीटों' के रूप में भाग लेना होगा।

गौरतलब है कि महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपी बृजभूषण शरण सिंह की अगुवाई वाले शासी निकाय के हटाए जाने के बाद भारतीय ओलंपिक संघ ने डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए 27 अप्रैल को तदर्थ पैनल का गठन किया था। यूडब्ल्यूडब्ल्यू ने 28 अप्रैल को चेतावनी दी थी कि अगर 45 दिन के अंदर चुनाव नहीं हुए तो डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया जायेगा।

मूल रूप से, डब्ल्यूएफआई के चुनाव सात मई को होने थे लेकिन खेल मंत्रालय ने उसे अमान्य घोषित कर दिया।

कई राज्य निकायों ने चुनावों में भाग लेने का अधिकार मांगने के लिए अदालत का रुख किया, जिसके कारण चुनाव लगातार स्थगित होते रहे।

# ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंचे सोरेन

**■ दूसरे समन के बाद भी नहीं हुए हाजिर**
**■ पहले 14 अगस्त को भेजा गया था समन**

**रांची,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ईडी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में रिट पिटिशन दायर की है। उन्होंने ईडी के समन पर गुरुवार को उसके रांची स्थित जोनल ऑफिस में उपस्थित होने के बजाय इसकी सूचना मैसेंजर के जरिए भिजवा दी है। अभी यह पता नहीं हो पाया है कि उन्होंने ईडी के समन को चुनौती दी है या उसकी पूरी कार्रवाई पर सवाल उठाया है। हेमंत सोरेन के रुख से यह जरूर



साफ हो गया है कि वे जांच एजेंसी के साथ अब आर-पार की लड़ाई के लिए तैयार हैं। इसके पहले ईडी ने जब उन्हें 14 अगस्त को हाजिर होने का समन भेजा था, तब उन्होंने इसके जवाब में ईडी के असिस्टेंट डायरेक्टर देवव्रत झा को लिखे पत्र में कहा था कि आप और आपके पॉलिटिकल मास्टर अच्छी तरह जानते हैं कि मुख्यमंत्री को 15 अगस्त को ध्वजारोहण करना होता है। इसकी तैयारी एक सप्ताह पहले से शुरू हो जाती है। यह जानने के बावजूद 14 अगस्त को बुलाया गया। इससे साफ है कि जानबूझकर न सिर्फ उनकी बल्कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार और झारखंड के लोगों की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिश की जा रही है।

# आरबीआई ने ऑफलाइन डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़ाई

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को ऑफ़लाइन किए जाने वाले छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा पहले के 200 रुपए से बढ़ाकर 500 रुपए प्रति कर दी है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, 'यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।' इसमें आगे कहा गया है कि छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान से संबंधित अन्य सभी निर्देश पूर्ववत रहेंगे। आरबीआई ने 10 अगस्त को मौद्रिक नीति समिति के संबोधन में लेनदेन की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। इसने स्पष्ट किया था कि जहां प्रति लेनदेन सीमा को 500 रुपए तक बढ़ाया जा रहा है।



**■ लेनदेन की सीमा 200 रुपए से बढ़ाकर 500 की**

### पुरस्कार | 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की हुई घोषणा

# आलिया-कृति को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भारतीय कलाकारों के लिए हमेशा से खास रहा है और गुरुवार को दिल्ली में 69वें राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार की घोषणा हुई है। हर बार की तरह इस बार भी सभी की निगाहे बेस्ट एक्टर और बेस्ट एक्ट्रेस के अवॉर्ड पर टिकी हुई थीं। इस साल बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड आलिया भट्ट और कृति सेनन ने अपने नाम किया। वहीं बेस्ट एक्टर का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अल्लू अर्जुन ने जीता।

ये पुरस्कार वर्ष 2021 के लिए दिए गए। यह देश के सबसे प्रतिष्ठित और बहुप्रतीक्षित पुरस्कारों में से एक हैं। इस साल राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कारों में फिल्म सरदार उधम, आरआरआर, गंगूबाई काठियावाड़ी और द कश्मीर फाइल्स का जलवा देखने को मिला। 'सरदार उधम' ने पांच अवॉर्ड अपने नाम किए, जिनमें सबसे प्रमुख 'बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म' का अवॉर्ड रहा। फिल्म का निर्देशन शूजित सरकार ने किया था। इस साल बेस्ट



एक्ट्रेस का पुरस्कार दो अभिनेत्रियों को मिला है। आलिया भट्ट और कृति सेनन ने बेस्ट एक्ट्रेस का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार अपने नाम किया है। आलिया भट्ट को जहां फिल्म 'गंगूबाई काठियावाड़ी' में किए गए शानदार अभिनय के लिए पुरस्कृत किया गया, वहीं कृति सेनन ने फिल्म %मिमी% के लिए यह अवॉर्ड अपने नाम किया।

**■ अल्लू अर्जुन बने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता**

बेस्ट एक्टर की बात करें तो यह अवॉर्ड इस साल साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने 'पुष्पा: द राइज' में अपने दमदार और शानदार अभिनय के लिए जीता। बेस्ट प्लेबैक मेल का अवॉर्ड 'आआरआर' के 'कोमुराम भीमुडो' गाने के सिंगर काला भैरव को मिला, वहीं बेस्ट प्लेबैक फीमेल का अवॉर्ड श्रेया घोषाल ने अपने नाम किया।

**■ सर्वश्रेष्ठ हिंदी फिल्म बनी सरदार उधम**

सर्वश्रेष्ठ सपोर्टिंग एक्टर का अवॉर्ड पंकज त्रिपाठी ने फिल्म 'मिमी' के लिए जीता और बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस 'द कश्मीर फाइल्स' के लिए पल्लवी जोशी को मिला। जहां एक तरफ 'सरदार उधम' ने बेस्ट हिंदी फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता और दूसरी ओर, आर माधवन की 'रॉकेट्री: द नंबी इफेक्ट' को सर्वश्रेष्ठ फीचर फिल्म श्रेणी में राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार मिला है।

# देश

**उवाच**

"भारत विश्व को भौतिक और आध्यात्मिक दोनों प्रकार की प्रगति की राह पर अग्रसर करेगा, अभी तक चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर कोई नहीं उतरा था, हमारे वैज्ञानिकों ने लंबे परिश्रम के पश्चात वहां उतरने का पहला मान प्राप्त किया है:- **मोहन भागवत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 33.2 | 24.3 |
| मुंबई | 31.6 | 26.1 |
| कोलकाता | 33.4 | 25.8 |
| चेन्नई | 35.3 | 22.6 |

### कांग्रेस का मोदी सरकार पर इसरो वैज्ञानिकों की मदद नहीं करने का अरोप, कहा

# टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को 17 महीने से वेतन नहीं मिल रहा

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस ने चंद्रयान-3 की सफलता के लिए भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के वैज्ञानिकों को बधाई दी लेकिन कहा कि प्रधनमंत्री नरेंद्र मोदी इसका श्रेय लेने की दौड़ में सबसे आगे रहे जबकि हकीकत यह है कि उन्होंने इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों की अनदेखी की और उन्हें 17 महीने से वेतन नहीं मिल रहा है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जैसे ही चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा श्री मोदी उससे पहले ही टीवी स्क्रीन पर आ धमके और इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को मदद करने में अपनी विफलता पर पछताने की बजाए वैज्ञानिकों की मेहनत की सफलता का श्रेय लेने लगे। उन्होंने कहा, 'चंद्रयान-3 की लैंडिंग का उत्साह और गर्व लंबे समय तक हमारे साथ रहेगा। इसरो ने अध्यक्ष डॉ. सोमनाथ के नेतृत्व ने वास्तव में इतिहास रचा और इसके लिए वह और उनकी टीम को हार्दिक बधाई।' श्री वेणुगोपाल ने कहा,''इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस तरह से सामने आए और जिस तरह का पाखंड उन्होंने किया उसके लिए उन्हें जवाब देना चाहिए। आपको स्क्रीन पर आने और लैंडिंग के बाद श्रेय लेने की जल्दी थी लेकिन आपकी सरकार वैज्ञानिकों और इसरो की मदद करने में बुरी तरह विफल क्यों रही।' कांग्रेस महासचिव ने कहा, 'चंद्रयान-3 पर काम करने वाले एचईसी इंजीनियरों को पिछले 17 महीनों से वेतन क्यों नहीं मिला और आपने इतने महत्वपूर्ण मिशनों के लिए बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की। ये हमारे देश के हीरो हैं, ये विश्वस्तरीय अंतरिक्ष अनुसंधान कार्यक्रम चलाते हैं लेकिन आपको इनकी प्रतिभा और मेहनत की कोई कद्र नहीं है। जले पर नमक छिड़कने के लिए आप तब सुर्खियों में आए जब वह क्षण वैज्ञानिकों की उपलब्धियों का जश्न मनाने के बारे में था।'



**जैसे ही चंद्रयान-3 चांद की सतह पर उतरा श्री मोदी उससे पहले ही टीवी स्क्रीन पर आ धमके और इस टीम से जुड़े वैज्ञानिकों को मदद करने में अपनी विफलता पर पछताने की बजाए वैज्ञानिकों की मेहनत की सफलता का श्रेय लेने लगे :-केसी वेणुगोपाल, महासचिव कांग्रेस**

## कांग्रेस ने 'आएगा तो मोदी ही' बयान पर भाजपा पर कटाक्ष किया

**नई दिल्ली।** भाजपा के सांसद डी. अरविंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें वे कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि आप कोई भी बटन दबाओ जीतेगी बीजेपी ही। उनके इस बयान पर कांग्रेस ने गुरुवार को भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा कि आखिरकार राज खुल ही गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स (पहले ट्विटर) पर लिखा, 'आखिरकार रहस्य खुल गया।' रमेश ने यह टिप्पणी निज़ामाबाद से भाजपा सांसद अरविंद के वीडियो पर की है। अरविंद का वीडियो निजामाबाद में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का बताया जा रहा है। वीडियो में भाजपा सासंद डी. अरविंद कहते हुए सुनाई दे रहे कि ईवीएम पर कांग्रेस, कार, हाथ किसी भी बटन को दबाओ, वोट तो भाजपा को ही जाएगा। अपने निर्वाचन क्षेत्र निज़ामाबाद में मंगलवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में की गई सांसद की 'आएगा तो मोदी ही' टिप्पणी पर कांग्रेस और तेलंगाना में सत्तारूढ़ बीआरएस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। गौरतलब है कि अरविंद निज़ामाबाद से सांसद हैं। उन्होंने साल 2019 के लोकसभा चुनाव में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी के. कविता को हराया था।



- **भाजपा के सांसद डी. अरविंद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है**
- **आप कोई भी बटन दबाओ जीतेगी बीजेपी ही**

## 7800 करोड़ के हथियारों की खरीद को सरकार की मंजूरी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। सरकार ने तीनों सेनाओं की युद्धक क्षमता बढ़ाने के लिए 7800 करोड़ रुपए की रक्षा खरीद के प्रस्तावों को आज स्वीकृति प्रदान की जिसमें हेलीकॉप्टरों पर इलैक्ट्रॉनिक वॉरफेयर, थल सेना की मानव रहित निगरानी एवं रसद परिवहन की स्वायत्त प्रणाली एवं नौसेना के हेलीकॉप्टरों को नये हथियारों से लैस करने के प्रस्ताव शामिल हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में लगभग 7,800 करोड़ रुपये के पूंजी अधिग्रहण प्रस्तावों के लिए आवश्यकता की स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई।

आधिकारिक जानकारी के अनुसार भारतीय वायु की दक्षता बढ़ाने के लिए फोर्स, डीएसी ने भारतीय-आईडीडीएम श्रेणी के तहत एमआई-17 वी5 हेलीकॉप्टरों पर इलेक्ट्रॉनिक वॉरफेयर (ईडब्ल्यू) सुइट की खरीद और फिट करने के लिए एओएन प्रदान किया, जो हेलीकॉप्टरों की क्षमता को बढ़ाएगा। ईडब्ल्यू सुइट भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) से खरीदा जाएगा।

डीएसी ने मशीनीकृत पैदल सेना यानी इन्फैन्ट्री और बख्तरबंद रेजिमेंटों के लिए ग्राउंड-आधारित स्वायत्त प्रणाली की खरीद के लिए भी एओएन प्रदान किया है जो मानवरहित निगरानी, गोला-बारूद, ईंधन और पुर्जों की रसद डिलीवरी और युद्ध क्षेत्र में हताहतों की निकासी जैसे विभिन्न कार्यों में बेहतर काम करने में सक्षम होगा। 7.62×51 मिमी लाइट मशीन गन (एलएमजी) और ब्रिज लेइंग टैंक (बीएलटी) की खरीद के प्रस्ताव को भी डीएसी द्वारा आगे बढ़ा दिया गया है जहां एलएमजी के शामिल होने से पैदल सेना बलों की लड़ने की क्षमता में वृद्धि होगी, वहीं बीएलटी के शामिल होने से मशीनीकृत बलों की आवाजाही में तेजी आएगी। प्रोजेक्ट शक्ति के तहत भारतीय सेना के लिए मजबूत लैपटॉप और टैबलेट की खरीद के लिए एओएन भी प्रदान किया गया है। ये सभी खरीद केवल स्वदेशी विक्रेताओं से की जाएंगी। भारतीय नौसेना के एमएच-60आर हेलीकॉप्टरों की परिचालन क्षमता को बढ़ाने के लिए, डीएसी ने हथियारों की खरीद के लिए एओएन प्रदान किया है।



- **राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में आयोजित रक्षा अधिग्रहण परिषद (डीएसी) की बैठक में स्वीकृति (एओएन) प्रदान की गई**

## कांग्रेस ने राजस्थान में नियुक्त किए चार समन्वयक

नई दिल्ली। कांग्रेस ने राजस्थान विधानसभा चुनाव के मद्देनजर चार समन्वयक नियुक्त करके अन्य दो सचिवों को चुनाव पर्यवेक्षक के साथ संबद्ध किया है। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सांसद रंजिता रंजन, पूर्व मंत्री हरक सिंह रावत, विधायक किरन चौधरी तथा पूर्व सांसद श्मशेर सिंह दुल्लो को यह जिम्मेदारी सौंपी है और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने के लिए कहा है। श्री खड़गे ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष ने कांग्रेस सचिव बी पी सिंह तथा राजेंद्र सिंह कुम्पावत को वरिष्ठ चुनाव पर्यवेक्षक मधुसूदन मिस्त्री के साथ काम करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है और उन्हें चुनाव संपन्न होने तक इसी रूप में काम करने के लिए कहा है।

**सार संक्षेप**

### हरदा जिलें में नही मिली मूंग खरीदी की राशि: अरुण यादव

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव ने प्रदेश के कृषि मंत्री कमल पटेल के ग्रह जिलें हरदा में मूंग की राशि नही मिलने का आरोप लगाया है। यादव ने कहा कि हरदा एवं होशंगाबाद जिलों में सरकार ने जो मूंग की खरीदी की है, उसे दो महीने हो गए हैं, लेकिन उसका पैसा आज तक किसानों को नहीं मिला है। यादव ने कहा कि जिन जिलों में अतिवृष्टि हुई है, सरकार ने ना तो वहां सर्वे किया है और ना ही कोई मुआवजा मिला है। उन्होंने प्याज के एक्सपोर्ट पर ड्यूटी लगाने के केंद्र सरकार के निर्णय की भी आलोचना करते हुए कहा कि कि चाहे केंद्र की सरकार हो या मध्य प्रदेश की सरकार हो दोनों किसने की कभी भी मदद नहीं करती है।

### पंजाब में बीएसएफ ने 360 ग्राम हेरोइन जब्त की

नई दिल्ली। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में 360 ग्राम हेरोइन जब्त की है। हेरोइन को पंजाब के तरन तारन में ड्रोन से गिराया गया था। बीएसएफ के एक अधिकारी ने कहा कि सुबह के समय हमें ड्रोन के माध्यम से गिराए गए प्रतिबंधित वस्तुओं की खेप की मौजूदगी के बारे में विशेष जानकारी मिली। इसके बाद हमने तरन तारन के राजोके गांव के बाहरी इलाके में पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त तलाशी अभियान चलाया। अधिकारी ने कहा कि सुबह लगभग 9:15 बजे तलाशी के दौरान, सैनिकों ने नशीले पदार्थों का एक छोटा पैकेट बरामद किया। इस पैकेट में करीब 360 ग्राम हेरोइन मिली। इसे ड्रोन के साथ लटकाने के लिए नायलॉन के हुक के साथ चिपकने वाले टेप से लपेटा गया था। उन्होंने कहा कि यह हेरोइन राजोके गांव के खेतों में पाई गई। अधिकारी ने कहा कि हेरोइन को जब्त कर लिया गया है और वे मामले की जांच कर रहे हैं।

### कावेरी विवाद : कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में तमिलनाडु की याचिका को गलत बताया

नई दिल्ली। कर्नाटक सरकार ने गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट को बताया कि कावेरी नदी से पानी छोड़ने की मांग करने वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका को पूरी तरह से गलत है, क्योंकि यह गलत धारणा पर आधारित है कि यह जलवर्ष सामान्य है, न कि संकटग्रस्त जलवर्ष। कर्नाटक सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के समक्ष कहा कि वह सामान्य जलवर्ष के लिए निर्धारित पानी सुनिश्चित करने के लिए बाध्य नहीं है, क्योंकि दक्षिण-पश्चिम मानसून की विफलता के कारण कावेरी बेसिन में संकट की स्थिति पैदा हो गई है। इसमें कहा गया है कि कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) ने दर्ज किया है कि 9 अगस्त तक कर्नाटक के चार जलाशयों में पानी का प्रवाह 42.5 प्रतिशत कम था और तमिलनाडु सरकार ने खुद स्वीकार किया है कि सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दाखिल याचिका में उसने वर्षा 25 प्रतिशत कम होने का जिक्र किया था।

## मप्र में भाजपा को झटका, पूर्व विधायक के बेटे-बहू कांग्रेस में शामिल

**भोपाल,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का खेल जारी है। राजनेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए दल बदल रहे हैं। इसी क्रम में सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक जुगल किशोर बागरी के बेटे और बहू ने कमलनाथ के सामने कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कर ली। दरअसल, सतना जिले के रैगांव विधानसभा क्षेत्र से नाता रखने वाले देवराज बागरी और उनकी पत्नी वंदना बागरी ने भोपाल में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ की मौजूदगी में पार्टी का दामन थाम लिया। रैगांव में हुए उपचुनाव में बारगी दंपत्ति ने भाजपा की ओर से टिकट की दावेदारी की थी। मगर, उन्हें असफलता हाथ लगी थी। लिहाजा, उन्होंने पार्टी की अधिकृत उम्मीदवार प्रतिमा बागरी का खुलकर विरोध किया था। वर्तमान में रैगांव विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस की विधायक कल्पना वर्मा हैं। आशंका इस बात की भी जताई जा रही है कहीं बागरी दंपति को कांग्रेस की ओर से टिकट का भरोसा तो नहीं दिलाया गया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अरुण यादव का कहना है कि प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों से बड़ी संख्या में भाजपा के लोग कांग्रेस का दामन थाम रहे हैं। निवाड़ी, छतरपुर, टीकमगढ़, दतिया, शिवपुरी आदि स्थानों से कई भाजपा नेता कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

- **मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले दल-बदल का खेल जारी**
- **राजनेता अपनी महत्वाकांक्षा पूरी करने के लिए दल बदल रहे हैं**



## शिबू और हेमंत सोरेन के लिए आपत्तिजनक भाषा का इस्तेमाल, बाबूलाल मरांडी की बढ़ी मुश्किल!

**रांची,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, उनके पिता शिबू सोरेन एवं उनके परिजनों के खिलाफ कथित तौर पर अभद्र और आपत्तिजनक भाषा के इस्तेमाल के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के खिलाफ राज्य के कई थानों में एफआईआर कराई गई है। झामुमो के नेताओं-कार्यकर्ताओं और हेमंत सोरेन समर्थकों ने इसे लेकर अलग-अलग थानों में मरांडी के खिलाफ लिखित शिकायत की है। ऐसी ही एक एफआईआर रांची के कांके थाने में सोनू तिर्की नामक शख्स ने दर्ज कराई है। इसमें कहा गया है कि बाबूलाल मरांडी अपनी जनसभाओं में आदिवासी समाज में दिशोम गुरु कहलाने वाले शिबू सोरेन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ घृणित और अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांके थाना प्रभारी के अनुसार, इस शिकायत पर आईपीसी की धारा 504, 505 और 506 के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है। सुना है मेरे संकल्प यात्रा में आपका पोल खोलने से परेशान होकर आपने तीन दिनों में अब तक लातेहार, सिमडेगा, देवघर और रांची में हम पर चार अलग-अलग मुक़दमे दर्ज करवाये हैं।

## क्रूरता के लिए पति की प्रेमिका पर मुकदमा नहीं चला सकते : केरल हाईकोर्ट

**कोच्चि,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। केरल हाई कोर्ट ने माना कि पति की प्रेमिका या शादी से बाहर यौन संबंध बनाने वाली महिला पर भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 498ए के तहत मुकदमा नहीं चलाया जा सकता। अदालत ने बताया कि कानून में इस्तेमाल की गई भाषा यह स्पष्ट करती है कि 'रिश्तेदार' शब्द में वह महिला शामिल नहीं होगी जिसके साथ पुरुष ने विवाह के बाहर यौन संबंध बनाए हैं। कोर्ट ने कहा, 'एक प्रेमिका या एक महिला विवाह से बाहर किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाती है, जरूरी नहीं कि वह 'रिश्तेदार' होगी। 'रिश्तेदार' शब्द का मतलब अलग है, जिसके साथ खून का संबंध है, या गोद ली हुई हो। यह आदेश एक महिला की याचिका पर पारित किया गया जिसमें आईपीसी की धारा 498ए के तहत आरोप लगाया गया था। याचिकाकर्ता ने तर्क दिया कि अपने साथी के साथ उसका रिश्ता उसे उसका रिश्तेदार नहीं बनाता जैसा कि धारा 498ए के तहत माना गया है। अदालत ने तर्क से सहमति व्यक्त की और उसके खिलाफ कार्यवाही को रद्द करने का आदेश दिया।



**एक प्रेमिका या एक महिला विवाह से बाहर किसी पुरुष के साथ यौन संबंध बनाती है, जरूरी नहीं कि वह 'रिश्तेदार' होगी:- केरल हाईकोर्ट**

## गुजरात जहरीली गैस रिसाव: 10 और फैक्ट्री कर्मचारी अस्पताल में भर्ती, कुल संख्या 28 हुई

**भरूच,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। गुजरात के भरूच जिले में जंबुसर के पास 23 अगस्त को एक रासायनिक कारखाने में गैस रिसाव की घटना के बाद 10 और लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने गुरुवार को कहा कि अस्पताल में भर्ती श्रमिकों की कुल संख्या अब बढ़कर 28 हो गई है। जिले के सरोद गांव में स्थित पीआई इंडस्ट्रीज संयंत्र में बुधवार को एक भंडारण टैंक में आग लगने के कारण लीक हुई ब्रोमीन गैस के कारण प्रभावित लोगों ने गंभीर श्वसन संकट की शिकायत की। भरूच निवासी अतिरिक्त कलेक्टर एन.आर. धांधल ने गैस रिसाव स्थल के आसपास की गंभीर परिस्थितियों का खुलासा करते हुए घटना के बारे में जानकारी प्रदान की। वेदाच थाने के उप-निरीक्षक वैशाली अहीर के अनुसार, 23 अगस्त को दोपहर 1 बजे के आसपास घटना के समय फैक्ट्री परिसर में लगभग 2,000 कर्मचारी थे। उन्हें साइट से सुरक्षित निकालने के लिए त्वरित कार्रवाई की गई। अहीर ने हालात के बारे में बताते हुए कहा, 'जो कर्मचारी प्रभावित टैंक के करीब थे, उन्होंने गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायत की। उन्हें तुरंत नजदीकी चिकित्सा सुविधाओं में ले जाया गया। रिसाव को नियंत्रित कर लिया गया है।' अधिकारी गैस रिसाव के मूल कारण और उसके बाद आग लगने की घटना का पता लगाने के लिए जांच कर रहे हैं।

- **भरूच जिले में जंबुसर के पास 23 अगस्त को एक रासायनिक कारखाने में गैस रिसाव की घटना के बाद 10 और लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया**

## चंद्रयान-3 : सिद्दारमैया ने इसरो प्रमुख सोमनाथ को भेंट की गुलदस्ता

**बेंगलुरु,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरुवार को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का दौरा किया और चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग के लिए इसरो अध्यक्ष एस सोमनाथ को हार्दिक बधाई देते हुए फूलों की गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की। आधिकारिक सूत्रों ने कहा, श्री सिद्दारमैया ने वैज्ञानिकों से मुलाकात के दौरान डॉ. सोमनाथ को गुलदस्ता और पगड़ी भेंट की।' चंद्रयान-3 कल एक ऐतिहासिक घटना में शाम 6.04 बजे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा जिसका पूरा देश ने उत्सव मनाया। इसके साथ ही भारत चंद्रमा की इस अज्ञात सतह पर उतरने वाला पहला और इसकी सतह पर उतरने वाला अमेरिका, चीन और तत्कालीन सोवियत संघ के बाद चौथा देश बन गया।



## केसीआर ने चुनाव से तीन महीने पहले महेंद्र रेड्डी को कैबिनेट में किया शामिल

**हैदराबाद,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने गुरुवार को पटनम महेंद्र रेड्डी को शामिल करते हुए अपने मंत्रिमंडल का विस्तार किया। राज्यपाल तमिलिसाई सुंदरराजन ने राजभवन में रेड्डी को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण में चन्द्रशेखर राव, उनके कैबिनेट सहयोगी, विधानसभा अध्यक्ष पोचारम श्रीनिवास रेड्डी, विधान परिषद के अध्यक्ष जी. सुखेंदर रेड्डी और वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। इससे पहले, महेंद्र रेड्डी ने उन्हें मौका देने के लिए केसीआर को धन्यवाद दिया और कहा कि वह उम्मीदों पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। उनके पोर्टफोलियो की घोषणा बाद में होने की संभावना है। महेंद्र रेड्डी के शपथ लेने के साथ ही मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल में सदस्यों की संख्या 18 हो गई है। महेंद्र रेड्डी के शपथ ग्रहण से कैबिनेट में एकमात्र रिक्त पद भर गया। यह पद मई 2021 से खाली था जब केसीआर ने एटाला राजेंदर को कैबिनेट से हटा दिया था। रेड्डी वर्तमान में विधान परिषद के सदस्य हैं। मंत्रिमंडल में उनके शामिल होने को भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) उन्हें शांत करने के प्रयास के रूप में देख रही है क्योंकि वह तंदूर निर्वाचन क्षेत्र से आगामी विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी के टिकट की उम्मीद कर रहे थे। ऐसी खबरें थीं कि रेड्डी बीआरएस छोड़कर कांग्रेस या भाजपा में शामिल होने की योजना बना रहे थे।



### कांग्रेस के नए अध्यक्ष क्या बदल सकते हैं यूपी का चुनावी गणित ?

# अध्यक्ष का पदभार संभालते ही बोले, राहुल गांधी अमेठी और प्रियंका बनारस से लड़ेंगी लोकसभा चुनाव

■ रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस ने उत्तर प्रदेश को लेकर अपनी नई रणनीति बना ली है इसीलिए अरसे बाद उसने दमदार प्रदेश अध्यक्ष दिया है। यह प्रतिक्रिया गुरुवार को उस समय सुनने को मिली जब उत्तर प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष अजय राय पार्टी कार्यालय में पदभार ग्रहण कर रहे थे। हर-हर महादेव का नारा, वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच पदभार संभालने वाले राय के माथे पर लगा त्रिपुंड काशी की झलक दिखा रहा था।


एक पल को ऐसा भी लगा कि भाजपा से मुकाबिल कांग्रेस अब हिंदुत्व का सिद्धांत भी साथ लेकर चलेगी। इस मौके पर युवा कांग्रेसी खासे उत्साहित थे। उनके पदभार संभालते समय पार्टी के दिग्गज नेताओं की मौजूदगी एकजुटता की गवाही भी दे रही थी।

विद्यार्थी परिषद और फिर भाजपा राजनीतिक पारी खेलने के अब कांग्रेस के बड़े पद की शोभा बढ़ाने वाले अजय राय के स्वागत में बलिया से लेकर गाजियाबाद और ललितपुर से लेकर सहारनपुर तक के एक से बढ़कर एक कांग्रेसी उमड़े थे। नए अध्यक्ष के काफिले में शामिल लक्जरी गाड़ियों की बहुत लंबी कतार बता रही थी कि कांग्रेस अब मरे-गिरे अंदाज में नहीं, तेवर के साथ काम करेंगी। पार्टी कार्यालय में उमड़ा जोश बता रहा था कि कांग्रेस में एक बार फिर जान लौट आएगी। पदभार संभालते ही अजय राय के कार्यकर्ताओं में तब और जोश भर दिया जब एलान किया कि पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अगला लोकसभा चुनाव अमेठी से और प्रियंका गांधी वाड्रा बनारस से लड़ेंगी। यह सुनते ही कार्यालय जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा।

कुछ दिन पहले तक जब ब्रजलाल खाबरी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष थे तो यह कार्यालय सूना-सूना लगता था। असल कांग्रेस जन यहां आने से कतराते थे और कारण भी गिनाते लेकिन हमारे नेताओं ने गैरपार्टी का आदमी लाकर सिर पर लाद दिया है। ऐसे नेता के पास क्या जाना जो न कांग्रेस को जानता है न समझता है। आज जब अजय राय अध्यक्ष बनकर आए तो पार्टी के सभी कार्यकर्ताओं में एक जोश एक जुनून देखने को मिला। कार्यकर्ता यह कहते सुने गए कि अजय राय जोरदार नेता हैं। इनके नेतृत्व में पार्टी बेहतर करके दिखाएगी। अजय राय ने खुद भी इस मौके पर कहा कि वह लड़ने वाले व्यक्ति हैं। साज़िश करके उन्हें जेल भेजा गया। उनकी राजनीतिक हत्या करने की कोशिश की गई लेकिन न वह डरे और न हारें। वह जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के हित में लड़ेंगे, सबको साथ लेकर चलेंगे। यह पूछने पर कि आप बनारस से चुनाव लड़ेंगे या प्रियंका गांधी तो राय बोले कि प्रियंका गांधी यदि तैयार हो जाती हैं तो वह नरेंद्र मोदी का मुकाबला करेंगी और अमेठी से राहुल गांधी चुनाव मैदान में उतरेंगे। अमेठी की जनता अपने को ठगा हुआ महसूस कर रही है इसलिए अबकी स्मृति ईरानी को हराकर दिल्ली वापस भेज देगी।

कांग्रेस के सूत्र बताते हैं कि ने मुखिया अजय राय की टीम में युवाओं की छाप दिखेगी। संगठन के महत्वपूर्ण पदों पर ज्यादातर युवा नेताओं को मौका दिया जाएगा प्रदेश कार्यकारिणी में पांच-पांच जिलों पर एक-एक सचिव नियुक्त करने की तैयारी है ताकि पूरे प्रदेश में बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत और सक्रिय किया जा सके। नए अध्यक्ष ने बिना देरी किए कल यानी शुक्रवार को पार्टी के प्रदेश पदाधिकारियों और महत्वपूर्ण कार्यकर्ताओं की बैठक भी बुलाई है ताकि अगली रणनीति बनाई जा सके। जिस तरह का माहौल दिख रहा है उससे कार्यकर्ताओं का ही कहना है कि अब आपको उत्तर प्रदेश का चुनावी गणित बदलता हुआ दिखेगा जिसमें सवर्णों के साथ अल्पसंख्यकों और दलितों का पुराना गठजोड़ देखने को मिलेगा। कांग्रेस इसी दिशा में काम करने की तैयारी में है। कांग्रेस के प्रदेश महासचिव मुकुंद तिवारी कहते हैं कि अजय जी जैसे जुझारू नेतृत्व के साथ कांग्रेस 2024 में 2009 वाला इतिहास दोहराएगी वहीं पूर्व प्रदेश सचिव परवेज अख्तर अंसारी का कहना है कि अजय राय तेज तर्रार नेता हैं। इनके आने से कार्यकर्ता बहुत उत्साहित हैं। ऐसा माना जा रहा है कि वह अच्छे संगठनकर्ता साबित होंगे।

गौरतलब है कि 1989 से पहले कांग्रेस ब्राह्मण, दलित और मुस्लिमों के गठजोड़ से सत्ता में पहुंचती रही है लेकिन इस बीच करीब 35 सालों में उत्तर प्रदेश में यह गठजोड़ छितरा गया था जिसे अब नए सिरे से समेटने की पुरजोर कोशिश शुरू हो चुकी है।



- **कार्यालय में कांग्रेसियों का जोश बता रहा था कि पार्टी में लौटेगी जान**

उल्टा पुल्टा

परीक्षा में सवाल आया था
चैलेंज किसे कहते हैं?
सोनू ने पूरी एग्जाम की कॉपी खाली छोड़ दी...
और आखिरी पेज पर लिखा
अगर हिम्मत है तो पास करके दिखाओ।

# कैपिटल ज़ोन

## एमसीडी की पहल, शिकायत करने पर 24 घंटे के भीतर उठेगा कूड़ा



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली नगर निगम की आप सरकार ने बड़ा फैसला किया है। दिल्ली में कूड़ा और सफाई संबंधी किसी भी शिकायत का निस्तारण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। दिल्ली में अगर कूड़ा या गंदगी दिखती है तो '311' एप के जरिए शिकायत कर सकते हैं। इसके अलावा कचरा संवेदनशील प्वाइंट की शिकायत मिलने पर 14 दिन में उसे हटा दिया जाएगा। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि सभी डीसी को आदेश दिया गया है कि इस एप से जुड़ी समस्याओं का समाधान डेली बेसिस पर किया जाए। सीएम अरविंद केजरीवाल का सपना है कि दिल्ली पूरी तरह से साफ हो। इसके लिए हम सभी खुद ग्राउंड पर जाकर सफाई कर रहे हैं।

दिल्ली की मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने गुरूवार को सिविक सेंटर में डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल और नेता सदन मुकेश गोयल के साथ महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित किया। मेयर ने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में मेगा सफाई अभियान की शुरुआत हुई है। इस अभियान का नाम 'अब दिल्ली होगी साफ' है। इस सफाई अभियान के तहत एमसीडी के अधिकारी, कर्मचारी, पार्षद, विधायक सभी दिल्ली के लोगों के साथ प्रत्येक वार्ड की सफाई करने में लगे हैं। दिल्ली की जनता की शिकायतों के लिए एमसीडी का '311' नाम से एक एप है। इस एप पर जाकर अगर आप अपने इलाके में सफाई को लेकर कुछ भी शिकायत करते हैं, तो उसे तत्काल ठीक किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि कूड़ा, गड्ढा, स्ट्रीट लाइट, पार्क आदि से संबंधित समस्या की शिकायत लोग एप पर कर सकते हैं। शिकायत करने के लिए आपको उस समस्या का फोटो क्लिक कर लोकेशन के साथ एप पर भेज देना है। आपकी समस्या का समाधान 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। दिल्ली के सभी डीसी को आदेश दिया गया है कि इस एप से जुड़ी समस्याओं का समाधान डेली बेसिस पर किया जाए। दिल्ली के सभी 12 जोनों का डीसी अपने-अपने स्तर पर निरक्षण करें और इसकी फोटो लोकेशन के साथ एप पर डालें। संवेदनशील कूड़ा प्वाइंट की शिकायतों को 2 सप्ताह के भीतर हल किया जाएगा। इस एप में जितनी भी शिकायत आएंगी उनको दिल्ली की तीन एजेंसी द्वारा मॉनिटर किया जाएगा। इनमें पर्यावरण विभाग, एमसीडी और कमिशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट शामिल है।

डिप्टी मेयर आले मोहम्मद इकबाल ने कहा कि सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली की जनता से वादा किया था कि देश की राजधानी दिल्ली को सबसे स्वच्छ राजधानी बनाएंगे। हमने अपने वादे के तहत एक बड़ी पहल की शुरुआत की है। दिल्ली के लोग

### दिल्ली सरकार के विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल को दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है : मेयर

**नई दिल्ली।** मेयर डॉ. शैली ओबरॉय केशवपुरम जोन के निगम प्रतिभा विद्यालय नीमडी कॉलोनी में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान मेले समापन समारोह में शामिल हुई और शिक्षकों को सम्मानित किया। विज्ञान प्रदर्शनी में मेयर ने केशवपुरम जोन के निगम विद्यालयों द्वारा प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन किया। मेयर ने प्रदर्शित मॉडलों का अवलोकन करते हुए छात्रों से प्रश्न भी पूछे। उन्होंने अध्यापकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि छात्रों को काफी अच्छे से सिखाया है। बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। बस उन्हें नई दिशा देने की जरूरत है। मेयर डॉ. शैली ओबेराय ने बताया कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल निगम विद्यालयों के आधारभूत ढांचे में सुधार के लिए अत्यंत गंभीर है। निगम द्वारा विभिन्न कार्य जैसे की विद्यालय भवनों में मरम्मत,नए भवनों के निर्माण, विद्यालयों में सुरक्षा कर्मी, आया और डाटा एंट्री ऑपरेटर की नियुक्ति आदि जल्द ही की जाएगी। मेयर डॉ. शैली ओबरॉय ने बताया कि दिल्ली सरकार के विश्वस्तरीय शिक्षा मॉडल को दिल्ली नगर निगम में भी लागू किया जा रहा है दिल्ली नगर निगम द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में तेजी से काम हो रहा है। एमसीडी के हर जोन में विज्ञान मेले का आयोजन किया जा रहा है। मेयर डॉ शैली ओबरॉय ने कहा कि दिल्ली के बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। बच्चों को न केवल अकादमिक उत्कृष्टता बल्कि समग्र विकास के लिए भी तैयार करना चाहिए।



**वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए**

प्रदर्शनी में केशवपुरम जोन के स्कूलों ने विभिन्न वैज्ञानिक विषयों पर मॉडल प्रस्तुत किए। मेयर डॉ ओबेरॉय ने अपने वैज्ञानिक ज्ञान और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए शिक्षकों और छात्रों के प्रयासों की सराहना की। इस समारोह में विधायक राजेश गुप्ता, पार्षद चित्रा विद्यार्थी, पार्षद जलज चौधरी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## दिल्ली के निलंबित अधिकारी और पत्नी के खिलाफ दुष्कर्म मामले में पुलिस चार्जशीट दायर करेगी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। डब्ल्यूसीडी विभाग में उप निदेशक के पद पर कार्यरत दिलली के निलंबित अधिकारी प्रेमोदय खाखा द्वारा नाबालिग के यौन उत्पीड़न के मामले में दिल्ली पुलिस जल्द ही चार्जशीट दायर करेगी। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अपराध और फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला टीमों ने भी घर का निरीक्षण किया और कई सबूत एकत्र किए। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने सबूत एकत्र किए हैं। फोन जब्त कर लिए गए हैं और जल्द ही हम मामले से जुड़े आठ से 10 लोगों के बयान दर्ज करेंगे। फिलहाल उनके पास आरोपियों पर मुकदमा चलाने के लिए पर्याप्त सबूत हैं। प्रेमोदय खाखा पर नवंबर 2020 से जनवरी 2021 के बीच लड़की से बार-बार बलात्कार करने का आरोप है। मामले से परिचित सूत्रों ने खुलासा किया है कि पीड़िता, जो उस समय सिर्फ 14 साल की थी। उसके बारे में कहा जाता है कि उसे 31 अक्टूबर 2020 को नशीला पदार्थ दिया गया और फिर बाद में उसका बलात्कार किया गया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर कार्रवाई की और 13 अगस्त को भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) और पॉक्सो एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत कानूनी कार्यवाही शुरू की। नौ दिनों की जांच के बाद, कथित सरकारी अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी की पत्नी को भी गिरफ्तार किया है। पीड़िता अभी भी अस्पताल में भर्ती है और उसे हुए आघात के कारण उसकी हालत अस्थिर बताई जा रही है। सूत्रों ने कहा कि इस बात के सबूत हैं कि पीड़िता पर आरोपी व्यक्ति द्वारा और भी हमले किए गए होंगे।

**सार संक्षेप**

### ऑनलाइन एमबीए कोर्स में नामांकन की अंतिम तिथि 31 अगस्त

**नई दिल्ली।** पारुल यूनिवर्सिटी के ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम में प्रवेश की अंतिम तिथि 31 अगस्त घोषित की है। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाईट के ज़रिए दिए गए रजिस्ट्रेशन लिंक के माध्यम से अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा देते हुए पारुल यूनिवर्सिटी ने दो वर्षीय ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम की शुरूआत की, जिसे आसानी से वर्चुअल प्लेटफॉर्म के ज़रिए किया जा सकता हैं यह प्रोग्राम छात्रों को बिज़नेस शिक्षा एवं मैनेजमेन्ट में प्रशिक्षण देता है। इसका सोच-समझ कर डिज़ाइन किया गया पाठ्यक्रम बेहद प्रत्यास्थ और सुविधाजनक है, जो नेटवर्किंग से जुड़े हर पहलु पर रोशनी डालता है। इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए डॉ कुंजल सिन्हा, डायरेक्टर, सेंटर फॉर कन्टीन्युइंग एजुकेशन एण्ड ऑनलाईन लर्निंग, पारुल युनिवर्सिटी ने कहा की पारुल यूनिवर्सिटी में ऑनलाईन एमबीए प्रोग्राम बिज़नेस मैनेजमेन्ट की समृद्ध परम्पराओं को आगे बढ़ाने की पुष्टि करता है। यह प्रोग्राम छात्रों को आज के प्रतिस्पर्धी दौर में जरूरी जानकारी पाने, कनेक्शन बनाने और बिजनेस मैनेजमेन्ट से जुड़े हर पहलु को सीखने का अवसर देता है।

### अमेजन ने बिल भुगतान का स्मार्टर वे लॉन्च किया

**नई दिल्ली।** अमेजन ने अपने ब्रांड अमेजन पे के लिए नया कैम्पेन बिल पेमेंट्स का स्मार्टर वे लॉन्च किया है। इस कैम्पेन में बॉलीवुड स्टार आयुष्मान खुराना दिखाई देंगे। कंपनी के इस नए कैम्पेन में दिखाया जाएगा कि ग्राहक कैसे अपने सभी बिलों को स्मार्ट और आधुनिक तरीके से एक ही स्थान पर मैनेज कर सकते हैं। इसी के साथ ही यहां ग्राहकों को अपने बिलों के लिए रिमाइंडर की सुविधा भी मिलती है, जो उन्हें बिल पेमेंट में देरी के चलते फाइन और पैनल्टी से भी बचाने में भी मदद करता है। यहां ग्राहकों को अमेजन पे बैलेंस और अमेजन पे लेटर के साथ सुविधाजनक और सुपर-फास्ट 1-क्लिक बिल पेमेंट का अनुभव प्राप्त होता हैं। प्रोडक्ट के बारे में बात करते हुए, अनुराधा अग्रवाल, डायरेक्टर, यूजर ग्रोथ एवं सीएमओ, अमेजन पे इंडिया ने कहा कि बिल भुगतान का स्मार्ट वे, ग्राहकों के लिए रिचार्ज और बिल भुगतान अनुभव को सरल और आधुनिक बनाने का हमारा प्रयास है।

### भगवान झूलेलाल के चालीहा कार्यक्रम का 39वां दिन हुआ सम्पन्न

**नई दिल्ली।** सिंधी समाज दिल्ली द्वारा भगवान झूलेलाल के चालीहा कार्यक्रम का बुधवार को 39वां दिन भगवान झूलेलाल के भक्तो की उपस्तिथि में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर सिंधी समाज दिल्ली के महासचिव श्री नरेश बेलानी ने चंद्रयान-3 का चांद की भूमि पर सफलतापूर्वक उतारकर इसरो ने दुनिया में जो इतिहास रचा उस पर इसरो सहित भगवान झूलेलाल के भक्तो और देश वासियों को बधाई देते हुए कहा इसरो के वैज्ञानिको ने चंद्रयान-3 को कड़ी मेहनत और सूझ बुझ के साथ चंद्रयान-3 को सफलता पूर्वक सॉफ्ट लैंडिंग के माध्यम से उतारकर इतिहास रचा।

## एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए फाइनेंस संबंधी सॉल्यूशन 'उद्योग प्लस' लॉन्च

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। आदित्य बिड़ला कैपिटल की ऋण देने वाली सहायक कंपनी आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड एबीएफएल ने एमएसएमई के लिए एक इनोवेटिव वन-स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है। यह नया बी2बी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'उद्योग प्लस' दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते एमएसएमई क्षेत्र के लिए फाइनेंस संबंधी सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें फाइनेंसिंग, सुरक्षा, निवेश, सलाहकार और मूल्य वर्धित सेवाएं शामिल हैं। उद्योग प्लस के माध्यम से, एबीएफएल का लक्ष्य मध्यप्रदेश में एमएसएमई की तरक्की और विकास को सुविधाजनक बनाना है। इसके लिए उन्हें महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्रक्रिया अत्यंत आसान और पूरी तरह कागज रहित होगी। इस तरह एमएसएमई को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ऋण देने के परिदृश्य में वित्तीय समावेशन और डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया जा सके। आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड के एमडी और सीईओ राकेश सिंह ने कहा की हम दिल्ली-एनसीआर में अपने एमएसएमई ग्राहकों के लिए उद्योग प्लस पेश करने को लेकर बहुत उत्साहित हैं। हमारा मानना है कि उद्योग प्लस उन्हें सफलता के नए मुकाम हासिल करने के लिए सशक्त बनाएगा। दिल्ली-एनसीआर में 9 लाख से अधिक एमएसएमई कार्यरत हैं, जो बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। इस मंच के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एमएसएमई क्षेत्र में एबीएफएल की पकड़ को और मजबूत करना है। साथ ही, उन्हें उनके व्यावसायिक जीवन चक्र के दौरान सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करना और दिल्ली-एनसीआर की उद्यमशीलता की भावना को प्रोत्साहित करना भी हमारा मकसद है।

## प्रगति मैदान में दिल्ली मशीन टूल एक्सपो 2023 की शुरुआत

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। दिल्ली के प्रगति मैदान में गुरूवार से दिल्ली मशीन टूल एक्सपो 2023 की शुरूआत हुई। उत्तर भारत के सबसे बड़े बी2बी मशीन टूल प्रदर्शनी का भारतीय मशीन टूल्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भरत भूषण ने उद्घाटन किया। उद्घाटन में भारतीय मशीन टूल मैनुफैक्चरर्स असोसिएशन आईएमटीएमए के अध्यक्ष रवि राघवन, उपाध्यक्ष राजेंद्र सी. राजमाणे और आईएमटीएमए के निदेशक महानिदेशक और सीईओ जीबाक दासगुप्ता उपस्थित थे। चार दिन की एक्सपो भारतीय मशीन टूल मैनुफैक्चरर्स द्वारा निर्मित नवाचारी कटिंग-एज तकनीकों का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच होगी। इंडिया और विदेशों से लगभग 250 प्रदर्शक डीएमटीएक्स 2023 में भाग ले रहे हैं, जो कि लगभग 12,000 वर्ग मीटर के प्रदर्शनी स्थल को अधिकृत कर रहे हैं। मेटल कटिंग और मेटल फॉर्मिंग के नवीनतम प्रवृत्तियों को स्वायत्तता और रोबोटिक्स, टूलिंग सिस्टम जैसे विषयों में प्रस्तुत किया जा रहा है। इस मौके पर बोलते हुए, रवि राघवन ने कहा की भारतीय विनिर्माण एक उल्लेखनीय परिवर्तन का सामना कर रहा है, और प्रगति स्पष्ट है। विनिर्माण क्षेत्र में उन्नतियों की गति ने विकास के लिए बड़े अवसरों के साथ तेजी से बढ़ दी है। ट्यूब टेक इक्विपमेंट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक भरत भूषण ने उद्योग की जीवनशक्ति में पुनरुत्थान की बात की, दिल्ली मशीन टूल एक्सपो एक अद्वितीय अवसर प्रस्तुत करता है जिससे क्षेत्र के व्यक्तियों और व्यापारों को उत्कृष्ट विनिर्माण की इस प्रदर्शनी में विचलित होने का मौका मिलता है। उद्योग ने त्वरितता से पैंडेमिक द्वारा उत्पन्न की गई चुनौतियों से पुनर्जीवन किया है, और वर्तमान में हम विनिर्माण क्षेत्र में एक पुनः गूंजदार बढ़ोतरी का साक्षी है।



## दिल्ली विश्वविद्यालय में चार वर्षों बाद होने जा रहा है 'छात्र संघ चुनाव'

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रसंघ चुनाव की तिथियों की घोषणा कर दी है। दिल्ली विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि 12 सितंबर नामांकन की अंतिम तिथि एवं 22 सितंबर को चुनाव की तिथि के रूप में घोषित किया गया है। इससे पहले विश्वविद्यालय में छात्रसंघ चुनाव वर्ष 2019 में करवाए गए थे। कोरोना महामारी के कारण लंबे समय तक शिक्षण संस्थान बंद रहे। अधिकतर क्लास ऑनलाइन माध्यमों से ही ली गई। यही कारण है कि वर्ष 2019 के उपरांत अब 2023 में छात्र संघ चुनाव होने जा रहे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि मतदान 22 सितंबर को होगा। लेकिन, अभी मतगणना और चुनाव नतीजे घोषित करने की तारीख घोषित नहीं की गई है।



इसके साथ ही चुनाव तिथियों की अधिसूचना जारी होते ही दिल्ली विश्वविद्यालय में आचार संहिता भी लागू हो गई है। विश्वविद्यालय का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव में लिंगदोह कमेटी व सुप्रीम कोर्ट की सिफारिशों का पालन सुनिश्चित करवाया जाएगा। छात्रसंघ चुनावों की घोषणा होने के उपरांत दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न छात्र संगठनों ने भी अपनी तैयारियां शुरू कर दी हैं। चुनावों को लेकर सभी छात्र संगठन अपनी-अपनी रणनीति बना रहे हैं। दिल्ली विश्वविद्यालय के मुताबिक छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन पत्र 12 सितंबर दोपहर 3 बजे तक जमा कराए जाने हैं। नामांकन दर्ज कराने के बाद उसी दिन नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी की जाएगी। स्क्रूटनी में जिन उम्मीदवारों का नॉमिनेशन सही पाया जाएगा वह उम्मीदवार चुनाव लड़ सकेंगे। उम्मीदवार अपना नाम 13 सितंबर दोपहर 12 बजे तक वापस ले सकते हैं। फाइनल उम्मीदवारों की अंतिम सूची 13 सितंबर शाम 5 बजे जारी की जाएगी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद समेत विभिन्न छात्र संगठनों व छात्रों ने इसे बहुप्रतीक्षित फैसला बताया। विद्यार्थी परिषद का कहना है कि वे इसका सम्पूर्ण छात्र समुदाय की ओर से स्वागत करते हैं एवं समस्त छात्र समुदाय को शुभकामनाएं प्रेषित करते हैं।

## अंतराराष्ट्रीय स्कूली शिक्षा की चुनौतियां और अवसर पर चर्चा का आयोजन

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। अंतराराष्ट्रीय स्कूली शिक्षा की चुनौतियां और अवसर पर चर्चा के लिए दिल्ली में एक चर्चा का आयोजन किया। जिसमें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर विख्यात जाने-माने अकादमिक संस्थान श्‍रूस्बरी स्कूल ने भारत में अपने पहले परिसर के लॉन्च की घोषणा के साथ विश्वस्तरीय शिक्षा को बढ़ावा देने की अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक मजबूत बना लिया है। यह परिसर मध्य प्रदेश के भोपाल की आकर्षक लोकेशन पर स्थित है, जो यूके परिसर की तरह यहां भी भारत एवं दुनिया भर के छात्रों को शिक्षा का रोचक माहौल प्रदान करेगा। भारत में इस प्रतिष्ठित स्कूल की स्थापना के लिए 25 साल पुराने संगठन जागरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी ने श्‍रूस्बरी यूके साथ साझेदारी की है।

श्रूस्बरी स्कूल यूके की स्थापना 1552 में रॉयल चार्टर, एडवर्ड 6 के द्वारा की गई थी, 470 सालों के दौरान इस स्कूल ने इंग्लैंड के सर्वश्रेष्ठ पब्लिक स्कूलों में से एक के रूप में अपनी ख्याति को बनाए रखा है। यूके एवं भारतीय शिक्षा प्रणाली के सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं के संयोजन द्वारा स्कूल का पाठ्यक्रम सभी छात्रों को विविध एवं बेजोड़ अनुभव प्रदान करेगा। स्कूल के लॉन्च के मौके पर दिल्ली में मीट एण्ड ग्रीट सैशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रूस्बरी स्कूल, यूके के गवर्निंग चेयरपर्सन टिम हेनेस, भारत में श्रूस्बरी स्कूल के प्रोमोटर्स जागरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से हरी मोहन गुप्ता और अभिषेक मोहन गुप्ता, श्रूस्बरी स्कूल, यूके के डायरेक्टर इंटरनेशन डेवलपमेन्ट डॉ. मघिन तमिलारसन ने एक पैनल चर्चा के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। चर्चा का विषय था, विश्वस्तरीय नागरिकों को तैयार करना, अंतराराष्ट्रीय स्कूली शिक्षा की चुनौतियां और अवसर'।

## जी 20 समिट : 60 डीसीपी संभालेंगे दिल्ली में सुरक्षा की कमान

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। जी 20 समिट के दौरान दिल्ली की सुरक्षा 60 डीसीपी संभालेंगे। बृहस्पतिवार को दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पुलिस आयुक्त के साथ जी-20 शिखर सम्मेलन को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें दिल्ली पुलिस की तैयारियों पर चर्चा हुई।

इस बैठक में स्पेशल सीपी (जी-20), स्पेशल सीपी (ट्रैफिक) और सभी जिला डीसीपी मौजूद रहे। इस बैठक में उपराज्यपाल ने कहा कि यह सम्मेलन दिल्ली पुलिस और उसके कर्मियों के लिए दिल्ली में 40 राष्ट्राध्यक्षों/शासनाध्यक्षों की यात्रा को संभालने में अपनी दक्षता दिखाने का अवसर है। इस दौरान बेहतर सुरक्षा व्यवस्था देते हुए किसी को कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

- उपराज्यपाल ने दिल्ली पुलिस के साथ की समीक्षा बैठक, कहा विश्व स्तर की क्षमता दिखाने का समय
- डीसीपी को सौंपे गए विशिष्ट कार्य, देंगे बेहतर सुरक्षा

बैठक में अधिकारियों ने बताया कि सम्मेलन से संबंधित विशिष्ट कार्यों की देखरेख और प्रबंधन के लिए 60 डीसीपी का मसौदा तैयार किया गया है, जिसमें शिखर सम्मेलन स्थल, आईजीआई हवाई अड्डे, नामित होटलों, दौरा करने वाले प्रतिनिधिमंडल की यात्राओं के लिए नामित स्थलों और यातायात मार्गों के आसपास सुरक्षा शामिल है। एक-एक डीसीपी को प्रतिनिधियों के आवास वाले सभी होटलों, उन स्थानों जहां बैठकें आयोजित की जाएंगी, और उन स्थानों की जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। डीसीपी को इस्तेमाल होने वाले मार्गों का भी प्रभारी बनाया गया है।



### दिए गए निर्देश

- महिलाओं और अन्य कमजोर समूहों की सुरक्षा
- प्रतिनिधियों, पर्यटकों और आम जनता के साथ सौहार्दपूर्ण व्यवहार
- गैरकानूनी सभाओं की रोकथाम के लिए निरंतर निगरानी
- सभी सीमाओं को सील करना
- कुख्यात तत्वों को चेतावनी और नियंत्रण में रखना
- अफवाह फैलाने वाले और भड़काऊ पोस्ट को रोकना
- अपराध नियंत्रण में रखना
- क्यूआरटी/कमांडो इकाइयों और विशेष वाहनों के साथ स्ट्राइक फोर्सेज

### जल-जमाव से निपटने के लिए आकस्मिक योजना तैयार

जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान भारी वर्षा की स्थिति से निपटने के लिए चिन्हित स्थानों पर एक विस्तृत आकस्मिक योजना बनाई गई है। बुधवार देर रात उपराज्यपाल ने चयनित जगहों का दौरा किया। सक्सेना ने भैरों मार्ग पर प्रगति मैदान गेट नंबर 5 से राजघाट तक पूरे रास्ते का दौरा किया और बाढ़ को रोकने के लिए व्यवस्थाओं के कामकाज की समीक्षा की। इससे पूर्व उन्होंने आईटीपीओ, राजघाट, प्रतिनिधियों के लिए नामित होटलों और अन्य रणनीतिक स्थानों के आसपास भारी जलभराव से निपटने के लिए एक आकस्मिक योजना बनाने का निर्देश दिया था। इस योजना में आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त पानी को साफ करने के लिए ट्रैक्टर पर लगे 50 एचपी के हेवी ड्यूटी पंप लगाना शामिल है। यह मैकेनिकल रोड स्वीपिंग (एमआरएस) वाहनों के अतिरिक्त है, जिसमें सड़कों के किनारे जमा कीचड़/गाद को साफ करने के लिए भारी जल जेटिंग मशीनें और बंद नालियों और सीवर लाइनों को साफ करने के लिए एक सुपर सकर भी लगाया जाता है।

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

**ई-टेंडरिंग द्वारा निविदा आमंत्रण (ई-प्रोक्योरमेंट प्रणाली)**

| | |
|---|---|
| क्र. 1 निविदा सूचना संख्या | 32-W-BR-31-NDLS-GZB Date 22.08.2023 |
| कार्य का नाम व स्थान | सहायक अधि. पुल लाइन/तिलक ब्रिज के क्षेत्राधिकार में नई दिल्ली ग़ाज़िआबाद खंड के पुल संख्या 31 (12X 45.7) के स्पैन नंबर 3 और 4 स्ट्रिंगर का प्रतिस्थापन व स्पैन नंबर 3 से 12 के शीर्ष सितारे ब्रेसिंग एवं जीर्णशीर्ण एवं छिद्रित सदस्यों/स्पैन संख्या के हिस्सों को मजबूत करना तथा स्पैन नंबर 1 से 12 जंग लगे/सिर खाये हुए रिवेट्स के प्रतिस्थापन और एक्स-गर्डर के साथ शीर्ष बूम के अंत स्पष्ट कनेक्शन के प्रतिस्थापन और धातुकरण का कार्य। |
| कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 64811594.52 |
| धरोहर राशि | ₹ 474100/- |
| कार्य पूर्ण करने की अवधि | 08 (आठ) महीने |
| निविदा जमा करने व खुलने का समय | दिनांक: 15.09.2023 को 15.00 बजे तक तथा इसी दिनांक में निविदा खुलने का समय 15.00 बजे के पश्चात। |

नोट:- उपरोक्त निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है जहां से विवरण निविदा व्याख्या को देख व डाउनलोड किया जा सकता है। 2615/23

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

G20 **उत्तर रेलवे** आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-निविदा सूचना**

वरिष्ठ मंडल वि. अभि./क. वि., डी.आर.एम. ऑफिस, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली निविदाये आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम व स्थान | डीएलटी वाशिंग लाइन नंबर के विद्युतीकरण के लिए 25 केवी एसी ओएचई की डिजाइन, आपूर्ति, निर्माण, परीक्षण और कमीशनिंग। 1 और 2 और राजधानी वाशिंग लाइन नं। 11 और 12 नई दिल्ली यार्ड में "मिशन रफ्तार परियोजना" के तहत। |
| 2 | अनुमानित लागत | Rs. 84,49,001.40/- |
| 3 | बयाना राशि | Rs. 1,69,000/- |
| 4 | ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अवधि | 04.09.2023 (10:30 बजे) से 18.09.2023 (15:00 बजे तक) |
| 5 | ई-निविदा समापन की अंतिम तथा ई-निविदा खुलने की तारीख और समय | 18.09.2023 (15.00 बजे) |
| 6 | निविदा छपाई की लागत | 43424103 |
| 7 | वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in |

निविदा संख्या: 09 A-क.वि.-नई दिल्ली-2023-24 दिनांक : 23.08.2023 2614/2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# कैपिटल ज़ोन

उवाच

उन वस्तुओं या नशीले प्रदार्थों से दूर रहे जो शरीर को नुकसान पहुंचाते है। जब हम जीवन जीने की सुचारू पद्धती से हट जाते है तो बुराइयों को अपनाते है। हमारे शारीरिक व मानसिक स्थिती दोनों को नुकसान पहुंचाती है। व्यायाम के महत्व को बताते हुए सिंह ने कहा कि जो निंरतर व्यायाम करते है वो कभी भी नशे के वस्तुओं के उपयोग के बारे में विचार नहीं करते है।

**आरबी सिंह, डीसीपी**

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 84 लोग गिरफ्तार

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा में अब तक सबसे बड़े फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ करते हुए 84 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग अमेरीकी नागरिको के साथ ठगी करते थे। उनके सोशल सिक्योरिटी नंबर से उनके आपराधिक गतिविधियों में लिप्त होने का डर दिखाकर गिफ्ट कार्ड और क्रिप्टो करेंसी के जरिए ठगी करते थे।

- **अमेरिकी नागरिकों के साथ करते थे ठगी**
- **46 युवक और 38 युवतियां शामिल**





**डार्क वैब से अमिरिकी नागरिकों का लेते थे डाटा**

ये लोग VICIDIAL सॉफ्टवेयर और एक्सलाईट/ EYEBEAM डायलर का प्रयोग करके आईवीआर के माध्यम से इनके द्वारा डार्क वैब से अमेरिकी व्यक्तियों का डाटा लिया जाता था। इसके बाद इन नंबरों पर सिक्योरिटी एडमिनिस्ट्रेशन डिपार्टमेंट ऑफ यूएस से अपने आप को बताकर एक वाइस मैसेज भेजा जाता है। इस मैसेज में अमरिकी व्यक्तियों के सोशल सिक्योरिटी नंबर से संबंधित आपराधिक गतिविधियों में उनके लिप्त होने का कारण बताते हुए उनका एकाउंट सीज किया जा रहा है बताया जाता था।

**हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करते ही सुनाई देती थी लंबी चौड़ी स्क्रिप्ट**

वाइस मैसेज में दिए गए हेल्प लाइन पंबर पर जब अमेरिकी नागरिकों द्वारा कालिंग की जाती थी। ये कॉल भी कंप्यूटराइज होती थी। जिसमें प्रेस वन आदि का आप्शन दिया जाता था। वन टाइप होते ही उनका कॉल VICIDIAL पर लैंड होता है। फिर ये XLITE साफ्टवेयर का प्रयोग करके अमेरिकी नागरिको को एक लंबी चौड़ी स्क्रिप्ट कंप्यूटर के माध्यम से सुनाई देती थी। ये पूरी स्क्रिप्ट अमेरिकी नागरिक को डराने के लिए होती थी।

जिसमें अंत में कॉल ट्रांसफर होने के बाद यूएस मार्शल द्वारा अमेरिकी नागरिक को बोला जाता है आपका बैक एकाउंट सीज किया जा रहा है। अगर आपको पैसा सैव करना है तो आपको पैसा अकाउंट से निकालना पड़ेगा। ये पैसा आपको क्रिप्टो करेंसी या गिफ्ट कार्ड में कनवर्ट कराना होगा। अगर अमेरिकी नागरिक क्रिपटों करेंसी खरीदना चाहता है तो उसको बार कोड दिया जाता है। जिसके जरिए उसके एकाउंट का पैसा आरोपियों के खाते में ट्रांसफर हो जाता था। और यदि कॉलर द्वारा पैसों को गिफ्ट कार्ड में कंवर्ट करते है जो कॉलर से गिफ्ट कार्ड का नंबर लेकर उसे इंटरनेट के माध्यम से उसे करेंसी में बदलकर एकाउंट में ट्रांसफर करते थे।

**20 से 25 हजार रुपए होती थी सैलरी**

यहां काम करने वाले सभी आरोपी इसमें शामिल है। इनको 20 से 25 हजार रुपए सैलरी दी जाती थी। ये सैलरी इनके खातों में ट्रांसफर नहीं करके इनको कैश दी जाती थी। एडीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि इस मामलें में हवाला कारोबार से इनकार नहीं किया जा सकता है। इसकी जांच की जा रही है। वहीं इनके पर्सल खातों की जांच की जा रही है।

## बात करने के तरीके की वजह से नार्थ ईस्ट के लोगों को देते थे नौकरी

पकड़े गए 90 प्रतिशत लोग नार्थ इस्ट के है। इसकी एक बड़ी वजह इनके बोलने का तरीका। इनकी इंग्लिश और बात करने का तरीका काफी हद तक अमीरीका लैंग्वेज की तरह है। जिससे ये आसानी से सामने वाले को अपनी बातों में उलझाकर उनको क्रिप्टो बार कोड या गिफ्ट कार्ड बेच देते थे। ये लोग बियर टू बियर लोगों को हायर करते थे। यानी एक नार्थ ईस्ट का अपने साथ दो नार्थ ईस्ट के दोस्त को लेकर आता था। इसी तरह ये दोनों फिर अपने दोस्तों को ज्वाइंन कराते थे।

**150 कंप्यूटर सेट के अलावा सर्वर बरामद**

इसमें 46 युवक और 38 युवतियां शामिल है। इन सभी से पूछताछ की जा रही है। इनके अधिकांश टारगेट विदेशी लोग थे। जिनसे करोड़ों की ठगी की गई। अब तक कई करोड़ की ठगी बात कबूली जा चुकी है। इनके पास से 150 कंप्यूटर सेट, 13 मोबाइल, 1 बड़ा सर्वर, 20 लाख कैश, 42 प्रिंटर और 1 लक्जरी कार बरामद की गई है। पुलिस ने 420, 120 B और 66 IT एक्ट मुकदमा दर्ज किया है। ये विदेशी नागरिकों से लाखों रुपए प्रतिदिन की धोखाधड़ी किया करते थे।

# नोएडा में फ्लॉप हो गई ई-साइकिल योजना

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कार्बन रेडिएशन को कम करने के लिए नोएडा प्राधिकरण की ई-साइकिल परियोजना फ्लाप हो गई है। अब नोएडा ट्रैफिक सेल (एनटीसी) की ओर से ई साइकिल संचालन टर्बन मोबिलिटी कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने का पहला नोटिस जारी कर दिया गया है, क्योंकि कंपनी प्राधिकरण की उम्मीदों पर खरी नहीं उतरी। हालत यह है कि डाक स्टेशन पर लगे गेट पर ताले जड़े हुए हैं।

बता दें कि नोएडा प्राधिकरण की यह परियोजना तत्कालीन सीईओ रितु माहेश्वरी को महत्वाकांक्षी परियोजना में शामिल थी, जिसे परवान चढ़ने में चार वर्ष का समय लग गया। लांच होने के चार महीने में परियोजना धड़ाम हो गई। बता दे सिटी बस संचालन की जिम्मेदारी भी इसी कंपनी मिलनी थी। कंपनी ने एलवन टेंडर भी हासिल कर लिया था, लेकिन शिकायत के बाद सिटी बस संचालन का टेंडर अलाटमेंट रोक दिया। क्योंकि शिकायत हुई थी कि जो कंपनी चार वर्ष से ई साइकिल नहीं चला सकी, वह सिटी बस कैसे चलाएगी।

यह सबकुछ जानकर भी तत्कालीन प्राधिकरण सीईओ ने स्वयं 17 अप्रैल को नोएडा प्राधिकरण स्थापना दिवस पर दो फेज में ई साइकिल संचालन की जिम्मेदारी कंपनी को सौंप दी। जिसमें चार माह में कंपनी को प्रथम फेज का सौ प्रतिशत संचालन 31 डाक स्टेशन पर शुरू करना था, लेकिन वह पूरा करने में असफल रही। मियाद 16 अगस्त को पूरी हो गई। अभी सिर्फ 27 डाक स्टेशन पर ई साइकिल संचालन का दावा किया जा रहा है। इसी दौरान कंपनी प्रबंधन ने एनटीसी अधिकारियों से सांठगांठ कर दूसरे फेज का काम भी ले लिया। जिसमें 31 और डाक स्टेशन पर ई साइकिल संचालन करना था।

- **टर्बन मोबिलिटी कंपनी को मिल रही थी सिटी बस संचालन की जिम्मेदारी**
- **अब कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने के लिए जारी किया गया नोटिस**

इसकी जिसकी मियाद अक्टूबर में पूरी होगी, लेकिन कंपनी ने पिछले दो माह में दूसरे फेज का काम तक शुरू नहीं किया। ऐसे में अब कंपनी को ब्लैक लिस्ट करने की तैयारी हो चुकी है। कंपनी को एक नोटिस जारी किया जा चुका हे। जल्द ही दूसरा नोटिस जारी किया जाएगा।

## सार संक्षेप

### चंद्रयान 3 की सफलता प्रत्येक भारतीय की सामूहिक सफलता : पाराशर



**नोएडा।** लाइफ केरी ऑन के अध्यक्ष, वरिष्ठ पत्रकार व क्रिएटिव फिल्म डायरेक्टर डॉ. सुनील पाराशर ने इसरो के वैज्ञानिकों, अंतरिक्ष इंजीनियर, शोधकर्ताओं अध्यक्ष डॉ. एस. सोमनाथ, डॉ. एस. उन्नीकृष्णन नायर, निदेशक, निदेशक एम. शंकरन, सैटेलाइट सेंटर यू आर राव, और डॉ. ऋतु के साथ पूरी इसरो टीम को चंद्रयान 3 की सफलता की बधाई दी है उन्होंने कहा कि सफलता प्रत्येक भारतीय की सामूहिक सफलता है। इस खूबसूरत पल का हम सब हिस्सा बने यह हम सभी के लिए गर्व की बात है। छह दशक पुराने इस अंतरिक्ष कार्यक्रम में आज 140 करोड़ भारतीयों ने एक और उपलब्धि देखी। इसरो की पूरी टीम वो कर दिखाया जिसे देखकर पूरी दुनिया भारत के आगे नतमस्तक हो गई है इसे बनाने में शामिल सभी लोगों के जुनून, कड़ी मेहनत और समर्पण को हम सलाम करते हैं. भारत चंद्रमा पर सफलतापूर्वक यान लैंड करने वाला चौथा देश बन गया है। चांद के दक्षिणी ध्रुव पर स्पेसक्राफ्ट उतारने वाला भारत पहला देश है।

### छेड़खानी का विरोध करने पर युवती से की मारपीट

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 क्षेत्र के सेक्टर-62 स्थित हेल्थ केयर सेंटर में काम करने वाली युवती से युवक ने रास्ते में छेड़खानी की। युवती ने विरोध किया तो उसने उसके साथ मारपीट की। युवती के दोस्तों ने उसे बचाया। इसके बाद आरोपी धमकी देकर भाग गया। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। युवती ने बताया कि वह सेक्टर-62 स्थित एक हेल्थ केयर सेंटर में काम करती है। वह 23 अगस्त की शाम को अपने दोस्तों के साथ अपने कार्यालय से काम खत्म करके घर जा रही थी। इसी दौरान स्टेलर आईटी पार्क के पास से अचानक अल्तमश आलम का युवक वहां पर आया और उसने उसका हाथ पकड़ लिया। इसके बाद वह उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी ने उसके साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। उसके दोस्तों ने किसी तरह से उसको आरोपी से बचाया। बताया जा रहा है कि आरोपी पहले से युवती को जानता है। इस संबंध में पुलिस का कहना है कि युवती की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस की टीम आरोपी की तलाश में जुटी हैं।

### नकदी, जूलरी सहित अन्य सामान चोरी

**नोएडा।** सेक्टर 37 में रहने वाले एक दंपति को बिजली जाने पर घर का दरवाजा खोल कर सोना खासा महंगा पड़ा। घर का दरवाजा खुला देखकर चोर घर से 35 हजार रुपए, जूलरी ,3 मोबाइल फोन व अन्य सामान चोरी कर ले गए। पीड़ित ने थाना सेक्टर 39 पुलिस से शिकायत चोरी की शिकायत की है। सेक्टर-37 निवासी एसडी जयप्रकाश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 17 अगस्त की रात बिजली न आने के कारण उन्होंने घर का मुख्य दरवाजा बंद नहीं किया। सभी परिजन दरवाजा खोलकर सो गए। अगले दिन सुबह जब सोकर उठे तो उन्हें घर का सामान अस्त-व्यस्त मिला। उनके घर से 35 हजार रुपए की नकदी, तीन मोबाइल फोन, चांदी की पाजेब, हाथ फूल व अन्य सामान गायब मिला। उन्होंने इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस ने जांच पड़ताल की।

# रालोद नेताओं ने दिया धरनारत लोगों को समर्थन

**गाजियाबाद,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। मोदीनगर में शत्रु संपत्ति घोषित क्षेत्र में बने हजारों मकान के ध्वस्ति करण के मामले को लेकर तहसील पर पिछले काफी दोनों से प्रभावित निवासियों के चल रहे धरने को राष्ट्रीय लोक दल के सभी साथियों ने आज दोपहर तहसील में पहुंचकर पार्टी की तरफ से अपना समर्थन दिया और प्रभावित लोगों की मदद करने का संकल्प लिया। धरने की अध्यक्षता वीर सिंह ने व संचालन राहुल गुर्जर ने किया और शत्रु संपत्ति संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष बबली गुर्जर की मौजूदगी में रणबीर दहिया व चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि सरकार पीड़ितों को दबाने की कोशिश न करें अन्यथा नतीजा अच्छा नहीं होगा किसी भी सूरत में 25, 30 हजार लोगों के मकान है इनको शत्रु संपत्ति से तुरंत मुक्त किया जाए इस अवसर पर धरने को समर्थन देने वालों में मुख्यत: चौधरी तेजपाल सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, अमरजीत सिंह बिड्डी प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता उत्तर प्रदेश, वरिष्ठ नेता रणबीर दहिया, अध्यक्ष अमित त्यागी सरना, बिट्टू खंजरपुर, विनोद गौतम, ललित सैन, देवेंद्र पतला, जयदीप पतला, अजीत सिंह, अरुण दहिया, ओडी त्यागी वीर सिंह सलेमाबाद आदि वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# किसानों ने बनाया नया संगठन व संविधान

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय किसान परिषद से अलग होने की घोषणा के बाद गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन (मंच) के नाम से नया संगठन बनाने का ऐलान किया गया। साथ ही संगठन के संविधान की भी घोषणा की गई। इस मौके पर कार्यकारणी का गठन भी किया गया। इसमें सुधीर चौहान को संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रवक्ता का दायित्व दिया गया। गौतम लोहिया संगठन के राष्ट्रीय महासचिव होंगे। उनके साथ-साथ प्रमोद त्यागी, विक्रम यादव वरिष्ठ उपाध्यक्ष, सुरेश त्यागी उपाध्यक्ष, रविंद्र हसराना, मास्टर ओम प्रकाश, दयाचंद सचिव, देवेंद्र यादव सह सचिव, फूल कुमार उपसचिव, राजवीर चौहान कोषाध्यक्ष, वीर सिंह मास्टर, मुनेश प्रधान सैनी, रवि चेची, संगठन मंत्री, राष्ट्रीय अशोक चौहान मीडिया प्रभारी, पूर्व बार एसोसिएशन अध्यक्ष सुनील भाटी को विधि प्रकोष्ठ का कार्यभार सौंपा गया।

इसके साथ ही तीन और विंग का ऐलान किया गया। जिसमें आशीष चौहान को यूथ विंग का राष्ट्रीय अध्यक्ष, रिंकू यादव को राष्ट्रीय महासचिव मनोनीत किया गया। महिला विंग में कुसुम चौहान को प्रवक्ता व अध्यक्ष, उषा प्रधान को महासचिव मनोनीत किया गया। अप्रवासी प्रकोष्ठ में परविंदर सिंह को अध्यक्ष , सोहन सिंह को महासचिव, संजीव चौहान संगठन मंत्री, सतेंद्र गुर्जर को सह संगठन मंत्री नियुक्त किया गया।



- **भारतीय किसान यूनियन (मंच) दिया नाम, कार्यकारणी की हुई घोषणा**

भारतीय किसान यूनियन (मंच) ने अपने आप को पहले पूर्ण लोकतांत्रिक संगठन होने का भी दावा किया। जिसमें अध्यक्ष पद के लिए हर 2 वर्ष में चुनाव होगा और लगातार दो बार अध्यक्ष बनने के पश्चात तीसरी बार 2 साल का कूलिंग पीरियड रहेगा। आगे की रणनीति के तहत सभी गांव में एक अध्यक्ष व महासचिव और ग्राम लेवल की कमेटी बनाई जाएगी। भारतीय किसान यूनियन मंच जल्द ही अपना एक केंद्रीय कार्यालय बनाएगा। जिसमें किसानों के लिए प्रार्थना पत्र लिखने फोटोकॉपी आदि की व्यवस्था की जाएगी। नोएडा प्राधिकरण व विभिन्न संस्थानों में प्रयोग में आए जाने वाले फार्म इत्यादि भी कार्यालय में उपलब्ध होंगे। संगठन को पूर्णता व्यवस्थित पारदर्शी और आधुनिक संसाधनों के साथ चलाया जाएगा।

# एनसीआर में घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**गाजियाबाद,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। स्वाट टीम ट्रांस हिंडन व थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने एनसीआर में घरों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस गिरोह के दो सदस्यों व चोरी का सामान खरीदने वाले दो सुनारों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से 270 ग्राम पीली धातु, 626 ग्राम सफेद धातु, 3 मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त एक हुंडई कार बरामद हुई है। डीसीपी ट्रांस हिंडन शुभम पटेल ने बताया कि थाना शालीमार गार्डन पर ललित मोहन कौशिक निवासी विक्रम एन्क्लेव थाना शीलमार गार्डन में लिखित तहरीर के आधार पर अज्ञात चोर द्वारा वादी के घर से आभूषण, रुपए चोरी के करने के सम्बन्ध में सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया। घटना का तत्काल संज्ञान लेते हुए घटना के अनावरण हेतु टीमों का गठन कर सर्विलांस, सीसीटीवी कैमरो व स्वाट टीम ट्रांस हिंडन व थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम ने चेंकिग के दौरान राजेन्द्रनगर वजीराबाद रोड से चोरी किये गये सामान सहित दो चोरों को गिरफ्तार किया गया। उनकी निशादेही पर चोरी का सामान खरीदने वाले दो सुनार को भी गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण द्वारा पूछताछ में बताया कि दो साथी सलमान व शहनवाज के साथ मिलकर फ्लैटों के अन्दर घुसकर घरों का ताला तोड़कर सोने व चांदी के जेवरात चोरी करते है तथा आपस मे इसे गलाकर आपस में बांट लेते है। अभियुक्तगण शहनवाज व सलमान फरार है, जिनकी गिरफ्तारी/माल बरामदगी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

- **दो शातिर चोर व उनसे समान खरीदने वाले सुनार गिरफ्तार**



# बकाया राशि में विलंब राशि का समायोजन कर रेरा ने दिलाया कब्जा

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। उप्र. रेरा कंसिलिएशन फोरम ने एटीएस एलयोर परियोजना में देरी होने पर एक आंवटी को कब्जा मिलने में हुई देरी के लिए ब्याज सहित उनकी दोनों इकाइयों का कब्जा दिलाया। दोनों पक्षों के मध्य हुए समझौते के अनुसार आवंटी को तय तिथि से 6 वर्ष बाद इकाई का कब्जा मिला। कब्जे में विलम्ब के कारण प्राप्त होने वाली ब्याज की राशि का समायोजन प्रोमोटर की अंतिम बकाया राशि में कराया गया। ये लगभग 5 लाख रुपए है। कब्जा हेतु आवंटी को शेष बकाया राशि, मात्र रुपए 56 हजार का भुगतान करना पड़ा।

'एग्रीमेन्ट फॉर सेल' के अनुसार आवंटी ने प्रोमोटर की परियोजना में अक्टूबर 2013 में दो इकाई बुक की थी। लगभग 45 लाख की लागत वाले दोनों इकाइयों के लिए आवंटी ने शत प्रतिशत भुगतान कर दिया था। जिसका कब्जा मार्च 2017 में प्राप्त होना था। लेकिन तय समय तक इकाई का कब्जा न मिलने, अंतिम मांग राशि तथा विलंबित अवधि के ब्याज का समाधान न प्राप्त होने पर आवंटी ने 2022 में उप्र रेरा में शिकायत दर्ज करके कन्सिलीएशन फोरम के माध्यम से समाधान की मांग की थी।

कंसिलिएशन फोरम ने शुल्कों की गणना करते हुए आवंटी की मांग के अनुसार प्रोमोटर को प्रस्ताव प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। प्रोमोटर से प्राप्त प्रस्ताव का आवंटी ने अवलोकन कर अपनी सहमति दी थी। जिसके उपरान्त दोनों पक्षों ने समझौता कर विवाद समाप्त कर लिया और समझौते की एक प्रति क्षेत्रीय कार्यालय, उ.प्र. रेरा में जमा करवा दी।

# एंटी कैंसर समेत 20 दवाइयों की खेप जब्त

- **अवैध रूप से भेजी जानी थी नाइजीरिया, एक गिरफ्तार, 8 लाख रुपए की है दवाएं**

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। औषधि विभाग और सेक्टर बीटा दो कोतवाली पुलिस ने नाइजीरियाई युवक से 20 दवाइयों की खेप जब्त की है। जिसकी कीमत 8 लाख रुपए है। एंटी कैंसर और ब्लड बढ़ाने वाली समेत अन्य दवाएं अवैध रूप से नाइजीरिया भेजी जा रही थीं। विभाग ने चार दवाइयों के नमूने जांच के लिए भेज दिए हैं। साथ ही दवा उपलब्ध कराने वाली दिल्ली की फर्म को नोटिस जारी किया है। युवक के पास केवल 8 लाख रुपए का बिल मिला है।

ड्रग इंस्पेक्टर वैभव बब्बर ने बताया कि गोपनीय सूचना पर ग्रेटर नोएडा में रह रहे नाइजीरियाई नागरिक व्यक्ति की जांच की। उसके पास से 20 तरह की दवाएं मिलीं। उसने बताया कि दिल्ली के भागीरथ पैलेस की एक फर्म से यह दवा खरीदी है। सभी दवाएं जब्त कर ली गई हैं। व्यक्ति ने दवाओं का बिल दिखाया। ये पांच मरीजों के नाम से खरीदी गई हैं, लेकिन इन मरीजों के लिहाज से दवा की मात्रा काफी अधिक है। दवाएं गुरुवार को नाइजीरिया ले जाई जानी थी, जबकि इतनी दवा एक्सपोर्ट के माध्यम से जाती है। इतनी ज्यादा मात्रा की दवा विदेश ले जाने के लिए अनुमति जरूरी है।

उन्होंने बताया कि दवाओं की गुणवत्ता के लिए नमूनों की जांच जरूरी है। जांच रिपोर्ट आने के बाद ही सही स्थिति पता चल सकेगी। वहीं, इतनी ज्यादा दवा खरीद के बारे में संबंधित फर्म से भी पूछताछ होगी।

बिल का सत्यापन किया जाएगा। बिल का सत्यापन और दवाओं की जांच रिपोर्ट में गड़बड़ी मिलने पर नाइजीरियाई व्यक्ति पर एफआईआर सहित अन्य कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अफसरों ने बताया कि जब्त की गई दवाइयों में से कुछ को माइनस दो डिग्री तापमान में रखना जरूरी है, लेकिन दवाइयों को आइसपैक में नहीं रखा गया था। जिससे वो खराब हो सकती हैं।

# कनारसी गांव में नेपाली युवक की हत्या का आरोपी गिरफ्तार

**दनकौर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के कनारसी गांव में करीब डेढ़ वर्ष पहले बच्चा चोर की आशंका में एक नेपाली युवक की ग्रामीणों द्वारा पीट पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस द्वारा इस मामले में दो आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है जबकि तीसरे आरोपी को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। ज्ञात हो कि विगत वर्ष 25 मार्च को नेपाल के रहने वाले युवक ननकू (25) को कनारसी गांव में बच्चा चोर होने की आशंका में ग्रामीणों ने पेड़ से बांधकर जमकर पिटाई की थी। घटना में युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया था।



मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के भाई पंचराम ने कनारसी गांव के नरेश, मनीष समेत अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ अपने भाई की हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में दो आरोपितों नरेश व बबली उर्फ देशी को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है जबकि तीसरे आरोपित मनीष निवासी कनारसी को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का कहना है कि अन्य आरोपियों को भी जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# एमिटी में नशा विरोधी जागरूकता अभियान चलाया गया

**नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। सेक्टर-125 स्थित एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इंडियन सिस्टम ऑफ मेडिसिन द्वारा 'नशा मुक्त भारत अभियान' के अंर्तगत गुरुवार को 'नशा विरोधी जागरूकता अभियान' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में गौतमबुद्ध नगर के साइबर क्राइम एवं एंटी नारकोटिक्स के डीसीपी आर बी सिंह, शांती होम एडवांस डिएडिक्शन, मेंटल हैल्थ क्लिनिक एंव साइकेट्रिक रिहेबिलिटेशन की मेडिकल निदेशक डॉ. रूपाली पी शिवालकर ने छात्रों को जानकारी प्रदान की।



- **एंटी नारकोटिक्स के डीसीपी ने छात्रों को नशीले पदार्थों से दूर रहने की दी सलाह**

डीसीपी आरबी सिंह ने कहा कि उन वस्तुओं या नशीले प्रदार्थों से दूर रहे जो शरीर को नुकसान पहुंचाते है। जब हम जीवन जीने की सुचारू पद्धती से हट जाते है तो बुराइयों को अपनाते है। हमारे शारीरिक व मानसिक स्थिती दोनों को नुकसान पहुंचाती है। व्यायाम के महत्व को बताते हुए सिंह ने कहा कि जो निंरतर व्यायाम करते है वो कभी भी नशे के वस्तुओं के उपयोग के बारे में विचार नहीं करते है। इसलिए व्यायाम सहित योग व प्राणायाम को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाये। धर्मो में भी कहा गया है जिस व्यक्ति का शरीर रोगी है व स्वंय व परिवार को दुखी रखता है। छात्रों को सलाह देते हुए कहा कि आप शरीर का ध्यान रखे, नशे से दूर रहे कभी भी दुखी नही होगें, शिक्षा का ध्यान रखे कभी फेल नही होगें और संबंधों का ध्यान रखे कभी भी संबंध खराब नही होंगे। गलत संगत में या दिखावे के लिए, किसी भी ऐसी वस्तुओं का उपयोग ना करे जो आपके भविष्य को बरबाद करे।

उवाच “

दनकौर के समीप कौशल विकास केंद्र भवन बनाने का आदेश जारी हो गया है। 26 तारीख को जगनपुर गांव का स्मार्ट विलेज के तहत कार्य शुरू होगा। भट्टा पारसौल गांव में भी लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। सोमवार से प्राधिकरण के सभी गांवों में फॉगिंग शुरू हो जाएगी। प्राधिकरण गांवों में कैंप लगाकर मुआवजा वितरित कर रहा है। **डॉ. अरुणवीर सिंह, सीईओ**

# कैपिटल ज़ोन

## किसानों को आवासीय व औद्योगिक योजना में 17.5 फीसदी कोटा देगा यमुना प्राधिकरण

- **सभी बैकलीज प्रकरणों का आगामी बोर्ड बैठक में होगा निस्तारण**
- **जेवर से नोएडा तक चलेगी बस**

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना एक्सप्रेस वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन अंबावता के पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। इस दौरान किसानों से जुड़े विभिन्न प्रकरणों पर चर्चा हुई। सीईओ ने किसान प्रतिनिधियों को किसानों के हित में लिए गए निर्णय व विकास कायरे से अवगत कराया। समीक्षा बैठक में ओएसडी शैलेंद्र सिंह, ओएसडी रेणुका दीक्षित, जीएम प्रोजेक्ट एके सिंह, जीएम प्लॉनिंग लीनू सहगल, ओएसडी मेहराम सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे। सीईओ ने भाकियू अंबावता के पदाधिकारियों को अवगत कराया कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों को आवासीय एवं इंडस्ट्री सहित सभी गतिविधियों में 17.5 फीसद कोटा प्राधिकरण देगा। किसानों के भूखंडों पर लगने वाली पेनल्टी को हटाने के लिए प्राधिकरण ने बोर्ड बैठक के लिए प्रस्ताव भेज दिया है। जेवर से नोएडा बॉटनिकल गार्डन तक सर्विस रोड रोड पर तीन बस चलाने का आदेश प्राधिकरण द्वारा जारी कर दिया गया है।

आगामी बोर्ड बैठक में सभी बैकलीज प्रकरणों का निस्तारण हो जाएगा। जेपी से संबंधित गांवों में भी जल्द कोर्ट केसों का निस्तारण होने पर अतिरिक्त मुआवजा वितरित किया जाएगा। सीईओ ने यह भी अवगत कराया कि दनकौर के समीप कौशल विकास केंद्र भवन बनाने का आदेश जारी हो गया है। 26 तारीख को जगनपुर गांव का स्मार्ट विलेज के तहत कार्य शुरू होगा। भट्टा पारसौल गांव में भी लाइब्रेरी बनाने का प्रस्ताव पास हो गया है। सोमवार से प्राधिकरण के सभी गांवों में फॉगिंग शुरू हो जाएगी।

प्राधिकरण गांवों में कैंप लगाकर मुआवजा वितरित कर रहा है। इस मौके पर सुखबीर प्रधान, गजब सिंह प्रधान, प्रताप नागर, सूबेदार गिर्राज, विनय तालान, बाल किशन प्रधान, कृष्ण नागर, पूनम भाटी एडवोकेट, अर्चना सिंह, विधू गोस्वामी, विनोद मलिक, अजय मलिक, सतपाल नागर, शुभम चेची, डॉ. कुंदन सिंह, मिश्री नागर, राम निवास नागर आदि मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट के काम में तेजी लाने के लिए दो हजार श्रमिक व बढ़ेगी चार सौ मशीनें

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जेवर का काम और तेज करने के लिए दो हजार श्रमिक बढ़ाए जाएंगे। साथ ही 400 मशीनें भी बढ़ाई जाएंगी। ताकि तय समय पर एयरपोर्ट शुरू हो सके। नोएडा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्रालि (वाईआईएपीएल) कर रही है। यहां पर एयरपोर्ट की टर्मिनल बिल्डिंग, रनवे और एटीसी (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) बिल्डिंग का निर्माण चल रहा है। सितम्बर-2024 तक एयरपोर्ट से उड़ान शुरू करने की तैयारी है। वर्तमान समय में छह हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं। हालांकि बारिश के चलते काम की गति कुछ कम हुई है। अब एयरपोर्ट पर काम और तेज करने की योजना है। सितम्बर से श्रमिकों की संख्या बढ़ाई जाएगी। अब श्रमिक आठ हजार श्रमिक लगाए जाएंगे। करीब 400 मशीन बढ़ाई जाएंगी। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (नायल) के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह ने बताया कि बारिश के चलते काम धीमा हुआ है। श्रमिकों की बढ़ा कर काम जल्द पूरा कराया जाएगा।

## टी-20 लीग के लिए गौड़ ने किया गोरखपुर लायन्स क्रिकेट टीम का अधिग्रहण

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। गौड़ ग्रुप ने यूपी टी20 लीग में गोरखपुर लायन्स फ्रैंचाइजी के अधिग्रहण की घोषणा की है। यह साझेदारी क्षेत्र में खेल एवं सामुदायिक विकास को बढ़ावा देने की गौड़ ग्रुप की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। गौर सिटी में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया है। गोरखपुर टीम यूपी टी20 लीग में हिस्सा लेने वाली छह टीमों में से एक है, उनके अलावा लीग में नोएडा, कानपुर, लखनऊ, वाराणसी और मेरठ टीमें भी शामिल होंगी। गुरुवार को उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेस सम्मेलन में इस उल्लेखनीय



विकास की घोषणा की गई, यूपी टी20 लीग 30 अगस्त को अपने पहले सीजन के लिए तैयार है, जिसकी फाइनल एवं क्लोजिंग सेरेमनी 16 सितम्बर 2023 को होगी। यह लीग यूपी के प्रतिभाशाली युवाओं को लीग में हिस्सा लेकर क्रिकेट के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा के प्रदर्शन का मौका प्रदान करेगी। मनोज गौड़, चेयरमैन एवं एमडी, गौड़ ग्रुप ने सम्बोधित करते हुए अतिथि अभिनेता व सांसद रवि किशन के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने गोरखपुर लायन्स टीम को बधाई दी और यूपी टी20 में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उनका उत्साह बढ़ाया। टीम भी पूरे उत्साह और जोश के साथ जीत की यात्रा के लिए तैयार है। इस अवसर पर मनोज गौड़, चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, गौड़ ग्रुप ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी टी20 लीग में गोरखपुर लायन्स का अधिग्रहण गौर्स ग्रुप के लिए महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से हमें क्रिकेट प्रेमियों के साथ जुड़ने और समुदाय के लिए कुछ करने का मौका मिलेगा। हम निर्भीकता और बहादुरी के साथ खेलने और हर जीत का जश्न मनाने के लिए तैयार हैं। गोरखपुर लायन्स टीम की जर्सी, लोगो और एंथम 'जीत के जाएंगे' तथा 20 सदस्य के स्क्वैड का अनावरण गुरूवार 24 अगस्त 2023 को ग्रेटर नोएडा के गौड़ सिटी स्थित प्रतिष्ठित होटल द गौड़ सरोवर प्रीमियर में हुआ।

## भवन नियमावली संशोधन में शासन की लगी मुहर

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। यमुना औद्योगिक विकास प्राधिकरण की भवन नियमावली में कई संशोधन किए गए हैं। औद्योगिक भूखंडों के एफएआर में बढ़ोतरी कर दी गई है। साथ ही ग्राउंड कवरेज बढ़ाने पर भी मुहर लगी है। इसके अलावा अब मकान की बालकनी एफएआर का हिस्सा नहीं होगी। पार्किंग में भी बदलाव किए गए हैं। यमुना प्राधिकरण ने भवन नियमावली में कई संशोशन किए हैं। शासन ने इस पर मुहर लगा दी है। अब इसे कैबिनेट बैठक में रखा जाएगा। कैबिनेट से पास होने के बाद इसका गजट नोटिफिकेशन जारी किया जाएगा। औद्योगिक भूखंडों के एफएआर में बढ़ोतरी की गई है। उद्योगों में पहले 1.5 एफएआर था। अब इसे बढ़ाकर दो कर दिया गया है। हालांकि इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग के लिए एफएआर को तीन कर दिया गया है। अभी तक चार हजार मीटर तक के भूखंड में ग्राउंड कवरेज 50 प्रतिशत तक है। अब वेयर हाउसिंग एवं लॉजिस्टिक में ग्राउंउ कवरेज 60-70 प्रतिशत तक होगा। भवनों/फ्लैट में डेढ़ मीटर बालकनी निकालने का प्रावधान है। इसे एफएआर में शामिल किया जाता था। अब बालकनी को एफएआर से हटा दिया गया है। नियमों के मुताबिक, अभी तक 80 मीटर के मकान में एक कार पार्किंग जरूरी है। अब इसे 100 वर्ग मीटर कर दिया गया है। 100 मीटर के मकान में एक कार पार्किंग जरूरी होगी। इसके अलावा अब आवंटियों को अपने घर में ईवी चार्जिंग प्वाइंट लगाने की अनुमति मिल सकेगी।

## उच्च शिक्षामंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस में विद्यार्थियों को किया प्रोत्साहित

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट में इंडस्ट्री 5.0 एन इंपैक्ट ऑन सोशियो इकोनामिक सस्टेनएबिलिटी -2023 इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने भाग लिया।

अतिथियों का स्वागत कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल और आईआईएमटी कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट के डॉयरेक्टर अभिन्न बख्सी भटनागर ने किया। इस मौके पर मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने चंद्रयान-3 का जिक्र करते हुए कहा कि असफलता ही




सफलता की कुंजी है। पिछली बार चंद्रयान-2 को चंद्रमा पर उतारने में हमें नाकामयाबी मिली। पीएम मोदी की दृढ़ इच्छाशक्ति ने हमारे देश के वैज्ञानिकों को हौसला दिया और मिशन को फिर से शुरू करने करने को कहा। उसी इच्छा शक्ति के कारण इतिहास लिखा गया वह भी फेल होने के बाद। योगेंद्र उपाध्याय ने आगे बताया कि पहले की सरकार किसी भी मिशन को फेल होने पर उसे बंद कर देती थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन मानवता के लिए है और उनके नेतृत्व में भारत बदल रहा है। गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रोफेसर रविंद्र कुमार सिन्हा ने कहा कि आज का भारत फेलियर नहीं है आज हम कोई भी रिस्क लेने से नहीं घबराते हैं। हमारे देश के नौजवान हर क्षेत्र में अपना नाम कमा रहे हैं।

अब पूरा विश्व भारत की तरफ आशा की निगाह से देख रहा है। कॉलेज समूह के प्रबंध निदेशक डॉ. मयंक अग्रवाल ने कहा कि समय-समय पर शिक्षक को भी अपडेट होने की जरूरत होती है। आज का समय बहुत तेजी के साथ बदल रहा है शिक्षा के क्षेत्र में हर दिन कुछ न कुछ नया हो रहा है।

## मानसिक स्वास्थ्य के प्रति बच्चों को किया गया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। मानसिक स्वास्थ्य क्या है? मानसिक स्वास्थ्य में हमारा भावनात्मक, मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कल्याण शामिल है। यह हमारे सोचने, महसूस करने और कार्य करने के तरीके को प्रभावित करता है। यह यह निर्धारित करने में भी मदद करता है कि हम तनाव को कैसे संभालते हैं, दूसरों से कैसे जुड़ते हैं और स्वस्थ विकल्प चुनते हैं। इन मुख्य बातों को ध्यान में रखते हुए जे. पी. इंटरनेशनल विद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर कार्यशाला का आयोजन गुरुवार को विद्यालय प्रांगण में किया गया।

जिसका शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या रूबी चंदेल, प्रोफेसर स्वर्ण सिंह प्रीत एवं नेहा खेरा ने द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। इस कार्यशाला में विद्यालय के कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के विद्यार्थी सम्मलित हुए।

उन्हें सर्वप्रथम एक वीडियो की प्रस्तुति द्वारा मानसिक स्वास्थ्य संबंधी संक्षिप्त जानकारी दी गई। इस अवसर पर बच्चों के द्वारा प्रश्न पूछे गए और उनके उत्तर प्रो. स्वर्ण सिंह प्रीत एवं नेहा खेरा ने दिए। इन प्रश्नों में कुछ विद्यार्थियों द्वारा अपने व्यक्तिगत अनुभवों को भी साझा किया गया,जो की एक सराहनीय प्रयास रहा इस



कार्यशाला का। प्रो. स्वर्ण प्रीत सिंह, जो वारविक मेडिकल स्कूल में सामाजिक और सामुदायिक मनोचिकित्सा के प्रोफेसर है, इन्होंने कई विभिन्न क्षेत्रों में अपना योगदान दिया है। इन्होंने यूके में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य में सुधार किया और समानता और मानवाधिकारों के लिए काम किया। उनके शोध कार्य में भारत और उप-सहारा अफ्रीका के युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल में सुधार शामिल है।

प्रो. स्वर्ण प्रीत सिंह ने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण कार्यशाला का संबोधन करके छात्रों को मानसिक रूप से अत्यधिक प्रेरणा दी। अंत में प्रधानाचार्या रूबी चंदेल ने अतिथियों का धन्यवाद करते हुए कार्यशाला का समापन किया और मानसिक स्वास्थ्य के विषय में संक्षिप्त रूप में अपने विचार रखे।

## इंडियन डीजे एक्सपो-2023 की आज से इंडिया एक्सपोमार्ट में शुरुआत

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। म्यूजिक प्रोडक्शन से जुड़े गजेट्स और तकनीक को दुनिया से रूबरू कराने वाली वार्षिक प्रदर्शनी 'इंडियन डीजे एक्सपो-2023' का आयोजन 25 से 27 अगस्त तक ग्रेटर नोएडा स्थित इंडियन एक्सपो सेंटर एंड मार्ट (आईईएमएल) में किया जा रहा है। इस सलाना एक्सपो में डीजे मिक्सर और कंट्रोलर से लेकर नवीनतम डीजे सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर के साथ क्लब साउंड, टूरिंग साउंड के अलावा पीए के लिए स्पीकर सिस्टम की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। एक्सपो में लाइटिंग ब्रांड लेजर सहित स्टेज और एंटरटेनमेंट लाइटिंग में लेटेस्ट टेक्नोलॉजी के दर्शन होंगे।

एलईडी तकनीक, एलईडी वॉल्स और स्क्रीन में अत्याधुनिक सॉल्यूशंस पेश किए जाएंगे। लाइन ऐरे डेमो एरेना भारतीय



- **250 कंपनियां ले रही हैं हिस्सा, मेक इन इंडिया की 30 कंपनियां ले रही हैं हिस्सा**

लाइव साउंड उद्योग में सक्रिय आठ प्रसिद्ध ब्रांडों के साथ नजर आएगा। इंडियन डीजे एक्सपो के संयोजक मैनुअल डायस ने बताया कि बताया कि यह एक्सपो का आठवां संस्करण है। पहले इस एक्सपो में नार्थ इंडिया का ही पारटीसिपेशन होता था लेकिन अब नेपाल, बंग्लादेश, श्रीलंका और दुनियाभर से लोग जुड़ रहे हैं। पिछले वर्ष डीजे एक्सपो को मिले शानदार रिस्पांस की बदौलत एक्सपो को 'राष्ट्रीय' टैग मिला है, जो कि काफी बड़ी बात है। उन्होंने बताया कि यह वार्षिक प्रदर्शनी 2014 से ही भारत के एंटरटेनमेंट कारोबार के लिए एक एग्रीगेटर की भूमिका निभा रही है।

मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने वाली देश की कंपनियां अपने उन ब्रांडों को प्रदर्शित करेंगी, जिनका मकसद आधुनिक तकनीक के साथ-साथ वाजिब दामों में प्रोडक्ट उपलब्ध कराना है। आयोजक मैनुअल डायस के मुताबिक इवेंट और मनोरंजन उद्योग के व्यवसायिक पेशेवरों के लिए डीजे एक्सपो कई वजहों से महत्वपूर्ण है।

## जमीनी विवाद में मारपीट, चार पर मुकदमा दर्ज

**दनकौर,** 24 अगस्त(देशबन्धु)। दनकौर क्षेत्र के जमालपुर गांव में जमीनी विवाद को लेकर दो पक्ष आमने सामने आ गए। घटना में एक युवक देशराज को चोटें आई हैं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित देशराज ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनके खेत पर तार फेंसिंग हो रही है। इसके लेकर पड़ोसी खेत मालिक द्वारा गाली गलौज की गई। विरोध करने पर आरोपितों द्वारा मारपीट कर दी गई। घटना में पीड़ित को चोट आई हैं। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने नरेंद्र, जोगिंदर, मोनू और कृष्ण के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### फांसी लगाकर की आत्महत्या

**रबूपुरा,** 24 अगस्त(देशबन्धु)। पारिवारिक विवाद से दुखी युवक फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक का शव सोसायटी के बाहर पेड़ पर लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। मूल रूप से ग्राम नगला उदयपुर थाना जगनेर जिला आगरा निवासी गोपाल (35 ) रबूपरा थाना क्षेत्र के लेबर कैंप गॉड सिटी के पास झुग्गी में रहता था। गोपाल ने पेड़ से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक गोपाल पिछले कुछ दिनों से पारिवारिक विवाद के चलते मानसिक रूप से परेशान था। घटना की जानकारी मृतक के परिजनों को दे दी गई है।


**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती पूनम सिंह निवासी क 9 सेक्टर 11 नॉएडा 201301 द्वारा एक फ्लैट पी 9/1002 प्रोजेक्ट प्रतीक गैड सिटी सिद्धार्थ विहार ग़ज़ियाबाद यू० पी० में बुक कराया था लेकिन दुर्भाग्यवश श्रीमती पूनम सिंह की दिनाँक 30/01/2022 को स्वर्गवास हो गया था मृतक श्रीमती. पूनम सिंह के अजय कुमार सिंह विधिक प्रतिनिधि है तथा आपसी सहमति से श्री अजय कुमार सिंह S/O सूर्यभान सिंह निवासी क 9 सेक्टर 11 नॉएडा 201301 ने बतौर स्वर्गवास श्रीमती पूनम सिंह उक्त फ्लैट पी 9/1002 में अपना नाम दर्ज कराने हेतु आवेदन प्रतीक रियल्टर प्राइवेट लिमिटेड के समक्ष आवेदन किया है यदि श्री अजय कुमार सिंह के अलावा अन्य कोई व्यक्ति विशेष स्वर्गवासि श्रीमती पूनम सिंह का विधि प्रतिनिधि हो तो वह अपनी आपत्ति प्रतीक रियल्टर प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय A 42 सेक्टर 67 नॉएडा 201301 में लिखित रूप में विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से पन्द्रह दिनों के भीतर दर्ज करा सकते है अन्यथा की स्थिति में श्री अजय कुमार सिंह का नाम बतौर वारिस दर्ज करा दिया जायेगा व नियत तिथि के बाद किसी भी व्यक्ति की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।



**NAME CHANGE**

I, Ayush S/o Joginder Singh Bhati R/o C-278/01, Street No.-11, Near Jain Mandir, Bhajanpura, Khanpur Dhani Delhi-110053 have changed my name to Ayush Singh for all future purposes.


## दलित किशोरी से अधेड़ ने की अश्लीलता

**रबूपुरा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। रबूपुरा कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत एक व्यक्ति द्वारा दलित किशोरी से अश्लीलता किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। परिजनों के विरोध पर आरोपी पक्ष गाली गलौज करते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई किए जाने की गुहार लगाई लेकिन आरोप है चार दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कार्रवाई करना तो दूर पीड़ित पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। जानकारी अनुसार एक गांव निवासी दलित व्यक्ति का आरोप है कि पड़ोस के ही रहने वाले व्यक्ति द्वारा उसकी नाबालिक पुत्री के साथ अश्लीलता की गई तथा पीड़िता शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गया। बताया जाता है कि पीड़ित जब मामले की शिकायत करने आरोपी के घर पहुंचा तो आरोपी ने अपने परिजनों के साथ मिलकर जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करके उसके साथ मारपीट की गई। आरोप है समूचे मामले की शिकायत पुलिस से की गई लेकिन 4 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की गई तथा आरोपी पक्ष से साठ गांठ कर पीड़ित पर समझौते का दावा बनाया जा रहा है। उधर पुलिस शिकायत के आधार पर मामले की जांच किये जाने का दावा कर रही है।

## धान की सिंचाई कर रहे किसान पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला

- **पीड़ित पिता ने पांच नामजद समेत व अज्ञात लोगों के खिलाफ पुलिस से की शिकायत**

**जेवर,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली क्षेत्र के गांव बनवारीवास निवासी एक व्यक्ति ने धान की सिंचाई कर रहे अपने पुत्र के साथ पांच नामजद व अज्ञात लोगों पर धारदार हथियारों से जानलेवा हमला करने का आरोप लगाया है।

पुलिस ने घायल युवक को प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में भर्ती कराया जहां से उसे गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पीड़ित हरकेश शर्मा ने बताया कि उसका पुत्र रोहित शर्मा बुधवार को खेतों पर धान की सिंचाई कर रहा था। उसी दौरान नई रोही गांव के रहने वाले पांच नामजद व कुछ अज्ञात लोगों ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से हमला कर दिया। जिससे उसके शरीर में गंभीर चोट लगी हैं। पुलिस ने रोहित शर्मा को गंभीर अवस्था में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।


**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड संख्या–1, सैक्टर–नॉलिज पार्क–04 ग्रेटर नोएडा
जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0

सर्व साधारण को सूचित किसा जाता है कि Flat No. 2293, 21st Floor, Tower-Amantha, Area-240.61 Sqm, "Gaur Saundaryam" Sector-Techzone-IV, Greater Noida जो कि Sh. Shambhoo Narayan Chaudhary & Mr. Neeraj Kumar निवासी Flat No. 2293, 21st Floor, Tower- Amantha, "Gaur Saundaryam" Sector-Techzone-IV, Greater Noida के नाम पर उप निबंधन कार्यालय सदर गौतमबुद्धनगर में दिनांक–07.01.2021 को पंजीकृत है। Sh. Shambhoo Narayan Chaudhary की मृत्यु के उपरान्त उनकी पत्नी Mrs. Archana Chaudhary ने उक्त भूखण्ड/भवन का में अपने पति के भाग का नामांतरण अपने पक्ष में करने हेतु म्यूटेशन प्रपत्र प्रस्तुत किये है। अतः इस म्यूटेशन के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 35 दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करे, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो Mrs. Archana Chaudhary W/o Late Sh. Shambhoo Narayan Chaudhary का नाम दर्ज कर दिया जयेगा।

प्रबन्धक (बिल्डर्स )
ग्रेटर नोएडा औ0 वि0 प्राधिकरण



**ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण**

भूखण्ड सं0–1, सैक्टर–नॉलिज पार्क–04
ग्रेटर नोएडा सिटी, जिला–गौतमबुद्धनगर, उ0प्र0
सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण आवासीय भूखण्ड योजना B01 में Smt. Sabita Verma के पक्ष में आवंटन संख्या B016955, भूखण्ड संख्या H-287, क्षेत्रफल–120 वर्गमीटर, सैक्टर बीटा 02 अंतरित है। अंतरिकी Smt. Sabita Verma की मृत्यु दिनांक 24.01.2022 को होने के उपरान्त Sh. Rajesh Kumar & Sh. Rakesh Kumar Verma S/o Late Sh. Narendra Kumar Verma ने उक्त भूखण्ड/भवन को अपने नाम नामान्तरण करने हेतु प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है। इस नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो सूचना के प्रकाशन की तिथि से 35 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्राधिकरण कार्यालय में दर्ज कराने का कष्ट करें, अन्यथा नियमानुसार प्राधिकरण अभिलेखो में Smt. Sabita Verma के स्थान पर उनके पुत्र Sh. Rajesh Kumar Verma & Sh. Rakesh Kumar Verma S/o Late Sh. Narendra Kumar Verma के नाम दर्ज कर दिया जायेगा।

महाप्रबन्धक सम्प0
ग्रेटर नौएडा प्राधिकरण



पत्र नहीं मित्र
**देशबन्धु**
पश्चिमी उत्तर प्रदेश ब्यूरो कार्यालय
209 कृष्णा अपरा प्लाजा अल्फा कॉमर्शियल बेल्ट, ग्रेटर नोएडा
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के लिए संम्पर्क करें
खोया-पाया/ सूचना/ नाम परिवर्तन/ आवश्यकता
फोनः- 0120-4270009

**देशबन्धु**
समाचार, विज्ञापन एवं प्रसार के संपर्क करें
क्षेत्रिय कार्यालय रबुपुरा
Mob: 9411492655

**Shiv Mahima Enterprises**
सभी प्रकार के विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
नाम परिवर्तन, खोया पाया, सूचना, अवश्यकता
Mob.: 9910280173
Off.-221, 2nd Floor, Meridian View Plaza, Alpha Comm. Belt, Gr. Noida


## लघु फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएंगी सामाजिक सरोकार परक फिल्में

**ग्रेटर नोएडा,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। ग्रेटर नोएडा लघु फिल्मोत्सव का भव्य आयोजन गलगोटिया विश्वविद्यालय, यूथ फॉर नेशन और प्रेरणा शोध संस्थान के संयुक्त तत्वावधन में होने जा रहा है। जिसमें देशभर से लगभग 60 फिल्मों को दिखाया जाएगा। प्रेस वार्ता में भारतीय चित्र साधना के संस्थापक सदस्य और ग्रेटर नोएडा शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के मार्गदर्शक अरुण अरोड़ा ने बताया कि सिनेमा और समाज के दूसरे से जुड़े हुए हैं।

हमारी संस्कृति और सभ्यता के प्रचार-प्रसार के लिए फिल्मे सशक्त माध्यम हैं। इसी क्रम में शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल का आयोजन 26-27 अगस्त को किया जा रहा है। इस दो दिवसीय फिल्म महोत्सव में हिंदी



- **अभिनेता गजेन्द्र चौहान, मनोज तिवारी सहित फिल्म से जुड़े लोग तकनीकी पहलू से कराएंगे रूबरू**
- **दादा साहेब फाल्के को समर्पित एक चित्र प्रदर्शनी का किया जाएगा आयोजन**

सिनेमा एवं क्षेत्रीय सिनेमा की चर्चित हस्तियां शामिल हो रही हैं। जिनमें मनोज तिवारी, गजेंद्र चौहान, सुप्रिया रैना शुक्ला, आकाश आदित्य लामा, नीतू कुमार, विष्णु शर्मा, क्षमा त्रिपाठी प्रमुख हैं। इसके अलावा सिनेमा और समाज से जुड़ी कई अन्य नामचीन हस्तियां भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी।

उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में आजादी का अमृत महोसत्व, महिला सशक्तिकरण, भविष्य का भारत, सामाजिक सद्भाव, हमारी संस्कृति-हमारी विरासत, धर्म और अध्यात्म, पर्यावरण जैसे विभिन्न विषयों पर बनी लगभग 200 फिल्में नामांकित हुई हैं। जिनमें लगभग 60 फिल्में स्क्रीनिंग के लिए चयनित की गई हैं। महोत्सव में विभिन्न फिल्मों के साथ ही साथ कलात्मक तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी देखने को मिलेंगी।

फिल्म फेस्टिवल में दादा साहेब फाल्के को समर्पित एक चित्र प्रदर्शनी का आयोजन भी किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के छात्र और छात्राएं प्रतिभाग करेंगे। इसके अलावा महोत्सव में सिनेमा से जुड़े विशेषज्ञ पटकथा लेखन एवं फिल्म निर्माण, सिनेमा, तकनीक और निर्देशन पर विशेष व्याख्यान भी देंगे। जिसका सीधा लाभ विद्यार्थियों व प्रतिभागियों को होने वाला है। कार्यक्रम के दौरान स्क्रीनिंग में प्रस्तुत सर्वश्रेष्ठ फिल्मों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि प्रथम पुरस्कार 11 हजार, द्वितीय 5 हजार एक सौ और तृतीय पुरस्कार 2 हजार एक सौ रुपए हैं। इस दौरान फिल्मोत्सव की आयोजन समिति में अध्यक्ष सुनील कुमार त्यागी, संयोजक सुभाष तिवारी, सह-संयोजक प्रोफेसर आज्ञा राम पांडेय तथा मनीष तिवारी सदस्य संचालन समिति, सुभाष तिवारी, भगवत शर्मा आदि मौजूद रहे।

देशबन्धु



# { संपादकीय }

नई दिल्ली, शुक्रवार 25 अगस्त 2023

*संस्थापक-सम्पादक* : स्व. मायाराम सुरजन

## उपलब्धि को फ़ीका करती घृणा

भारत के चन्द्रयान-3 के बुधवार की शाम को चन्द्रमा पर सफलतापूर्वक उतरने से बहुत पहले ही उसकी कामयाबी लगभग निश्चित समझी जा रही थी साथ ही यह भी तय माना जा रहा था कि इसकी सफलता से (या कहें कि असफल होने पर भी) राजनैतिक, सामाजिक और धार्मिक- तीनों ही तरह के आपसी मतभेद सामने आ जाएंगे। इस उपलब्धि के लिये छीना-झपटी होने का पूर्वानुमान था और यह भी पहले से ही सोच लिया गया था कि इसका उपयोग अपने राजनैतिक विरोधियों और अलग तरह की धार्मिक आस्था रखने वाले लोगों या समूहों के लिये किया जायेगा; पर यह सब इतनी जल्दी होगा, यह नहीं सोचा गया होगा। वैज्ञानिक उपलब्धियां किसी एक देश की नहीं वरन समग्र मानव के ज्ञान व प्रतिभा की देन मानी जाती है। वैज्ञानिक विकास किसी एक देश का नहीं बल्कि वैश्विक होता है। इसलिये विज्ञान सम्बन्धी विचारों और शोधों-आविष्कारों का प्रतिफल दुनिया भर को मिलता है; पर भारतीयों ने अपनी इस उपलब्धि को बहुत संकीर्ण तो बना ही दिया है, उसका उपयोग वे परस्पर नफरत फैलाने के लिये वैसा ही कर रहे हैं जैसा कि धर्म, राजनीति या सामाजिक विचारों का, विशेषकर हाल के वर्षों में करते आ रहे हैं। ऐसा करके हम न सिर्फ इस बड़ी उपलब्धि को छोटा बना रहे हैं वरन देश-दुनिया के तरक्की पसंद व वैज्ञानिक चेतना से युक्त वर्गों के बीच स्वयं का कद भी घटा रहे हैं।

चन्द्रयान-3 की सफलता से यह तो साबित हो गया है कि हमारे देश के वैज्ञानिकों की प्रतिभा असीम है और वे अपनी उपलब्धियों का झंडा सर्वोच्च ऊंचाइयों तक फहराना चाहते हैं, लेकिन दूसरी तरफ बड़ी संख्या में ऐसे भी लोग हैं जो अपनी संकीर्णताओं से ऊपर उठना ही नहीं चाहते। वे नफरत के कीचड़ में गहरे धंसे हुए ही संतुष्ट हैं। अमेरिका, रूस व चीन जैसी सबसे बड़ी अंतरिक्ष शक्तियों के समकक्ष आने के बाद भी हम इस कामयाबी को उसी चश्मे से देख रहे हैं जिसका एक लेंस राजनैतिक विचारों का है तो दूसरा मज़हबी है। वैज्ञानिक उपलब्धि को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसने की बजाय ऐसे लोग चन्द्रयान-3 की सफलता को घृणा बढ़ाने का एक औजार बना रहे हैं। विज्ञान इंसानों को संकुचित विचारों से बाहर निकालने का काम करता है लेकिन लगता है कि भारत में विज्ञान जैसी विधा का भी उपयोग परस्पर नफ़रत बढ़ाना ही हो गया है। इसलिये इस उपलब्धि पर जो लोग झूम रहे हैं वे अपने मज़हब और राजनैतिक विचारों के कारण, न कि विज्ञान में कोई रुचि या विश्वास के चलते।

नफरत फैलाने व विरोधी विचारधारा के लोगों को नीचा दिखाने की जल्दबाजी देखिये कि अभी चन्द्रयान-3 ने अपना काम चांद की सतह पर ठीक से प्रारम्भ भी नहीं किया था और आनन-फानन में सोशल मीडिया पर इस कामयाबी को अपनी झोली में डालने के लिये वे लोग उतर पड़े जो मानते हैं कि विकास 2014 के बाद ही हुआ है। कहा जा रहा है कि 'देश की वैज्ञानिक प्रतिभा का सही इस्तेमाल अब कहीं जाकर प्रारम्भ हुआ है।' इसके पहले भारतीय अंतरिक्ष शोध संगठन (इसरो) के अस्तित्व को नकारना तो उनके लिये सम्भव नहीं था लेकिन बहुत चालाकी बरतते हुए संस्थान के आगे बढ़ने का श्रेय विक्रम साराभाई को दिया गया- माइनस जवाहरलाल नेहरू का नैरेटिव गढ़ते हुए। यह जानते हुए भी कि इसरो उन्हीं की देन है लेकिन उन्हें श्रेय न देकर वे अपने उन राजनैतिक आकाओं को खुश करना चाहते होंगे जिन्होंने हाल ही में दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू संग्रहालय का ही नाम बदल डाला है। एक पूरा समूह बुधवार की शाम से विरोधी विचारधारा, खासकर कांग्रेस के शासनकाल व उसकी उपलब्धियों पर पिला पड़ा हुआ है। हालांकि ये लोग इस बात का जवाब नहीं दे पा रहे हैं कि अगर भारत सरकार की देश के वैज्ञानिक विकास में इतनी ही रुचि है तो अंतरिक्ष विज्ञान विभाग के 2023 के बजट में 32 प्रतिशत की कटौती क्यों की गयी है? जिसके कारण चन्द्रयान-3 और आदित्य एल-1 जैसी परियोजनाओं को 12500 करोड़ रुपये कम मिले। यह उससे पिछले साल की तुलना में 8 फीसदी कम राशि थी।

अगर बात सियासी मतभेदों तक सीमित होती तो बहुत दिक्कत नहीं थी क्योंकि कांग्रेस मुक्त नारे के साथ आई मौजूदा सरकार हर कदम पर पूर्ववर्ती सरकारों को नीचा दिखाने का कोई अवसर नहीं छोड़ती जो मानती है कि 2014 के पहले कुछ विकास ही नहीं हुआ था। इस उपलब्धि का सबसे दुखद दुरुपयोग वैसा ही हो रहा है जिसकी आशंका थी और जिसका देश आदी हो चुका है। नफ़रतियों ने चांद पर चन्द्रयान के उतरने को एक मज़हब के अनुयायियों पर जीत के रूप में पेश कर दिया है। इस आशय के मीम, संदेश और कार्टून सोशल मीडिया पर खूब वायरल किये जा रहे हैं कि 'कुछ देशों के तो केवल झंडों पर चांद है लेकिन भारत ने तो चांद ही फ़तह कर लिया है।' ये तो बहुत थोड़े से उदाहरण हैं। इस सफल चन्द्रयान-3 मिशन की आड़ में परस्पर वैमनस्य व घृणा का सैलाब ही सोशल मीडिया बह रहा है।

सभी को यह समझना होगा कि यह उपलब्धि पूरी तरह भारतीय तो है ही, सामूहिक भी है। किसी धर्म या राजनैतिक विचारधारा से इसका कुछ लेना-देना नहीं है। वैज्ञानिक शोध सार्वभौमिक होते हैं जिन पर किसी मज़हब या राजनीति से कोई लेना-देना नहीं होता। यदि हम अपनी इस महान उपलब्धि को इस प्रकार से सीमित करेंगे तो हमें इसके प्रति अन्य देशों से सम्मान की अपेक्षा नहीं करनी चाहिये। पहले हम तो इस कामयाबी का सम्मान करना सीखें। यह उपलब्धि देश की मेधा और समर्पण का एक बड़ा हासिल है और यह किसी एक वर्ग की नहीं समग्र मानव की उपलब्धि है। उसे वैसा ही लिया जाना चाहिये।

## क्या भारत ग्लासनोस्ट या पेरेस्त्रोइका के लिए तैयार है?

■ डॉ राजाराम त्रिपाठी (किसान नेता) एवं एम.राजेन्द्रन (स्वतंत्र पत्रकार)

इतिहास हमें बताता है कि उद्देश्य भले ही भविष्योन्मुखी और परिवर्तनकारी था, लेकिन अंतिम परिणाम हमारे विश्व की उस भूमि में रहने वाले 'लोगों' के लिए अच्छा नहीं था; जब 'सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक' (यूएसएसआर) के पूर्व संघ ने ग्लासनोस्ट और पेरेस्त्रोइका का प्रयोग किया था, तब यही हुआ था।

वर्तमान में अपनी चमक खो चुके 'ग्लासनोस्ट' और 'पेरेस्त्रोइका' शब्द का इस्तेमाल मूल रूप से 1980 के दशक में पूर्व सोवियत संघ में राष्ट्रपति मिखाइल गोर्बाचेव की नीतियों का वर्णन करने के लिए किया गया था।

यह बात अब छुपी नहीं है, कि भाजपा सरकार एक गंभीर नीति परीक्षण कर रही है। यह जांचने के लिए कि क्या भारत, यानी इंडिया, संविधान की मूल-अवधारणा व मूल-संरचना में बड़े बदलाव का सामना कर सकता है।

ऐसा प्रतीत होता है कि भारत के राजनीतिक नेता उस वास्तविकता को नजरअंदाज कर रहे हैं जब वे अपने कानूनी और आर्थिक थिंक टैंक के माध्यम से हमारे संविधान की उस 'मूल-अवधारणा' तथा 'मूल-संरचना' पर पुनर्विचार विचार करने का सुझाव देते हैं, जो आज भी प्रभावी रूप से न केवल जीवित है बल्कि उत्तरदायी भी है। 2014 में जो फुसफुसाहट दबी जुबान में शुरू हुई थी, वह 2023 में एक विचार प्रक्रिया की तरह दिखने लगी है, जिसकी सभी संचार प्लेटफार्मों पर भाजपा तथा उनके अनुषंगी संस्थानों, प्रतिष्ठानों द्वारा एकजुटता और दृढ़ता से वकालत की जा रही है।

विभिन्न शब्दकोशों के अनुसार, ग्लासनोस्ट 'सरकार को अधिक खुला और लोकतांत्रिक बनाने की नीति है'। -सीधे और एक शब्द में अगर कहें तो इसका मतलब है 'पारदर्शिता'। जबकि 'पेरेस्त्रोइका' एक शब्द है जिसका उपयोग 1980 के दशक के अंत में तत्कालीन सोवियत समाजवादी गणतंत्रों के संघ (यूएसएसआर) में बदलती राजनीतिक और सामाजिक संरचना का वर्णन करने के लिए किया जाता है- इसका सीधा सा अर्थ है 'पुनर्गठन'।

तब यूएसएसआर की चरमराती अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए यह दोनों नीतियां लागू की गई, लेकिन 'यूएसएसआर' विघटित हो गया। अकादमिक और ऐतिहासिक रूप से यह सिद्ध हो चुका है कि कमजोर होते सामाजिक और आर्थिक परिवेश में किसी भी व्यवस्था की बुनियादी संरचना में कोई भी भारी बदलाव विनाश का सफल नुस्खा है। विश्व के प्रमुख धुरी राष्ट्र का पतन हो गया, और दर्जनों नए स्वतंत्र राष्ट्रों का उदय हुआ जो आज भी शांति, आर्थिक वृद्धि और विकास के लिए संघर्ष कर रहे हैं और इन हालातों में यह भी विचारणीय प्रश्न है कि ये राष्ट्र सही मायनों में आज कितने स्वतंत्र हैं।

संविधान सिर्फ कानूनों का संकलन मात्र नहीं होता- संविधान में परिवर्तन से पहले संविधान के समावेशी दर्शन को तथा उसमें अंतर्निहित नैतिक मूल्यों, आदर्शों को समझना जरूरी है। हर संविधान की मूल अवधारणा में निश्चित रूप से एक दर्शन समाविष्ट होता है, जैसे कि जापान की संविधान को 'शांति संविधान' कहा जाता है। किसी विशिष्ट मूल्य समूह से निर्देशित होकर संविधान में किसी परिवर्तन के बारे में सोचने के पूर्व हमें हमारे संविधान की बुनियाद जिन आदर्शों पर रखी गई है, उन्हें समझना होगा।

हमारे 'मूल अधिकार', 'नागरिकता', 'अल्पसंख्यक' एवं 'लोकतंत्र' से संबंधित प्रावधानों में किसी भी परिवर्तन के पूर्व हमें इनसे संबंधित संविधान सभा की बहसों और व्याख्याओं की रोशनी में देखना, समझना जरूरी होगा।

हमारी शासन व्यवस्था का चाल चरित्र चेहरा हमारे संविधान के बुनियादी अवधारणाओं के अनुरूप होना चाहिए।

> **चुनाव जीतने के बाद पार्टियां और उसकी सरकारें यह भूल जाती हैं यह सत्ता संप्रभु जनता द्वारा उन्हें देश के कल्याणकारी संचालन हेतु दिया गया 5 साल का अस्थाई पट्टा है, देश और संविधान का कोई मालिकाना हक नहीं। 140 करोड़ लोगों में से 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज का मतलब यह है कि सरकार की नीतियां इन्हें रोजगार प्रदान करने में विफल हो गई है, और यह जनसंख्या अपने पेट भरने के लिए सरकारी भिक्षान्न पर निर्भर है?**

इसलिए हमारे संविधान की 'मूल संरचना' से कोई छेड़छाड़ होती है तो इसका मतलब साफ है कि हम एक बड़े सुनिश्चित संकट की ओर बढ़ रहे हैं।

इंडिया यानी भारत की वर्तमान स्थिति यह है- सरकार का दावा है कि वह भारत के 140 करोड़ लोगों में से 80 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मुहैया कराती है। क्या इसका मतलब यह है कि सरकार की नीतियां उनमें से आधे को भी रोजगार प्रदान करने में विफल हो गई है और यह जनसंख्या अपने पेट भरने के लिए सरकारी भिक्षान्न पर निर्भर है? यह अस्सी करोड़ जनसंख्या बाजार से अनाज नहीं खरीद सकती, जिससे उनकी खरीदारी से आर्थिक विकास में मदद मिल सके? बेरोज़गारी 8 प्रतिशत से अधिक है, और देश के कई हिस्सों में आर्थिक विकास की संभावनाओं और सामाजिक अशांति पर विभिन्न सरकारी और विश्वसनीय अनुसंधान संस्थानों के आंकड़ों पर विरोधाभासी दावे हैं। हकीकत तो यही है कि ग़रीबी, भूख सूचकांक, स्वास्थ्य सेवाएं, शिक्षा आदि में हम कई पायदान नीचे गिरकर विश्व की अंतिम कतार में हैं। बांग्लादेश नेपाल जैसे हमारे छोटे-छोटे पड़ोसी देश भी कई मायनों में हमसे आगे निकल गए।

ऐसी परिस्थितियों में, मान लीजिए कि सरकार मौजूदा जीवंत संविधान को खत्म कर देती है या एक नए प्रावधानों के साथ संविधान में बड़े पैमाने पर संशोधन करती है। जिसका उद्देश्य नए नियम निर्धारित करना ह' यह दिखाएगा कि सरकार ने इतिहास से दरअसल कुछ भी नहीं सीखा है।

हाल ही में बिना किसान तथा किसान संगठनों से कोई चर्चा किए देश की खेती और किसानों के कल्याण और पुनरोद्धार के नाम पर लाए गए 3-तीन नए कृषि-कानूनों की मंशा को भांपकर देश के किसानों ने एकजुटता और ऐतिहासिक आंदोलन के दम पर, नए कानूनों के विनाशक जिन्न को वापस बोतल में बंद तो कर दिया पर खतरा अभी टला नहीं है।

सरकार और उसके कानून निर्माता सोचते हैं कि वे लोगों द्वारा दिए गए 10 वर्षों के जनादेश के आधार पर ऐसा कर सकते हैं। यहां तक कि ईस्ट इंडियन कंपनी और एक हद तक ग्रेट ब्रिटेन की रानी ने भी भारत के लोगों द्वारा अपने शासकों के माध्यम से दिए गए पट्टे पर भारतीय धरती पर अपना संचालन शुरू किया।

आजादी के बाद, यहां तक कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी पिछले कई मौकों पर यह गलती की, लोगों के जनादेश का सम्मान करने में गलती की, यह भूल गए कि यह देश की जनता द्वारा प्रदत्त एक 'अस्थायी पट्टा' था। उन सभी कांग्रेसी नेताओं ने तो इसकी भारी कीमत चुकाई। लेकिन उनकी गलतियों का देश और देश के लोगों को भी नुकसान उठाना पड़ा।

चुनाव जीतने के बाद पार्टियां और उसकी सरकारें यह भूल जाती हैं यह संप्रभु जनता द्वारा उन्हें देश के कल्याणकारी संचालन हेतु दिया गया 5 साल का अस्थायी पट्टा है, देश और संविधान का कोई मालिकाना हक नहीं।

हमारे मौजूदा संविधान का एक लंबा इतिहास है, जो 9 दिसंबर, 1946 को संविधान सभा की स्थापना तक सीमित नहीं है। भारत के लोगों ने उस समय भारत पर शासन करने वाली सरकार के दबाव में 1773 के विनियमन अधिनियम को स्वीकार किया था।

यह कहना ऐतिहासिक रूप से गलत नहीं होगा कि भारतीय संविधान की उत्पत्ति 1773 के उस अधिनियम से शुरू हुई, जिसमें बहुसंख्यक आबादी को कोई अधिकार नहीं था।

अब हम 2023 तक तेजी से आगे बढ़ते हैं। हमारे संविधान की बुनियादी संरचना में सुधार के बारे में सत्ता, मीडिया और अकादमिक हलकों के गलियारों में जो सुगबुगाहट हो रही है, और उसकी आवाज गांव और कस्बों तक भी पहुंचनी चाहिए। क्योंकि, यह भारत के लोगों, यानी भारत के लिए एक अच्छा शगुन नहीं है।

इंडिया यानी भारत आज वैसी ही दुर्दशा का सामना कर रहा है जैसी 1773 में देखी गई थी। क्या हम भूल सकते हैं कि 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट, जिसे 1772 का ईस्ट इंडिया कंपनी एक्ट भी कहा जाता है, वह ग्रेट ब्रिटेन की संसद का एक अधिनियम था। जिसका उद्देश्य भारतीय क्षेत्र में ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन के प्रबंधन में आमूल-चूल परिवर्तन करना था। तकनीकी रूप से, यह कंपनी पर संसदीय नियंत्रण और 'भारत में केंद्रीकृत प्रशासन' की दिशा में पहला कदम था।

ब्रिटिश सरकार ने तब संसद में, जो तर्क इस एक्ट के सफाई में दिये थे- यह ईस्ट इंडिया कंपनी के 'अधिकारियों' द्वारा भ्रष्टाचार और लोगों और संपत्ति का कुप्रबंधन को खत्म करने के हेतु है, ऐसे ही कुछ थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे महारानी और ग्रेट ब्रिटेन की गौरवशाली छवि धूमिल हो रही है।

क्या यह ग्रेट ब्रिटेन की संसद की वास्तविक चिंता थी या भारत अर्थात इंडिया पर कब्ज़ा करने का बहाना था?

क्या तब भारत के लोगों के लिए नियम बनाने के तर्कों और अब भारतीय संविधान में बदलाव के लिए सूचीबद्ध किए जा रहे कारणों में कोई समानता है? क्योंकि अगर यह ब्रिटिश शासकों की हमारी और हमारे देश की कोई वास्तविक चिंता होती, तो वे अपने एजेंडे के अनुरूप व्यवस्थाओं को बदलकर अगले 174 वर्षों तक हमारे देश को नहीं लूटते। यह निश्चित रूप से इंडिया यानी भारत के लोगों के व्यापक हित में नहीं था।

इतिहास गवाह है कि बदलाव सदैव कल्याणकारी साबित नहीं होते। इसलिए भारत के पहले से ही नाजुक सामाजिक-आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र में बदलाव या नए बदलाव लाने की शक्ति हासिल करने के बहाने के नतीजों से भी लोगों को सावधान रहना चाहिए। क्योंकि इसके दुष्परिणाम अंततः भारत के लोगों यानी भारत को ही भुगतने पड़ेंगे।

## सीबीआई, ईडी को पीएमओ की निगरानी में लाना सत्ता का खुला दुरुपयोग

■ के रवीन्द्रन

प्रधानमंत्री मोदी की सरकार द्वारा चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीओ) और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) की तर्ज पर भारत के मुख्य जांच अधिकारी (सीआईओ) का एक नया पद बनाने का कथित कदम सर्वोच्च न्यायालय को दरकिनार करने का एक ज़बरदस्त प्रयास है। यह एक संपार्श्विक लक्ष्य के रूप में और सत्तारूढ़ दल के रूप में प्रमुख जांच एजेंसियों के उपयोग को संस्थागत बनाना है, या अधिक सटीक रूप से कहें तो, एक नापाक डिजाइन के हिस्से के रूप में इसे पीएमओ का राजनीतिक उपकरण बनाना है।

रिपोर्टों के मुताबिक, केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के प्रमुख नये अधिकारी को रिपोर्ट करेंगे, जैसे तीनों सेनाओं के प्रमुख सीडीएस और दो खुफिया एजेंसियों के प्रमुख एनएसए को करते हैं।

> **केंद्र अपना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यों दोनों स्तरों पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का चयनात्मक रूप से उपयोग कर रहा है। इतना कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक नेताओं की मनमानी गिरफ्तारी के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।**

इस कदम को इस संदर्भ में देखा जाना चाहिए कि सर्वोच्च न्यायालय ने प्रवर्तन निदेशालय के प्रमुख के रूप में संजय मिश्रा के कार्यकाल के विस्तार को 'अवैध' माना था, जबकि अदालत ने इस तरह के विस्तार की अनुमति नहीं दी थी।

सरकार ने 2021 में कानून में एक संशोधन के तहत अपना बचाव करने की कोशिश की थी, जिसमें सीबीआई और ईडी के प्रमुखों को अधिकतम पांच साल तक के विस्तार की अनुमति दी गई थी, लेकिन अदालत ने कहा कि कानून का इस्तेमाल उसके फैसले को रद्द करने के लिए नहीं किया जा सकता है।

हालांकि, शीर्ष अदालत ने मोदी सरकार की इस दलील के मद्देनजर मिश्रा को 15 सितंबर तक पद पर बने रहने की अनुमति दे दी कि 'व्यापक सार्वजनिक और राष्ट्रीय हित' के लिए उनका पद पर बने रहना आवश्यक है, क्योंकि वह अमेरिकी वित्तीय कार्रवाई कार्य बल के साथ बातचीत के लिए जिम्मेदार थे, जो कुछ पड़ोसी देशों जिसमें पाकिस्तान भी शामिल है, की मांग के मद्देनजर भारत के मामले की समीक्षा कर रहा है। उनकी मांग है कि भारत को 'ग्रे सूची' में डाला जाये। लेकिन इसने मिश्रा के लिए पूर्ण तीसरे कार्यकाल की मांग को खारिज कर दिया, जिन्हें मोदी सरकार सबसे आज्ञाकारी अधिकारी मानती है।

यह व्यापक रूप से देखा गया है कि केंद्र अपना हिसाब-किताब बराबर करने के लिए राष्ट्रीय और राज्यों दोनों स्तरों पर राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाने के लिए केंद्रीय एजेंसियों का चयनात्मक रूप से उपयोग कर रहा है। इतना कि विपक्षी दलों ने राजनीतिक नेताओं की मनमानी गिरफ्तारी के खिलाफ सुरक्षा की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था।

जहां एक ओर सर्वोच्च न्यायालय ने विपक्षी नेताओं की इस मांग को इस आधार पर खारिज कर दिया था कि गिरफ्तारी के मामले में राजनेताओं पर विशेष प्रावधान नहीं किया जा सकता है, वहीं मिश्रा के विस्तार से संबंधित मामले में उसके रुख से पता चलता है कि वह अच्छी तरह से जानती है कि देश में इस संबंध में क्या चल रहा है।

केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग के मामले को समझना कोई रॉकेट साइंस नहीं है और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स की समीक्षा विवादास्पद ईडी निदेशक की केंद्र के गंदे कामों के लिए निरंतर उपलब्धता सुनिश्चित करने का एक बहाना मात्र है। यदि विचार एफएटीएफ की समीक्षा को सुविधाजनक बनाने के लिए था, तो सरकार उन्हें विशेष कर्तव्य पर एक अधिकारी के रूप में नियुक्त कर सकती थी, लेकिन वह जो परिकल्पना करती है वह पूरी तरह से अलग व्यवस्था है।

नई व्यवस्था के तहत, प्रवर्तन निदेशालय और सीबीआई दोनों का परिचालन पर्यवेक्षण नये अधिकारी को सौंपा जायेगा, जो सीधे प्रधानमंत्री कार्यालय को रिपोर्ट करेगा, जिसकी गतिविधियां केंद्रीय एजेंसियों से जुड़े कई मामलों में संदेह के दायरे से ऊपर नहीं रही हैं।

मौजूदा व्यवस्था के अनुसार, दोनों एजेंसियां स्वतंत्र रूप से काम करती हैं। ईडी केंद्रीय वित्त मंत्रालय के राजस्व विभाग के तहत काम करती है और सीबीआई कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय के तहत काम करती है। जबकि तकनीकी रूप से दोनों संबंधित प्रशासनिक मशीनरी के अधीन बने रहेंगे, एक सामान्य प्रमुख की नियुक्ति एजेंसियों को राजनीतिक शक्तियों की इच्छाओं के प्रति अधिक लचीला बनाती है।

परिवर्तन के लिए उद्धृत प्रत्यक्ष कारण ईडी और सीबीआई की जांच के क्षेत्रों में ओवरलैपिंग का जोखिम है। जबकि ईडी मुख्य रूप से वित्तीय धोखाधड़ी पर ध्यान केंद्रित करता है, जिसमें मनीलॉन्ड्रिंग और फेमा उल्लंघन से संबंधित मामले शामिल हैं, ऐसे मामलों की कोई कमी नहीं है जहां सीबीआई भ्रष्टाचार और अन्य आर्थिक अपराधों को भी उठाती है। एक साझा प्रमुख काफी तालमेल लाने में मदद करेगा, लेकिन इसके परिणामों को देखना मुश्किल नहीं है।

राजनीतिक असहमति को कुचलने और 'प्रतिनिधि लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचाने' के लिए जांच एजेंसियों का खुला दुरुपयोग किया गया है। एजेंसियों का इस्तेमाल कथित तौर पर खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देने के लिए भी किया जा रहा है ताकि राज्यों में भाजपा समर्थक व्यवस्थाएं स्थापित की जा सकें।

महाराष्ट्र, कर्नाटक और अन्य राज्यों में जो हुआ उससे हम सभी परिचित हैं, जहां केंद्र में सत्तारूढ़ दल के पक्ष में स्थिति को बदलने के लिए केंद्रीय एजेंसियों को एक राजनीतिक उपकरण के रूप में इस्तेमाल किया गया है।

यह बताया गया है कि जहां 2004 से 2014 के बीच सीबीआई द्वारा जांच किये गये 60 प्रतिशत से कम राजनीतिक नेता विपक्षी दलों से थे, वहीं मोदी सरकार के तहत 95 प्रतिशत से अधिक मामलों में विपक्षी राजनेताओं को निशाना बनाया गया। यही पैटर्न ईडी के मामले में भी है, जिसमें 95 प्रतिशत जांच राजनीतिक विरोधियों को निशाना बनाते हुए देखा गया है।

### पावन प्रसंग

## व्यक्ति और समाज के बीच समन्वय

मनुष्य जीवन का निर्माण ही कुछ इस तरह से हुआ है कि वह न तो अपने आप में पूर्ण है और न सर्वथा आत्मनिर्भर। हम सबको अपनी जीवन यात्रा पूरी करने के लिए एक दूसरे के सहयोग एवं सहायता की आवश्यकता होती है। अकेले एकाकी जीवन चला लेना हमारे किसी एक के लिए संभव नहीं है। हमारे जीवन का आधार हमारी सामूहिक भावना ही है। इसी भावना के बल पर मानवों की उन्नति और मानव सभ्यता का विकास हुआ है। यदि यही सामूहिक भावना न रही होती, सहायता, सहयोग और पारस्परिकता का अभाव रहा होता तो आज हम अपने को जिस उन्नत दशा में देख रहे हैं, उसमें न देखते, बल्कि अन्य पशुओं की भांति ही असंस्कृत तथा असभ्य जीवनयापन कर रहे होते। हम में यथार्थ मनुष्यता का विकास, सहयोग एवं सामूहिक भावना के आधार पर ही हुआ है, और पुनः इसको सुरक्षित एवं विकासशीलता रखने के लिए इसी आधार को दृढ़ तथा स्थायी बनाना होगा।

आज हम मनुष्य को जिस सुख-सुविधापूर्ण व्यवस्थित जीवन में देख रहे हैं, उसका सारा श्रेय उसकी उस सामूहिक एवं परस्पर सहयोग की भावना को ही है। मनुष्य ने इस ऊबड़-खाबड़ धरती को अपने निवास के योग्य बनाया है। बड़े-बड़े पर्वतों, जंगलों और सागरों में घुसकर जीवन-निर्वाह के साधन खोज निकाले हैं। कृषि और उद्योग धंधों का जो विकास किया है, वह क्या एक-एक करके किन्हीं अकेले मनुष्यों ने किया है? नहीं, निश्चित रूप से नहीं। यह उसकी वह सामूहिक एवं सामाजिक चेतना ही थी, जिसको आधार बनाकर वह जीवन पथ पर आगे बढ़ा है। जिस प्रकार आदिम युग में सामूहिक भावना की आवश्यकता थी, वैसे ही विकसित युग में भी उसकी आवश्यकता है। यह बड़े-बड़े कारोबार, कल-कारखाने, बड़ी-बड़ी योजनाएं और बड़े-बड़े निर्माण क्या बिना सहयोग के चल सकते हैं? संसार की वर्तमान व्यवस्था और उपस्थित उपलब्धियां तब तक ही ठहरी हुई हैं, जब तक संसार में सामाजिक चेतना का महत्व बना हुआ है। मनुष्य तब तक ही मनुष्य रूप में रह रहा है, जब तक उसकी सामाजिक चेतना सुरक्षित है, उसकी भावनाएं व्यापक एवं सार्वभौमिक हैं। अपने अस्तित्व के इस आधारभूत तथ्य का त्याग करते ही मानव सभ्यता का प्रलय हो जाएगा और आदिम कालीन बर्बर युग का शुभारंभ शुरु हो जाएगा। अब ऐसी स्थिति में जो मनुष्य केवल अपने तक ही सीमित रहकर व्यक्तिगत हानि-लाभ पर ही दृष्टि रखता है, वह समाज का विरोधी उसका शत्रु और अहित चिंतक है। सामाजिक चेतना ही मनुष्य में मनुष्यता का लक्षण है, वैसे वह भी अन्य जीवों की तरह ही एक जीव है।

हम सब अब एक सभ्य संसार के सुसंस्कृत मानव समाज के सदस्य हैं। इस सत्य से न तो इंकार किया जा सकता है और न इस सहज दायित्व से त्यागपत्र दिया जा सकता है। अस्तु, हम सब अपने इस महान दायित्व का पालन करने के लिए विवश हैं। अब जो दायित्व अनिवार्य है, अपरिहार्य है तो उसको खुशी-खुशी क्यों न निभाया जाए। हम क्यों न एक शिष्ट, सभ्य और सच्चे नागरिक बनें? इसी में हमारी और हमारे समाज की शोभा, सुरक्षा एवं स्वस्ति है। हम सब सबसे सभ्य, सच्चे नागरिक हैं इसकी प्रामाणिकता के लिए हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी व्यक्तिगत सुख-सुविधा और मान-प्रतिष्ठा के लिए समाज पर ऐसा कोई आघात न करें, जिससे उसकी शक्ति क्षीण हो, उसमें विश्रृंखलता अथवा निर्बलता आए। ऐसा कोई भी काम करना हमारे लिए अवांछनीय है, जिससे समाज में अशांति अथवा असुरक्षा की भावना बढ़े। हमारा नैतिक, सामाजिक तथा धार्मिक कर्तव्य है कि हम अपने सुख को पीछे रखकर समष्टिगत मंगल की कामना करें। स्वार्थ को त्यागकर परमार्थ को ग्रहण करें।

**युग निर्माण योजना**

### आपके पत्र

## भारत के वैज्ञानिकों की उपलब्धि असाधारण, जश्न में डूबा भारत

चांद के दक्षिण ध्रुव पर चन्द्रयान-3 की लैंडिंग के बाद भारत ने इतनी बड़ी खुशी कभी नहीं महसूस की होगी जितनी इस बार देखने को मिली है। भारत माता के जयकारों से गली-मोहल्लों में जश्न का माहौल है। चन्द्रयान मिशन टॉक ऑफ टाउन हो गया है। चौक-चौराहो पर चन्द्रयान- 3 की सफलता की बात होती सुनाई दे रही है। बड़े, बच्चे और वृद्ध की जुबान पर चन्द्रयान की बात है। यह भारत के वैज्ञानिकों की अथक मेहनत रंग लाई है। मोदी ने इस कामयाबी पर इसरो को बधाई देते हुए भारत के 140 करोड़ लोगों को भी चन्द्रयान-3 की लैंडिंग की सफलता पर बधाइयां दीं। विक्रम लैंडर और प्रज्ञान रोवर जानकारी भेजेंगे। रोवर जानकारी उपलब्ध कराने के बाद चन्दमा की सतह पर जीवन की संभावना की जानकारी हासिल हो सकेगी। चन्द्रयान मिशन भारत की इस उपलब्धि से दुनिया नतमस्तक हो चुकी है। भारत की इमेज में चार चांद लग गया है। चंदामामा दूर के- इस अवधारणा को वैज्ञानिकों ने मन में पलने वाले भ्रम को तोड़कर भारत को प्रसिद्धि दिलाई है। सौर मंडल के राज खोलने में चन्द्रयान की अहम भूमिका रहेगी। भारत को दुनिया का ध्रुव तारा करार दिया जा रहा है। पश्चिमी देशों की दृष्टि पूर्व की तरफ है। दुनिया भारत के पांव पखारने के लिए लालायित है। हर मिशन की कामयाबी महान संस्कृति की परिचायक है जिसका लोहा दुनिया ने माना है। भारत को गरीब और बेचारा देश समझने वालों के गाल पर करारा तमाचा है। दुनिया में भारत की यह कामयाबी देशवासियों की है। आस्था और लगन से दूरदर्शी मकसद को सफल बनाने का कार्य देश की जनता ने किया है। भारत कभी पीछे मुड़कर नहीं देखता है। चांद के बाद मिशन सूरज के लिए वैज्ञानिक तैयारी कर रहे हैं। सूरज तक पहुंचने की आदित्य-1 की लॉन्चिंग हो सकती है। 378 करोड़ के अनुमानित खर्च से नवनिर्मित आदित्य-1 की लॉन्चिंग के बाद भारत विश्व का पहला देश होगा, जिसकी कामयाबी का कोई सानी नहीं है। सूर्य की निगरानी के लिए भेजे जा रहे इस आदित्य-1 उपग्रह के सभी उपकरणों का परीक्षण पूरा हो गया है। सूर्य को जानने के लिए अमेरिका ने करीब 22 मिशन भेजे सबसे ज्यादा नासा ने भेजा है। दुनिया में भारत का डंका बज गया है। अब चीन जैसे देश भारत से सौ कदम दूर रहने की सोच रहा है।

**कांतिलाल मांडोत, सूरत**

*प्रकाशक, मुद्रक : राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लि. के लिए 506, आई.एन.एस. बिल्डिंग, 9, रफी मार्ग, नई दिल्ली से प्रकाशित एवं बीएफएल इंफोटेक लि., सी 9, सेक्टर-3, नोएडा से मुद्रित। सम्पादक : राजीव रंजन श्रीवास्तव, (पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। आर.एन.आई. नं. DELHIN/2008/24216. दिल्ली कार्यालय :फोन: 011-23718195,23357784, फैक्स: 011-43581404, नोएडा कार्यालय: फोन: 0120-4114404 फैक्स: 0120-4273770*

*ई-मेल: deshbandhudelhi@gmail.com वेब: www.deshbandhu.co.in*

## चीन में सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मौत

**बीजिंग।** चीन के शांक्सी प्रांत में एक एक्सप्रेस वे सुरंग में हुई दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई है।स्थानीय अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शाम पांच बजकर 24 मिनट पर हुई जब बुधवार को 32 लोगों को ले जा रहा एक वाहन कैंगझोउ-यूलिन एक्सप्रेसवे पर फेनघुआंगलिंग सुरंग की दीवार से टकरा गया। स्थानीय यातायात पुलिस के अनुसार, दुर्घटना में चालक और चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में भेजा गया है। दुर्घटना की जांच की जा रही है।

# देश विदेश

# ब्रिक्स, अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के इस्तेमाल का पक्षधर

- ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने पर दिया जोर
- सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला को मजबूत की भी वकालत की




ब्रिक्स शिखर सम्मेलन

**जोहान्सबर्ग,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की घोषणा में गुरुवार को कहा गया कि ब्रिक्स के सदस्य देश अंतरराष्ट्रीय व्यापार में राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग के साथ-साथ संगठन के भीतर वित्तीय मामलों के निपटान में इनके इस्तेमाल के पक्षधर हैं।

घोषणा में कहा गया, हम ब्रिक्स और उनके व्यापारिक साझेदारों के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार और वित्तीय लेनदेन में स्थानीय मुद्राओं के उपयोग को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर देते हैं। हम ब्रिक्स देशों के बीच बैंकिंग नेटवर्क को मजबूत करने और स्थानीय मुद्राओं में भुगतान करने का मजबूती प्रोत्साहित करते हैं। सदस्य देशों ने आपस में आपूर्ति श्रृंखला और भुगतान प्रणाली को मजबूत करने के उद्देश्य से आगे सहयोग की भी वकालत की है।

उन्होंने कहा, हम व्यापार और निवेश प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए आपूर्ति श्रृंखलाओं और भुगतान प्रणालियों की इंटरकनेक्टिविटी को बढ़ाने के लिए ब्रिक्स देशों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करते हैं। हम सेवाओं में व्यापार पर सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क में स्थापित सेवाओं में व्यापार में आदान-प्रदान और सहयोग को मजबूत करने के लिए सहमत हैं। ब्रिक्स व्यापार परिषद और ब्रिक्स महिला व्यापार गठबंधन (डब्ल्यूबीए) का उद्देश्य सेवा सहयोग रोडमैप में ब्रिक्स व्यापार और व्यावसायिक सेवाओं में व्यापार में सहयोग के लिए ब्रिक्स फ्रेमवर्क सहित प्रासंगिक दस्तावेजों के कार्यान्वयन को बढ़ावा देना है।

## अगले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहा हूं : मंडेला

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला के पोते एवं संसद सदस्य ज्वेलिवेलिले मंडेला ने कहा है कि वह रूस में 2024 में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का इंतजार कर रहे हैं। इससे पहले दिन में, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि रूस, अगले साल ब्रिक्स का अध्यक्ष पद ग्रहण करेगा एवं अक्टूबर 2024 में कज़ान शहर में ब्लॉक के अगले शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। श्री मंडेला ने मंगलवार से गुरुवार तक जोहान्सबर्ग में चल रहे मौजूदा ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर कहा, हम अगले साल रूस में शिखर सम्मेलन देखने की उम्मीद कर रहे हैं और हमारा मानना है कि वही पर बहुत सारे निर्णय लिए जाएंगे। दक्षिण अफ्रीकी सांसद का यह भी मानना है कि नए सदस्यों को समूह में शामिल होने की अनुमति देने से पहले एक या दो सम्मेलन का समय लग सकता है क्योंकि अभी भी कई चीजें हैं जिन्हें मानदंड और शर्तों के संदर्भ में स्थापित करने की आवश्यकता है। ब्रिक्स ,दुनिया की सबसे बड़ी विकासशील अर्थव्यवस्थाओं ब्राजील, रूस, भारत, चीन और दक्षिण अफ्रीका को एकजुट करता है।

## ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्वक हो : ब्रिक्स




**जोहान्सबर्ग।** ब्रिक्स देशों ने ईरान के परमाणु मुद्दे का समाधान शांतिपूर्ण और कूटनीतिक रूप से करने की आवश्यकता जतायी है। ब्रिक्स ने यह बात गुरुवार को जोहानसबर्ग शिखर सम्मेलन के बाद जारी एक घोषणापत्र में कही। घोषणापत्र में कहा गया, हम ईरानी परमाणु मुद्दे का समाधान अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार शांतिपूर्ण और कूटनीतिक माध्यमों से करने की आवश्यकता को दोहराते हैं। ब्रिक्स ने संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) की पूर्ण बहाली और प्रभावी क्रियान्वयन की भी वकालत की। बयान में कहा गया, हम अंतरराष्ट्रीय परमाणु अप्रसार के साथ-साथ व्यापक शांति एवं स्थिरता के लिए जेसीपीओए और यूएनएससीआर 2231 को संरक्षित करने के महत्व पर बल देते हैं और आशा करते हैं कि संबंधित पक्ष जल्द से जल्द जेसीपीओए का पूर्ण और प्रभावी क्रियान्वयन करेंगे।

## दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शुक्रवार 25 अगस्त , 2023 श्रावण शुक्ल पक्ष 7

### राशिफल

मेष -आज सांसारिक विषयों से दूर रहकर आध्यात्मिक विषयों में व्यस्त रहेंगे। गहन चिंतनशक्ति हर परेशानी में आपकी सहायता करेगी। रहस्यमयी विद्या के प्रति आज आपको अधिक आकर्षण रहेगा।

वृषभ -आज आपको गृहस्थजीवन में सुख का अनुभव होगा। परिजन तथा निकट के रिश्तेदारों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बनेगा। किसी छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। विदेश में रहने वाले रिश्तेदारों से बातचीत होगी।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए शुभ फलदायी है। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आपके अधूरे काम पूरे होंगे। इससे आप को यश और कीर्ति मिलेगी। आर्थिक लाभ भी मिलेगा।

कर्क -आज का दिन शांतिपूर्ण तरीके से रहें। आज आप का शारीरिक तथा मानसिक आरोग्य अच्छा नहीं रहेगा। शारीरिक रुप से पेट की पीड़ा रहेगी। मानसिक रूप से चिंता में रहेंगे। आकस्मिक खर्च होगा। वाद-विवाद को टालें।

सिंह -आज हर मामले में सावधानी बरतें। वाणी और व्यवहार में संयम बरतें। माता के साथ विवाद होने की संभावना है। आपके मन पर वैचारिक रुप से नकारात्मकता छा सकती है।

कन्या -आज शारीरिक ताजगी और प्रसन्नता का अनुभव होने से मन शांत रहेगा। काम में भी सफलता प्राप्त होगी। परिजनों और स्नेहीजनों के साथ संबंधों में मधुरता बनी रहेगी। उनका सहयोग भी आपको प्राप्त होगा।

तुला -मानसिक दुविधा के कारण किसी निर्णय पर आना संभव नहीं हो पाएगा। आज आवश्यक काम की शुरूआत के लिए भी दिन उचित नहीं है। अपने व्यवहार में जड़ता के कारण आपको ही दु:ख होने की संभावना अधिक है।

वृश्चिक -आज आपको शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता का अनुभव होगा। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ मुलाकात से आनंद होगा। किसी रमणीय स्थल पर प्रवास या पर्यटन की संभावना अधिक है।

धनु -आज अपनी बोली पर संयम रखें। आपको किसी बात पर गुस्सा भी आ सकता है। इससे किसी के साथ वाद-विवाद हो सकता है। मानसिक रूप से चिंता सताएगी। दुर्घटना से सावधान रहें। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा।

मकर -आज का दिन लाभदायी है। संबंधियों और मित्रों से आनंददायी मुलाकात होगी। विवाहोत्सुकों को इच्छित जीवनसाथी मिलने से आनंद में वृद्धि होगी। व्यापार की दृष्टि से भी लाभदायी दिन है।

कुंभ -आज आपकी शारीरिक और मानसिक स्थिति अच्छी रहेगी। व्यावसायिक क्षेत्र में आपके काम की प्रशंसा होगी, जो कि आपके लिए आनंददायी रहेगी। कार्यालय में सहकर्मियों का भी सहयोग मिलेगा।

मीन -आज अधिकारियों के साथ संबंधों में दरार न पड़े, इसका ध्यान रखें। शारीरिक शिथिलता और मानसिक चिंता बनी रहेगी। विरोधियों के साथ वाद-विवाद को टालें।

**नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।**

## आज का इतिहास

1351-सुल्तान फिरोजशाह तुग़लक़ तृतीय की ताजपोशी

1916-टोटनबर्ग के युद्ध में रूस ने जर्मनी को पराजित किया।

1940-लिथुआनिया, लातविया और एस्तोनिया सोवियत संघ में शामिल हुए।

1957-भारतीय पोलो टीम ने विश्व कप जीता।

1963-सोवियत संघ के नेता जोसेफ स्टालिन के सोलह विरोधियों को फाँसी पर चढ़ा दिया गया।

1977-सर एडमंड हिलेरी का सागर से हिमालय अभियान हल्दिया बंदरगाह से शुरू।

1980-जिम्बाब्वे संयुक्त राष्ट्र में शामिल हुआ।

1991-बेलारूस सोवियत संघ से अलग होकर स्वतंत्र देश बना।

1994-भारतीय महिला पहलवान विनेश फोगाट का जन्म।

1997-मासूमा, इब्तेकार ईरान की पहली महिला उपराष्ट्रपति नियुक्त।

2001-लंदन में आस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर शेनवार्न टेस्ट क्रिकेट के इतिहास में 400 टेस्ट विकेट लेने वाले पहले स्पिन गेंदबाज बने।

2003-मुंबई के गेटवे ऑफ़ इंडिया और मुंबी देवी मंदिर के पास हुए कार बम विस्फोट में 50 से ज़्यादा लोगों की मौत हो गई तथा 150 से अधिक घायल हो गए।

2008-मध्य प्रदेश सरकार ने वर्ष 2008-09 के लिए सरकारी स्कूलों के सभी छात्रों को बीमा करने का अनुरोधन किया।

2011-श्रीलंका की सरकार ने देश में घोषित आपातकाल को 30 वर्ष बाद वापस लिया।

2012-चाँद पर कदम रखने वाले दुनिया के पहले अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रांग का निधन।




## जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण का दूसरा प्रयास विफल रहा : उ कोरिया

**प्योंगयांग,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया ने कहा है कि जासूसी उपग्रह प्रक्षेपण करने का उसका दूसरा प्रयास विफल हो गया है। दक्षिण कोरिया की योनहाप समाचार एजेंसी ने कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) के हवाले से यह खबर दी है।

समाचार एजेंसी के मुताबिक, उत्तर कोरिया अक्टूबर में उपग्रह के तीसरे प्रक्षेपण का प्रयास करेगा। योनहाप ने पहले दक्षिण कोरिया की सेना का हवाला देते हुए बताया था कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को एक तथाकथित अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान प्रक्षेपित किया।

# चीन बांग्लादेश में बाहरी हस्तक्षेप का करता है विरोध : जिनपिंग



- ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को दी यह जानकारी

**ढाका,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने कहा कि चीन बंगलादेश में बाहरी हस्तक्षेप का विरोध करता है और उसकी राष्ट्रीय संप्रभुता, स्वतंत्रता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा का समर्थन करता है, जिससे बंगलादेश में एकता एवं अखंडता लगातार बनी रहे और उसका विकास एवं पुनरोद्धार हो सके। ढाका में चीनी दूतावास ने एक बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी।

दूतावास ने बयान में कहा गया कि श्री जिनपिंग ने ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बंगलादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ बैठक की, जिसमें दोनों पक्षों ने आधारभूत संरचना, सूचना प्रौद्योगिकी, नई ऊर्जा और कृषि सहित अन्य क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने का आग्रह किया। दोनों देशों के नेताओं के बीच यह बैठक 15वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर बुधवार शाम को होटल हिल्टन सैंडटन में हुई। चीनी राष्ट्रपति ने चीन और बंगलादेश की उच्च गुणवत्ता वाली बेल्ट एंड रोड सहयोग पर जोर देने और अपनी आर्थिक पूरकता को समुचित अवसर प्रदान करने पर वार्ता हुई।श्री जिनपिंग ने कहा कि चीन और बंगलादेश के बीच पारंपरिक मित्रता है और दोनों पक्षों ने 2016 में द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक सहकारी साझेदारी को आगे बढाया है। मौजूदा समय में चीन और बंगलादेश दोनों अपने देश के विकास और पुनरुद्धार के एक महत्वपूर्ण चरण में हैं और चीनी पक्ष बंगलादेश के साथ विकास रणनीतियों के तालमेल को और मजबूत करने, विभिन्न क्षेत्रों में व्यावहारिक सहयोग को बढ़ावा देने, द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी को एक नए स्तर पर लेकर जाने और दोनों देशों के नागरिकों को बेहतर लाभ पहुंचाने के लिए इच्छुक है। रिपोर्ट के अनुसार, चीनी पक्ष अपने-अपने मूल हितों से जुड़े मुद्दों पर एक-दूसरे का मजबूती से समर्थन करने और बंगलादेश के साथ काम करना जारी रखने को इच्छुक है।

## वैगनर प्रमुख प्रिगोझिन की विमान दुर्घटना में मौत

**मॉस्को/वाशिंगटन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। रूस में निजी सेना वैगनर के प्रमुख येवगेनी प्रिगोझिन की मॉस्को के पास टवर क्षेत्र में एक विमान दुर्घटना में मौत हो गई है। रुस की हवाई परिवहन संघीय एजेंसी ने बुधवार को इसकी पुष्टि की।



एजेंसी द्वारा अपने टेलीग्राम अकाउंट पर जारी सूची के अनुसार, प्रिगोझिन उन दस लोगों में शामिल थे, जिनकी बुधवार को विमान दुर्घटना में मौत हो गयी थी। एजेंसी ने पहले कहा था कि टवर क्षेत्र में विमान दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी गई है, जिसमें कहा गया है कि यात्रियों में येवगेनी प्रिगोझिन भी शामिल थे। रूस के आपातकालीन स्थिति मंत्रालय ने कहा कि मॉस्को से सेंट पीटर्सबर्ग जा रहा एक निजी एम्ब्रेयर विमान बुधवार को टवर क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना में विमान में सवार सभी दस लोगों की मौत हो गई।

व्हाइट हाउस प्रेस पूल के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन को इसके बारे में जानकारी दी गई। दुर्घटना के बारे में पूछे जाने पर श्री बाइडेन ने कहा, मैं वास्तव में नहीं जानता कि क्या हुआ लेकिन मैं आश्चर्यचकित नहीं हूं।

## रूस ने यूक्रेन के ड्रोन हमले को किया नाकाम

**मास्को।** रूस ने ब्रांस्क और कलुगा क्षेत्रों में तीन मानव रहित हवाई वाहनों (यूएवी) को नष्ट करके यूक्रेन के ड्रोन हमले को रोक दिया है। रूस रूसी रक्षा मंत्रालय ने बयान में गुरुवार को यह जानकारी दी। मंत्रालय के कहा, इस रात, विमान-प्रकार के मानव रहित हवाई वाहनों द्वारा आतंकवादी हमलों को अंजाम देने के कीव शासन के प्रयास को विफल कर दिया गया। ब्रांस्क क्षेत्र में वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा दो यूएवी को नष्ट कर दिया गया। एक और यूक्रेनी ड्रोन का पता लगाया गया और कलुगा क्षेत्र के ऊपर वायु रक्षा प्रणालियों द्वारा नष्ट कर दिया गया।

## कंबोडिया के नए प्रधानमंत्री ने विकास को बढ़ावा देने के लिए शुरू की रणनीति

**नोम पेन्ह,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। कंबोडिया के नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री हुन मानेट ने गुरुवार को पहली कैबिनेट बैठक के दौरान ' पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण 2023-2028' लॉन्च की।

कार्यक्रम में हुन मानेट ने कहा कि रणनीति विकास को बढ़ावा देने, नौकरियां पैदा करने, समानता सुनिश्चित करने, दक्षता बढ़ाने और कंबोडिया विजन 2050 को साकार करने की यात्रा में स्थिरता बनाए रखने के लिए डिज़ाइन की गई थी। उन्होंने कहा, अगले 25 वर्ष कंबोडिया के लिए एक नया चक्र होंगे, और देश अपने राष्ट्रीय गौरव को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की इच्छा रखता है । उन्होंने कहा, कंबोडिया की शाही सरकार पेंटागोनल रणनीति-प्रथम चरण के लिए पांच प्रमुख प्राथमिकताओं की पहचान करती है, अर्थात् लोग, सड़क, पानी, बिजली और प्रौद्योगिकी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि रणनीति का मिशन कड़ी मेहनत से हासिल की गई शांति की रक्षा और पोषण करना और 2030 तक उच्च मध्यम आय वाला देश और 2050 तक उच्च आय वाला देश बनने के मील के पत्थर को हासिल करने के लिए राष्ट्रीय विकास में तेजी लाना है।

**धार्मिकता** सैद्धांतिक तौर पर समय से पहले समाप्त की जा चुकी है यात्रा

# अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.5 लाख श्रद्धालु

**जम्मू,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। कई दिन पहले ही सैद्धांतिक तौर पर खत्म हो चुकी अमरनाथ यात्रा में इस बार शामिल हुए 4.50 लाख श्रद्धालुओं की संख्या से अमरनाथ श्राइन बोर्ड खुश है। इस पर श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संतुष्टि जताई है। हालांकि अमरनाथ यात्रा का धार्मिक समापन 31 अगस्त को रक्षा बंधन के दिन होना है।

आज उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने श्रीनगर के लाल चौक स्थित दशनामी अखाड़े में पारंपरिक छड़ी-पूजन में भी भाग लिया। छड़ी मुबारक 26 अगस्त को दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले में 14,500 फीट की ऊंचाई पर स्थित पवित्र अमरनाथ गुफा के लिए रवाना होगी।

- श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने संतुष्टि जताई

जानकारी के लिए अमरनाथ यात्रा में पवित्र हिमलिंग के दर्शनों के अतिरिक्त सर्वाधिक महत्व की चीज छड़ी मुबारक है। सरकारी तौर पर भले ही यात्रा की तिथियां कुछ भी हो, लेकिन पौराणिक मान्यताओं के अनुसार यात्रा की अवधि छड़ी मुबारक से जुड़ी है है। अर्थात व्यास पूर्णिमा से श्रावण पूर्णिमा यानि रक्षा बंधन तक।

इस बार इसमें 4.50 लाख श्रद्धालु शामिल हुए हैं। पर



अमरनाथ यात्रा के प्रति एक रिकार्ड सबसे ज्यादा श्रद्धालुओं के शामिल होने का वर्ष 2011 की यात्रा में बना था जब रिकार्ड तोड़ 6.35 लाख श्रद्धालुओं ने इस यात्रा में शिरकत की थी। जानकारी के लिए वर्ष 2007 से लेकर वर्ष 2019 के आंकड़ों पर अगर एक नजर दौड़ाएं तो वर्ष 2016 में, जब हिज्बुल मुजाहिदीन के पोस्टर ब्याय बुरहान वानी की मौत हुई थी, सबसे कम 2.20 लाख श्रद्धालु यात्रा में शामिल हुए थे। जबकि चौंकाने वाली बात यह है कि वर्ष 2008 में जब अमरनाथ भूमि आंदोलन को लेकर जम्मू में दो माह तक लगातार आंदोलन, हड़ताल और कर्फ्यू लागू रहा था तब भी सरकारी रिकार्ड के मुताबिक, 5.50 लाख श्रद्धालुओं ने 14500 फुट की ऊंचाई पर स्थित अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन किए थे। हालांकि इस आंकड़े पर आज भी संदेह व्यक्त किया जाता रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, वर्ष 2007, 2008, 2009, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2015, 2016, 2017 तथा 2018 में क्रमश: 2.63, 5.50, 3.75, 4.59, 6.35, 6.20, 3.53, 3.72, 2.20, 2.60 तथा 2.85 लाख श्रद्धालुओं ने शिरकत की। इस बार अमरनाथ गुफा में बनने वाले हिमलिंग के दर्शन के लिए 62 दिन की वार्षिक अमरनाथ यात्रा दक्षिण कश्मीर के पहलगाम में पारंपरिक 48 किमी लंबे नुनवान मार्ग और मध्य कश्मीर के गांदरबल में 14 किमी लंबे बालटाल मार्ग से 30 जून को शुरू हुई थी।

## सुडोकू 6296

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 9 | | | 5 | | | |
| | 5 | 1 | | | 6 | | 4 | |
| 8 | | | | | | 1 | | |
| 7 | | | | 8 | 9 | | 3 | |
| | | 3 | | | | 5 | | |
| | 1 | | 2 | 5 | | | | 6 |
| | | 2 | | | | | | 4 |
| | 4 | | 1 | | | 3 | 5 | |
| | | | 5 | | | 8 | 6 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6296

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | ■ | २३ | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१. इधर-उधर की बातें, गपशप
३. जहर पीना
५. हमेशा
६. वृद्धिकारक
७. बचा-खुचा
९. कलदार
१०. नियमबद्ध करना,
१२. नायाब
१३. यात्रियों का दल (उर्दू)
१४. क़त्ल करने की जगह
१६. निर्माण, सृजन
१८. नीति-विरुद्ध
२०. निषिद्ध, मनाही
२१. झूठ बोलने वाला
२३. किसी कहानी का मूल

**ऊपर से नीचे:-**

१. बुढ़ापा
२. स्वर्णनिर्मित
३. चीरने वाला, दिल दहलाने वाला
४. वर्षा ऋतु
५. निवारण, हल
८. रजामंद होना (मुहावरा)
१०. अवरोध रहित
११. अफसोस, दुख
१२. लाड़-प्यार, स्नेह
१३. वैधानिक (उर्दू)
१४. अधीनस्थ
१५. मुल्तवी, आगे के लिए बढ़ाया
१७. एक प्रसिद्ध पक्षी
१८. वरना
१९. अंधकार
२२. चिराग

### वर्ग पहेली-6295

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सा | व | २ शे | ष | ■ | ■ | ३ प | रा | ४ म | र्श |
| मू | ■ | ख | ■ | ५ अं | ब | र | ■ | वे | ■ |
| ६ हि | त | र | क्ष | क | ■ | ७ दा | न | शी | ८ ल |
| क | ■ | ■ | ■ | ९ शा | र | दा | ■ | ■ | ल |
| ■ | १० आ | ग्ने | ११ या | त्र | ■ | ■ | १२ अ | ल | का |
| ■ | रो | ■ | पि | ■ | १३ त | था | पि | ■ | र |
| १४ उ | प | १५ स्थि | त | ■ | बे | ■ | १६ तु | १७ ल | ना |
| त्त | ■ | र | ■ | १८ मि | ला | १९ प | ■ | गा | ■ |
| २० म | री | चि | ■ | लिं | ■ | २१ ना | स | म | २२ झ |
| ता | ■ | २३ त्र | यो | द | शा | ह | ■ | ■ | ड़ी |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## दुनिया को जानें

### बांग्लादेश में इस साल डेंगू से 500 से अधिक लोगों की मौत

**ढाका,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीजीएचएस) ने कहा कि इस साल बांग्लादेश में डेंगू से 500 से अधिक मौतें दर्ज की गई हैं, क्योंकि दक्षिण एशियाई देश इस साल मच्छर जनित बीमारी के रिकॉर्ड प्रकोप से जूझ रहा है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने डीजीएचएस के आंकड़ों के हवाले से बताया कि बांग्लादेश में स्थानीय समयानुसार बुधवार सुबह 8:00 बजे से पहले के 24 घंटों में डेंगू से कम से कम 13 और लोगों की मौत हुई है। डीजीएचएस ने कहा कि बुधवार को 24 घंटे की अवधि में 2,070 डेंगू मरीजों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। डेंगू ने इस साल अब तक कम से कम 506 लोगों की जान ले ली है और 106,429 लोग संक्रमित हुए हैं। साल 2000 में बांग्लादेश में पहली बार दर्ज की गई महामारी के बाद से यह सबसे घातक वर्ष है। स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत डीजीएचएस द्वारा बताए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में 23 अगस्त तक 54,597 से अधिक डेंगू के मामले दर्ज किए गए है, जबकि पिछले महीने (जुलाई) में 43,854 लोग मच्छर जनित बीमारी से संक्रमित हुए थे।

# प्रादेशिकी

**राजस्थान में एमआईसीई टूरिज्म की अपार संभावनाएं : रश्मि**

**जयपुर।** राजस्थान में इन दिनों मीटिंग इंसेंटिव्स, कॉन्फ्रेंस, एग्जिबिशन (एमआईसीई) पर्यटन तेज गति से बढ़ रहा है और इसकी प्रदेश में अपार संभावनाए हैं। पर्यटन विभाग की निदेशक डॉ.रश्मि शर्मा के अनुसार एमआईसीई टूरिज्म पर्यटन क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण घटक है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने बजट- 2023-24 के भाषण में देशभर में वेडिंग डेस्टिनेशन के रूप में ख्याति प्राप्त कर चुके जयपुर, उदयपुर एवं अजमेर में अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन एवं प्रदर्शनियों के लिए एमआईसीई सेंटर्स स्थापित किए जाने की घोषणा भी की थी। इस घोषणा को अमलीजामा पहनाने का काम भी शुरू हो चुका है । एमआईसीई सेंटर्स स्थापित करने में 100-100 करोड़ रुपए की लागत आएगी ।

## हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में भूस्खलन से घर और इमारतें भरभरा कर गिरीं

**कुल्लू,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश पर कुदरत का कहर जारी है , जहां बारिश, बादल फटने और भूस्खलन के कारण हो रही भारी तबाही थमने का नाम नहीं ले रही है।

राज्य में गत तीन दिनों से हो रही मूसलाधार बारिश के कारण कुल्लू शहर के आनि बस अड्डे के निकट बुधवार सुबह जमीन धंसने और भारी भूस्खलन के कारण अनेक घर और ऊंची इमारतें ताश के पत्तों की तरह नीचे आ गईं। आसपास की और कई इमारतों के भी ढहने का खतरा बना हुआ है। अभी तक हालांकि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है लेकिन वहां रह रहे लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। सोशल मीडिया पर भूस्खलन का एक वीडियो भी सामने आया है , जिसमें पहाड़ के दरकने से घर और ऊंची इमारतें मात्र कुछ सेकेंड में भरभरा कर गिरती दिखाई दीं।



कुल्लू जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारी घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे। बताया जा रहा है कि इस इलाके में कुछ इमारतें निर्माणाधीन थीं तथा कुछ में दुकानें, शोरूम और बैंक तथा अन्य कार्यालय थे। इनमें कुछ समय से दरारें आ रही थीं। पिछले प्रशासन ने खतरे को भांपते हुये हालांकि कुछ इमारतों को एहतियातन खाली करा लिया था। राहत एवं बचाव कार्य शुरू कर दिया गया है।

मौसम विज्ञान विभाग राज्य में अगले दो दिनों में भारी बारिश की चेतावनी देते हुए रेड अलर्ट जारी किया है। राज्य में गत बुधवार को वर्षाजनित घटनाओं में लगभग 13 लोगों की मौत हो गई थी तथा छह अन्य लापता हैं। अब तक बारिश,बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने की घटनाओं में 2200 से ज्यादा घर तबाह हो चुके हैं और लगभग 10 हजार मकानों को आंशिक नुकसान या इनमें दरारें आई हैं। इससे जहां अनेक परिवार बेघर हो चुके हैं वहीं कुछ जान जोखिमें में डाल कर क्षतिग्रस्त घरों में रह रहे हैं।

राज्य आपदा प्रबंधन विभाग के अनुसार राज्य में 300 से अधिक दुकानें, 4783 गोशालायें बर्बाद हो गई हैं। तीन राष्ट्रीय राजमार्ग, 700 से अधिक सड़कें बंद हैं। लोक निर्माण विभाग के शिमला क्षेत्र सबसे ज्यादा 220, मंडी क्षेत्र में 213, हमीरपुर में 180, कांगड़ा 93 सड़कों पर आवागमन ठप है। 2897 ट्रांसफार्मरों के खराब होने से राज्य के गांवों और शहरों में बिजली गुल रहने से अंधेरा छाया हुआ है। अकेले मंडी जिले में 1142 ट्रांसफार्मरों के ठप हैं। राज्य में अब तक लगभग साढ़े आठ हजार करोड़ रुपये नुकसान का आकलन किया गया है, जो यह 10 हजार करोड़ रुपये तक पहुंच सकता है।

मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को बिलासपुर के काहू और मंडी के कोटला में सबसे ज्यादा 210-210 मिलीमीटर बारिश हुई। इसके अलावा बिलासपुर सदर, बरठी और पंडोह में 180-180 मिमी, कंडाघाट 160, बंगाणा और कसौली 150-150, बलद्वारा 140, शिमला और नैना देवी 130-130 मिमी बारिश रिकार्ड की गई।

## आपदा की चुनौतियों से पार पाने में नीति आयोग हिमाचल की मदद करेगा

**शिमला,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। आपदा की चुनौतियों से पार पाने में नीति आयोग हिमाचल की मदद करेगा। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन. के. बेरी ने पत्र लिख कर हिमाचल को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है। उन्होंने पत्र में आपदा के कुश प्रबंधन में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के प्रयासों की सराहना भी की है। सनद रहे कि इससे पहले विश्व बैंक भी आपदा के कुशल प्रबंधन में फ्रंट पर खड़े रहने व लोगों को हर संभव मदद प्रदान करने के लिए सीएम सुक्खू के नेतृत्व की सराहना कर चुका है। नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन के.बेरी ने एक पत्र के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं बचाव कार्यों की सराहना की। पत्र में कहा गया है कि हिमाचल प्रदेश सरकार , आपदा प्रबंधन टीमों सहित अन्य सभी हितधारक , जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के लिए सराहनीय कार्य कर रहे हैं। नीति आयोग इस चुनौतीपूर्ण समय में राज्य को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

बेरी ने कहा है कि राज्य में भीषण त्रासदी की घटनाएं चौंकाने वाली हैं। इस कारण राज्य में कृषिए समग्र आजीविका और आधारभूत अधोसंरचना को भारी क्षति हुई है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए नीति आयोग संकट के इस समय में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ा है।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने नीति आयोग का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आयोग के प्रोत्साहन से राज्य सरकार को और अधिक तत्परता के साथ राहत एवं बचाव कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंने कहा कि राज्य को इस वर्ष बरसात के दौरान अभी तक 12000 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। प्रदेश सरकार सभी प्रभावितों को हरसंभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से प्रदेश एक बार पुनः इस चुनौतिपूर्ण स्थिति से पार पाते हुए एकजुट होकर उभरेगा।



**राज्य में भीषण त्रासदी की घटनाएं चौंकाने वाली हैं। इस कारण राज्य में कृषि, समग्र आजीविका और आधारभूत अधोसंरचना को भारी क्षति हुई है। आपदा की गंभीरता को देखते हुए नीति आयोग संकट के इस समय में हिमाचल प्रदेश के लोगों के साथ दृढ़ता के साथ खड़ा है : सुमन. के. बेरी, उपाध्यक्ष नीति आयोग**

### सार संक्षेप

#### राजस्थान में विपक्षी दल के रूप विफल रही भाजपा : पायलट

**अजमेर।** राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर केंद्र में सत्तारूढ़ और राजस्थान में विपक्षी दल के रूप में विफल रहने का आरोप लगाते हुए विश्वास जताया है कि इस बार प्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच बारी-बारी से सत्ता मिलने का चलन टूट जायेगा। श्री पायलट अजमेर जिले के विजयनगर में गुरुवार को किसान सम्मेलन को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि इस साल के अंत में होने वाले राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस सत्ता बरकरार रखेगी। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि राजस्थान में भाजपा नेता केवल सो रहे हैं। उनके केंद्रीय नेता दिल्ली से आते हैं और उन्हें जगाने की कोशिश करते हैं लेकिन वो जाग नही पा रहे। भाजपा सरकार नौ साल से केंद्र में शासन कर रही है। लोगों ने पार्टी को वोट दिया और दो बार पूर्ण बहुमत दिया लेकिन पार्टी ने उन्हें धोखा दिया। हर वर्ग से वोट लेने के बाद भी सरकार ने केवल दर्द और दुख दिया। श्री पायलट कहा कि केंद्र सरकार तीन काले कृषि कानून लेकर आई, जिन्हें दिल्ली में बड़ी संख्या में किसानों के विरोध प्रदर्शन के बाद वापस लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि महंगाई आसमान छू रही है लेकिन केंद्र ने यह भी नहीं कहा कि इसे नियंत्रित करने के प्रयास किए जाएंगे। वे केवल चुनाव से पहले आएंगे और मंदिर, मस्जिद, हिंदू, मुस्लिम के नाम पर वोट मांगेंगे।

#### दलित समाज अगले चुनावों में रहेगा भाजपा के साथ : मेघवाल

**जयपुर।** केन्द्रीय कानून राज्य मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने दावा करते हुए कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रभावी नीतियों का दलित वोट बैंक पर गहरा असर पडा है और आगामी विधानसभा चुनाव और अगले वर्ष लोकसभा चुनाव में दलित समाज भाजपा के साथ रहेगा। श्री मेघवाल भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए गुरुवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि दलित स्टडी सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार पिछले लोकसभा चुनाव में दलितों के भाजपा को मिले मतों में वृद्धि आई। उन्होंने बताया कि सेंटर ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव में 36 प्रतिशत दलित वोट प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व के चलते भाजपा को मिले वहीं वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में यह प्रतिशत 39 प्रतिशत हो गया। इस आधार पर कहा जा सकता हैं कि दलित समाज के वोटरों पर भाजपा की समानता के भाव की नीति का गहरा असर हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत रत्न भीमराव अंबेडकर ने संविधान लागू होने के बाद कहा था कि हम एक विरोधाभासी क्षेत्र में कदम रख रहे हैं जहां लोकतांत्रिक समानता वोट के आधार पर तो होगी और एक वोट एक मूल्य होगा। लेकिन सामाजिक क्षेत्र में असमानता होगी।

#### सुडोकू 6296 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 9 | 4 | 1 | 5 | 6 | 8 | 3 |
| 3 | 5 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 4 | 9 |
| 8 | 6 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 5 | 6 | 8 | 9 | 4 | 3 | 1 |
| 6 | 9 | 3 | 7 | 4 | 1 | 5 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 5 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 5 | 8 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 9 | 4 | 6 | 1 | 2 | 8 | 3 | 5 | 7 |
| 1 | 3 | 7 | 5 | 9 | 4 | 8 | 6 | 2 |

## हिमाचल में आपदा से अभी तक 350 लोगों की मृत्यु : सुक्खू

**शिमला,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने यहां कहा कि हिमाचल प्रदेश में बरसात में बाढ़ एवं भू-स्खलन के कारण प्रदेशभर में जान-माल की भारी क्षति हुई है। आपदा में अभी तक 350 से अधिक लोगों की दु:खद मृत्यु हुई है और राज्य को 12000 करोड़ रुपये से अधिक की क्षति का अनुमान है।



श्री सुक्खू ने गुरुवार को कहा कि राज्य सरकार हर व्यक्ति की मदद सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है और संकट की इस घड़ी में ज़रूरतमंदों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए चौबीस घंटे अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के लिए हर जान कीमती है और हर व्यक्ति की सुरक्षा सर्वोपरि है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने मलबा हटाने और बहाली के प्रयासों में तेज़ी लाने के लिए पर्याप्त धन उपलब्ध करवाया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू और मंडी जिलों में भारी बारिश और भू-स्खलन से सड़कें अवरुद्ध होने के कारण विभिन्न स्थानों पर फंसे हुए लोगों को प्रदेश सरकार द्वारा हर संभव सहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि संबंधित जिला प्रशासन लोगों के लिए भोजन और अस्थायी शिविर की नि:शुल्क सुविधा प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अवरूद्ध मार्गों को बहाल करने और स्थिति को सामान्य बनाने के लिए युद्ध स्तर पर प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा कि मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग पंडोह के पास भारी भू-स्खलन के कारण क्षतिग्रस्त हुआ है और इस पर यातायात बहाल करने में काफी समय लगेगा। जिला प्रशासन मंडी द्वारा फंसे हुए लोगों को आश्रय, भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं उपलब्ध करवाने के लिए पंडोह और औट में दो राहत शिविर स्थापित किए हैं। उन्होंने कहा कि बुधवार को इन राहत शिविरों में 800 से अधिक लोगों को भोजन के पैकेट वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 150 व्यक्तियों को कुल्लू जिले के बजौरा राहत शिविर में पका हुआ भोजन उपलब्ध करवाया गया।

श्री सुक्खू ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी सहित विभिन्न स्वयंसेवी संगठन और स्थानीय लोग भी ज़रूरतमंदों को भोजन और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित करने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी राहत शिविरों में उचित व्यवस्थाएं की गई हैं और लोगों को नि:शुल्क भोजन, पानी और आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार सभी फंसे हुए लोगों की तब तक देखभाल सुनिश्चित करेगी जब तक उन्हें सुरक्षित घर नहीं पहुंचा दिया जाता।

## भूवैज्ञानिकों की पांच सदस्य समिति को किया नियुक्त : नेगी

**शिमला,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल में विभिन्न असुरक्षित स्थानों और स्कूलों का आकलन करने के लिए एक समिति का गठन किया गया है, जिसमें पांच सदस्य होंगे। जो प्रदेश में भारी बरसात से हुए नुकसान आकलन करने के साथ-साथ तत्काल रोकथाम के उपाय सुझाएगी। यह जानकारी उपायुक्त शिमला आदित्य नेगी ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस समिति में भूवैज्ञानिक अनिल कुमार सिंह राणा, गौरव शर्मा, सुरेश भारद्वाज, अतुल शर्मा सदस्य के रूप में तथा सहायक भूवैज्ञानिक सुनील वर्मा सदस्य सचिव के रूप में शामिल रहेंगे। उन्होंने बताया कि यह समिति जिला प्रशासन के साथ परामर्श करके सभी अपेक्षित क्षेत्रों का निरीक्षण करेगी और तुरंत रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।



उल्लेखनीय है कि गत दिनों विभिन्न क्षेत्रों से आ रही मांग को लेकर उपायुक्त द्वारा 23 अगस्त को निदेशक उद्योग विभाग को पत्र लिखकर भूवैज्ञानिकों की टीम भेजने का आग्रह किया गया था ताकि शिमला शहर के सभी स्कूलों और विभिन्न असुरक्षित स्थानों का निरीक्षण किया जा सके और उसी के अनुरूप सुधारात्मक कार्रवाई आरंभ की जा सके। इस सम्बन्ध में त्वरित कार्रवाई करते हुए निदेशक उद्योग विभाग द्वारा भूवैज्ञानिकों की टीम को नियुक्त किया गया है।

समिति ने आज प्रथम दिन शिमला शहर के भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला, पुलिस लाइन कैथू, लोरेटो तारा हॉल स्कूल एवं दयानंद पब्लिक स्कूल का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने कहा कि समिति के निरीक्षण का आज पहला दिन था, आने वाले दिनों में भी अन्य स्थानों का आवश्यकता अनुसार निरीक्षण किया जाएगा तथा निरीक्षण के उपरांत समिति अपनी जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी।

## युवा पीढ़ी व समाज को नशे से बचाना हम सबकी जिम्मेदारी : उपायुक्त

**सोनीपत,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हरियाणा में सोनपत उपायुक्त डॉ. मनोज कुमार ने कहा कि जिला में नशा मुक्ति को लेकर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। आज के मौजूदा हालात में युवा पीढ़ी एवं समाज को किसी भी प्रकार के नशे से बचा कर रखना हम सबके लिए अति आवश्यक है। डॉ. कुमार ने कहा कि काफी युवक एवं युवती बदलती जीवनशैली में जाने अनजाने में विभिन्न प्रकार की नशीली दवाओं के प्रति आकर्षित होकर इसके कुचक्र में फंस जाते है, जिसके दुष्परिणाम नशा करने वाले व्यक्ति के साथ साथ उनके परिजनों को भी भुगतने पड़ते हैं। उपायुक्त ने बताया कि प्रदेश भर में युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाने के उद्देश्य से हरियाणा सरकार द्वारा टोल फ्री ड्रग हेल्पलाइन नंबर-9050891508 जारी किया गया है। इस हेल्पलाइन नंबर पर निःशुल्क फोन करके आमजन नशे की रोकथाम से संबंधित कोई भी सूचना दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा नशा मुक्ति को लेकर स्टेट एक्शन प्लान तैयार किया गया है, ताकि युवा नशे की लत से दूर रहे और प्रदेश को ड्रग फ्री हरियाणा बनाया जा सके। इसी कड़ी में नशा मुक्ति को लेकर हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो बनाया गया है ताकि सरकारी विभागों की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए नशामुक्ति को लेकर आवश्यक कदम उठाए जा सकें। इस हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से लोग नशे की रोकथाम संबंधी कोई भी सूचना दे सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा। इसके साथ ही, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो द्वारा नशा करने वाले व्यक्ति की सूचना मिलने पर उसकी नशे की लत छुड़वाने के साथ साथ उसके पुनर्वास की भी व्यवस्था की जाएगी।



## हिमाचल में 750 सड़कें बंद, खोलने का प्रयास जारी : सिंह

**शिमला,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में पिछले 24 घंटे के दौरान हो रही बारिश के कारण भारी नुकसान हुआ है। जगह-जगह पेड़ गिरने और भूस्खलन की घटनाएं सामने आई है, जिसके कारण यातायात शहर में ठप हो गया है। संजौली लक्कड़ बाजार कनलोग सहित अन्य हिस्सों में सड़कें अवरुद्ध हो गई है।



लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह नुकसान का ज्यादा लेने के लिए खुद सड़कों पर उतरे। उन्होंने संजौली लक्कड़ बाजार आईजीएमसी सड़क पर हुए भूस्खलन के नुकसान का जायजा लिया और अधिकारियों को सड़कों को तुरंत बहाल करने के दिशा निर्देश जारी किए हैं।

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश में बारिश को लेकर रेड अलर्ट जारी किया गया है। प्रदेश भर में 750 सड़कें बंद पड़ी है, जिन्हें खोलने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बद्दी हाईवे का ब्रिज भी क्षतिग्रस्त हो गया है इसके अलावा शिमला शहर में भी भारी नुकसान देखने को मिला। बहुत से पेड़ कार्ट रोड पर और लिंक रोड पर गिरे हैं और जगह-जगह लैंड साइड भी हुआ है। पेड़ों को सड़क से हटाने का काम शुरू कर दिया गया है और सड़कों को जल्दी बहाल किया जाएगा। इसको लेकर अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि बारिश होने के चलते मिट्टी काफी कमजोर हो गई है, जिसके चलते जगह-जगह पेड़ गिर रहे हैं। पेड़ो को हटाने का कार्य शुरू किया गया है। साथ ही यदि कोई खतरनाक पेड़ है तो वह विभाग को इसकी सूचना दे। उन्हें तुरंत हटाने का कार्य किया जा रहा है।

उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि दो दिन तक प्रदेश में भारी बारिश होने की आशंका है। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने की जरूरत है और लोग भी अपना पूरा सहयोग प्रशासन को दें। वहीं उन्होंने कहा कि सड़क किनारे ड्रेनेज को लेकर अलग से बजट का प्रावधान किया जा रहा है, इसको लेकर मुख्यमंत्री से भी बात की गई है।

## चुनावी गारंटियों के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला पर निशाना साधा

**शिमला,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। चुनावी गारंटियों के मुद्दे पर भाजपा ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला पर निशाना साधा है। राजीव शुक्ला के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए भाजपा के तीन पूर्व मंत्रियों एवं पार्टी उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कंवर ,डॉ राजीव सैजल एवं गोविंद सिंह ठाकुर ने कहा कि राजीव शुक्ला के नेतृत्व में कांग्रेस पार्टी ने 2022 के चुनाव में अपना घोषणा पत्र बनाया और कांग्रेस की सरकार बनाने के लिए गारंटियों का एक झूठ का पुलिंदा बनाकर हिमाचल प्रदेश की जनता के आगे परोस दिया। उन्होंने कहा कि अब गारंटियों को पूरा करने के बजाय शुक्ला भाजपा पर अंगुलियां उठा रहे हैं।

भाजपा नेताओं ने कहा कि आज प्रदेश में कांग्रेस सरकार शुक्ला द्वारा बुनी गई झूठी गारंटियों के ताने बाने में उलझ कर रह गई है। प्रदेश की 22 लाख बहनों को 1500 रुपए महीना देने की गारंटी के नाम पर कुछ नहीं हुआ। कमोवेश यही स्थिति 5 लाख रोजगार व किसानों , बागवानों को लेकर दी गईगारंटियों की है। उन्होंने कहा कि गुणा भाग के बगैर दी गई गारंटियों के दम पर सत्ता में आई कांग्रेस जनता की सेवा कर गारंटियों को पूरा करने के बजाय नाकामियों का ठीकरा भाजपा के सिर फोड़ रही है। उन्होंने कहा कि जनता कांग्रेस की हरेक गारंटी का हिसाब लेगी।




### महिलाओं को 1500 रुपए देने की गारंटी करें पूरी

उधर भाजपा पार्षद कमलेश मेहता ने सरकार से महिलाओं को राखी के तोहफे के तौर पर 1500 रुपए मासिक देने की गारंटी पूरी करने की मांग की है।उन्होंने कहा कि पूर्व में प्रो. धूमल के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने महिलाओं को रक्षा बंधन , भैयादूज , करवा चौथ पर अवकाश और प्रदेश भर में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान की गई थी। जयराम सरकार में महिलाओं को किराये में 50 फीसद की छूट दी गई। मगर कांग्रेस ने महिलाओं को पहली कैबिनेट बैठक में डेढ़ हजार रुपए मासिक देने की गारंटी के नाम पर छला है। उन्होंने कहा कि सरकार को उस गारंटी को इस बार राखी पर पूरा कर महिलाओं को मिला जीवन भर याद रखने लायक तोहफा देना चाहिए।

## हिमाचल में किसानों को मौसम संबंधी परामर्श के लिए तैयार होगी मोबाइल एप्लिकेशन

**शिमला,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हिमाचल प्रदेश में कृषकों एवं बागवानों की सुविधा के लिए उपयुक्त एप और सूचना प्रणाली विकसित करने में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी एप्लिकेशंस के प्रभावी उपयोग पर चर्चा के लिए गुरुवार को यहां पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के निदेशक डी.सी. राणा की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। श्री राणा ने जलवायु परिवर्तन एवं मौसम पूर्वानुमान पर आधारित सामान्य समूह आधारित किसान सूचना प्रणाली विकसित करने पर जोर दिया ताकि क्राउड सोर्सिंग के उपयोग से मौसम पूर्वानुमान संबंधी जानकारी एसएमएस और व्हाट्स एप जैसे माध्यमों से पंचायत स्तर तक पहुंचाई जा सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान में केन्द्र सरकार द्वारा संचालित मेघदूत जैसी एप्लीकेशन उपयोग में है, जिसके माध्यम से किसानों को उनकी फसलों और सब्जियों इत्यादि के बारे में आवश्यक जानकारी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी किसानों के लिए एक अधिक उन्नत जलवायु परिवर्तन परामर्श एप्लीकेशन विकसित करने पर कार्य किया जा रहा है। श्री राणा ने कहा कि इसके लिए राज्य में एक विषयक कार्य समूह गठित करने का निर्णय लिया गया है। इस समूह में भारतीय मौसम विज्ञान विभाग शिमला के निदेशक, कृषि, बागवानी व डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभागों के निदेशक, पर्यावरण, विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के चीफ सांईटिफिक ऑफिसर (जलवायु परिवर्तन) तथा प्रदेश कृषि और बागवानी विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर एवं वैज्ञानिक शामिल हैं।

# प्रादेशिकी

## जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक सम्पन्न

**मेरठ।** आज जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक बंधु समिति की बैठक जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आहूत की गयी। बैठक में जमीन से सम्बंधित 32 शिकायते रही है जिसमें से 14 शिकायतो का निष्कर्ष निकाला जा चुका है और पुलिस से सम्बंधित 80 शिकायते रही, जिसमें से 60 शिकायते लंबित है और 20 शिकायतों का निष्कर्ष निकाला जा चुका है। उत्तर प्रदेश के सभी जिलो में मात्र मेरठ ही ऐसा जिला है जहां सैनिक बन्धु बैठक हर महीने की जा रही है, और भूतपूर्व सैनिको एवं उनके शहीद आश्रितो की समस्याओं का निस्तारण किया जा रहा है। पुलिस विभाग भी अपनी तरफ से पूरा प्रयास कर रहा है कि समस्याओ का समाधान एक निर्धारित समय मे हो सके।

# पहले स्ट्रीट वेंडर्स से होती थी गुंडा टैक्स की वसूली, आज किसी की हिम्मत नहीं : योगी

### मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11 हजार लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किया ऋण



**लखनऊ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। पूरे देश में अकेले उत्तर प्रदेश के 15 लाख स्ट्रीट वेंडर्स पीएम स्वनिधि का लाभ उठा रहे हैं, जो हमारे लिए गर्व की बात है। इन्हीं वेंडर्स को वर्ष 2020 से पहले अपना काम शुरू करने के लिए साहूकार से पैसा लेना पड़ता था। साहूकार इनकी मजबूरी का फायदा उठाकर हजार रुपये के बदले बारह से पंद्रह सौ रुपये लेते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्ट्रीट वेंडर्स को बैंक से जोड़ते हुए उनके लिए ब्याज मुक्त कर्ज की व्यवस्था की। आज स्ट्रीट वेंडर्स को स्वनिधि के जरिये दस हजार रुपए की पहली किस्त के रूप में दिये जा रहे हैं। वहीं इसका भुगतान करने पर बीस हजार की दूसरी और पचास हजार की तीसरी किस्त दी जा रही है, जिसका लाभ उठाकर स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर बन रहे हैं। पिछले 6 वर्षों के अंदर प्रदेश में वृहद रूप से सफाई अभियान चलाया गया। इस अभियान के जरिये केवल माफियाओं की ही सफाई नहीं हुई बल्कि गंदगी की भी सफाई हुई है। यह विशेषता उत्तर प्रदेश ने ही हासिल की है। पहले गुंडे स्ट्रीट वेंडर्स से गुंडा टैक्स वसूलते थे। वहीं आज कोई गुंडा टैक्स वसूलने की हिम्मत नहीं कर सकता है। प्रदेश सरकार हर तरह की सफाई पर विशेष ध्यान दे रही है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लोकभवन के सभागार में आयोजित पीएम स्वनिधि एवं स्वयं सहायता समूह ऋण योजना के तहत 11000 लाभार्थियों के ऋण वितरण कार्यक्रम में कही। इस दौरान उन्होंने लगभग एक दर्जन स्ट्रीट वेंडर्स और स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को ऋण की चेक सौंपीं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स के लिए कभी कोई योजना नहीं बनायी गयी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनके इस दर्द को समझा और पीएम स्वनिधि योजना उनके लिए लेकर आए। इसी का नतीजा है कि आज पीएनबी इस योजना से जुड़ा है। अब तक पीएनबी 200000 लोगों को इस सुविधा से जोड़ चुका है। वहीं आज 11000 लोगों को अकेले उत्तर प्रदेश में यह सुविधा दी जा रही है। वहीं प्रदेश सरकार ने स्वनिधि योजना से जुड़े स्ट्रीट वेंडर्स को पांच लाख के सुरक्षा बीमा की सौगात दी है ताकि उनके परिवार को किसी तरह की कोई समस्या न हो। यह वही सरकार कर सकती है तो गरीब की पीड़ा को समझती है और उनके साथ खड़ी होती है। डबल इंजन की सरकार गरीब की पीड़ा के साथ जुड़कर अपनी संवेदना को व्यक्त कर रही है। सीएम योगी ने कहा कि पीएम स्वनिधि योजना महिला सशक्तिकरण और उनके स्वावलंबन का आधार है क्योंकि ज्यादातर महिलाएं ही घर का काम निपटा कर ठेला लगाती हैं। आज कार्यक्रम में नगरीय क्षेत्र की 6 लाख महिला स्वयं सहायता समूह की 2000 बहनों को रिवाल्विंग फंड की 10000 की पहली किस्त जारी की गई है। वहीं दो महिला स्वयं सहायता समूह को 600000 की राशि दी गयी, जो डेयरी सेक्टर से जुड़ेंगी। प्रदेश की आधी आबादी को सशक्त बनाने के लिए टेक होम राशन योजना के तहत स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को जोड़ा गया है। इससे जहां भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा है, वहीं समूह की महिलाएं अपनी अतिरिक्त इनकम कर अपने परिवार का भरण पोषण कर रहीं हैं। वर्ष 2019 में भारत सरकार के सहयोग से हम लोगों ने झांसी में बलिनी मिल्क प्रोड्यूसर की स्थापना की थी। यह 6 महिलाओं के साथ शुरू हुआ था। वहीं आज समूह की लगभग 40000 महिलाएं जुड़ी हैं। उनका वार्षिक टर्नओवर 150 करोड़ से अधिक है और नेट प्रॉफिट लगभग 15 करोड़ है। डबल इंजन की सरकार निरंतर इन कार्यों के लिए समर्पित भाव के साथ कार्य कर रही है।

## मुख्यमंत्री का फरियादियों से न्याय का वादा, बच्चों को किया दुलार

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को लखनऊ स्थित सरकारी आवास, 5 कालिदास मार्ग पर जनता दर्शन में आमजन की समस्याएं सुनीं। इस दौरान 200 से अधिक लोगों ने सीएम के समक्ष अपनी समस्याएं रखीं। सीएम ने फरियादियों को न्याय का वादा दिया तो बच्चों को दुलारा-पुचकारा और चॉकलेट भी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनता की समस्याओं को गंभीर, संवेदनशील होकर ध्यान से सुनें और त्वरित निस्तारण कराएं, जिससे किसी को भी परेशान न होना पड़े। जरूरतमंदों को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाया जाए। इलाज में सरकार से आर्थिक सहायता की जिन्हें आवश्यकता है, उनके एस्टिमेट की प्रक्रिया को शीघ्रता से पूर्ण कराया जाए। यदि कहीं कोई जमीन कब्जा या दबंगई कर रहा हो तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। निष्पक्ष रूप से हर पीड़ित की समस्या का निस्तारण उसकी संतुष्टि के अनुरूप किया जाना सुनिश्चित होना चाहिए। मुख्यमंत्री ने करीब 200 से अधिक लोगों की समस्याओं को सुना। कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक कर सबकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि किसी के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराएगी। मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी।

## पूरी तरह से महिलाओं के जिम्मे होगा पिंक बसों का संचालन

**लखनऊ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। पिंक बसों के संचालन के लिए प्रतिबद्धता से कार्य कर रही योगी सरकार जल्द ही महिला चालकों के दूसरे बैच की शुरुआत करने जा रही है। महिला चालकों के द्वितीय बैच के लिए कौशल विकाश मिशन द्वारा अनुमति प्राप्त हो गई है। इन महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। शेष 04 आवेदन और प्राप्त होने के बाद द्वितीय बैच का संचालन शीघ्र ही शुरू कर दिया जाएगा। इन महिला चालको के आ जाने से पिंक बसों का संचालन लगभग महिलाओं द्वारा होने लगेगा जिससे प्रदेश की महिलाएं पहले से अधिक सुरक्षित यात्रा कर सकेंगी। उल्लेखनीय है कि पिंक बसों के संचालन के लिए सितम्बर 2022 से 21 महिला चालको का विभिन्न डिपो में प्रशिक्षण चल रहा है।

- **महिला चालकों के प्रशिक्षण के लिए जल्द ही शुरू होगा दूसरा बैच**
- **पहले बैच की 21 महिला चालकों का विभिन्न डिपो में सितम्बर 2022 से चल रहा है प्रशिक्षण**

परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि रजिस्ट्रेशन करा चुकी 23 महिला अभियार्थियों में से 05 महिलाएं कानपुर नगर से जबकि एक-एक महिला कानपुर देहात, फतेहपुर, लखनऊ, रायबरेली. आगरा, फिरोजाबाद. औरैया, मैनपुरी, जालौन, चित्रकूटधाम, बस्ती, प्रतापगढ़, मेरठ, शाहजहांपुर, शामली आदि जनपदो से है। परिवहन मंत्री ने बताया कि प्रथम बैच की 21 महिला चालक प्रदेश स्थित 09 प्रशिक्षण केन्द्रों (विकासनगर डिपो, किदवईनगर डिपो, फजलगंज डिपो, उन्नाव डिपो, अलीगढ़ डिपो, लोनी डिपो, कौशाम्बी डिपो, अवध डिपो, ताज डिपो आदि से प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं जो जनवरी 2024 में 17 माह का प्रशिक्षण प्राप्त कर संचालन हेतु तैयार हो जाएंगी।

## सार संक्षेप

### मवाना प्रीत नगर कॉलोनी में मतदेय स्थल की हालत जर्जर



**मवाना।** एसडीएम मवाना अखिलेश यादव ने गुरुवार को प्रीत नगर कॉलोनी में प्राथमिक विद्यालय नम्बर तीन पर बने मतदेय स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने देखा कि मतदेय स्थल की हालत जर्जर है।, उसकी छत भी गिर चुकी है, वहां पर मतदान नहीं कराया जा सकता। इस बारे में उन्होंने नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी राजीव जैन से बात की। अधिशासी अधिकारी राजीव जैन ने बताया कि इस विद्यालय के जर्जर हुए दो कमरों का नवनिर्माण 15 वें वित्त आयोग से मिले धन से करा दिया जायेगा। एसडीएम ने साफ कहा कि आगामी चुनाव से पहले ही दोनों कमरों का निर्माण करा दिया जाये। दोनों कमरों के निर्माण पर सहमति बन गई है। उन्होंने बताया कि अब इस मतदेय स्थल पर आगामी चुनाव का मतदान करा दिया जायेगा।

### अभीमुखीकरण कार्यशाला का किया गया

**मेरठ।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत अपर जिलाधिकारी (नगर) द्वारा दिये गये दिशा-निर्देश के अनुसार सिगरेट एवं अन्य तम्बाकू उत्पाद (विज्ञापन प्रतिशेध एवं व्यापार तथा वाणिज्य उत्पादन प्रदाय और वितरण का विनियमन) अधिनियम-2003 को प्रभावी ढ़ग से लागू किये जाने एवं जनपद मे जन-मानस एवं युवा वर्ग सिगरेट तथा तम्बाकू उत्पादों से होने वाले दुष्प्रभावों से मुक्ति दिलाने हेतु कोटपा अधिनियम-2003 की धारा 4, 5, 6 व 7 का अनुपालन कराये जाने हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति द्वारा एक अभीमुखीकरण कार्यशाला, जिला पंचायत सभागार, विकास भवन, मेरठ मे आयोजित किया गया।

### घोटाले के खिलाफ आप का प्रदर्शन

**मेरठ।** आम आदमी पार्टी मोदी सरकार के महा घोटाले के खिलाफ 24 अगस्त को यूपी के सभी जिलों में धरना प्रदर्शन आंदोलन किया। कमिश्नरी पार्क पर जिला अध्यक्ष अंकुश चौधरी के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी के तमाम पदाधिकारी कार्यकर्त्ता इकठ्ठा हुए और नारेबाजी करते हुए जिलाधिकारी महोदय को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन प्रेषित किया। अंकुश चौधरी ने बताया सीएजी की रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि द्वारका एक्सप्रेसवे का प्रोजेक्ट 18 करोड रुपए प्रति



किलोमीटर की लागत के हिसाब से बनाना था लेकिन इन्होंने 18 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनने वाली सड़क को 250 करोड रुपए प्रति किलोमीटर में बनाया। इसी तरह भारत माला प्रोजेक्ट में पूरे देश में 75000 किलोमीटर की सड़क बननी थी। जिसमें एक किलोमीटर की सड़क 15 करोड रुपए में बननी थी।

## धूम्रपान की लत छुड़ाना हुआ आसान



- **डीप टीएमएस से छूटेगी स्मोकिंग की आदत**
- **अब दवा व सर्जरी की नहीं रहेगी आवश्यकता**

**मेरठ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। स्मोकिंग यानी धूम्रपान एक ऐसी लत है, जो लग जाए तो आसानी से छूटती नहीं है, छूटती भी है तो बहुत ज्यादा संघर्ष करना पड़ता है। लेकिन इसका एक ऐसा इलाज जिसमें बिना किसी दवाई और सर्जरी के ही स्मोकिंग की लत छूट जाती है। इस ट्रीटमेंट का नाम है डीप ट्रांसक्रेनियल मेग्नेटिक स्टिमुलेशन (डीप टीएमएस) जो ख्वाबों को सच्चाई में बदल रही है। इसके बारे में तुलसी हेल्थ केयर के फाउंडर व डायरेक्टर डॉक्टर गौरव गुप्ता ने विस्तार से जानकारी दी है। डीप टीएमएस की मदद से साइकेट्री, न्यूरोलॉजी और पेन मेडिसिन के क्षेत्र में काफी क्रांति आई है, जिससे परंपरागत थेरेपी की तुलना में एक सुरक्षित और प्रभावशाली इलाज मिल रहा है। इस लेख में हम समझेंगे कि डीप टीएमएस से पीछे का विज्ञान क्या है और ये कैसे किसी को स्मोकिंग की लत से बाहर निकालता है।

### क्या है डीप टीएमएस?

डीप ट्रांसक्रेनियल मेग्नेटिक स्टिमुलेशन (डीप टीएमएस) एक बहुत ही क्रांतिकारी और नॉन इनवेसिव प्रक्रिया जिसमें थेरेपी और डायग्नोज के मकसद से ब्रेन के स्पेसिफिक एरिया को स्टिमुलेट किया जाता है। ब्रेन के टारगेटेड एरिया में इसकी मदद से न्यूरॉन्स की रिपेयरिंग की जाती है जिससे डिप्रेशन और अन्य दिमागी बीमारियों में राहत मिलती है। स्टडी से पता चलता है कि डीप टीएमएस प्रक्रिया से गुजरने वाले करीब 75 फीसदी मरीजों में कुछ हद तक सुधार होता है जबकि उनमें से आधे पूरी तरह से ठीक हो जाते हैं।

## विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति की बैठक आयोजित

### जनप्रतिनिधि को कार्यवाही से समय पर अवगत कराएं : वीरेन्द्र सिंह



- **विभागों की बिन्दुवार की गई समीक्षा**
- **विकास कार्यों को और बेहतर करने के निर्देश**

**मेरठ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। आयुक्त सभागार में सभापति वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में विधान परिषद की विधायी समाधिकार समिति की बैठक आहूत की गयी। सभापति द्वारा पंचायती राज, ग्राम्य विकास, नियोजन, विद्युत, पर्यटन, सिंचाई, स्वास्थ्य, परिवहन, शिक्षा आदि विभागो की बिन्दुवार समीक्षा की गयी। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभागीय प्रगति एवं जनप्रतिनिधियो से वर्ष 2021 से अब तक प्राप्त प्रस्ताव एवं उन पर की गयी कार्यवाही के बारे में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने वर्ष 2021 से अब तक जनप्रतिनिधियो द्वारा विकास कार्यों हेतु दिये गये प्रस्ताव एवं उन पर की गयी कार्यवाही का लेखाजोखा प्रस्तुत किया। उन्होने बताया कि विभिन्न विभागीय योजनाओ के अंतर्गत जनप्रतिनिधियो से लगातार संवाद स्थापित कर प्राप्त सुझावो के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित की गयी है। समय-समय पर जनपद स्तरीय बैठक में जनप्रतिनिधियो को आमंत्रित करते हुये विभागो की योजनाओ के संबंध में प्रत्यक्ष रूप से फीडबैक प्राप्त किया जाता है एवं किसी विभागीय कार्य में अवगत कराये जाने पर आवश्यक कार्यवाही त्वरित गति से सुनिश्चित की जा रही है।

सभापति द्वारा सिंचाई विभाग, ऊर्जा विभाग, लोक निर्माण विभाग, पंचायती राज विभाग, ग्राम्य विकास विभाग की विभिन्न परियोजनाओ की प्रगति तथा जनप्रतिनिधियो से प्राप्त प्रस्ताव तथा उस पर की गयी कार्यवाही के बारे में गहनता से समीक्षा की गयी। उन्होने निर्देशित किया कि विकास कार्यों से संबंधित समस्त विभाग जनप्रतिनिधियो से लगातार समन्वय बनाये रखे तथा उनके द्वारा जो भी प्रस्ताव समय-समय पर उपलब्ध कराये जाते है उन पर त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

इस अवसर पर सदस्य रजनीकांत माहेश्वरी, सदस्या वन्दना वर्मा, सदस्य सुभाष यदुवंश, अनुसचिव सतीश कुमार यादव, समीक्षा अधिकारी मयंक यादव, जिलाधिकारी दीपक मीणा, एसएसपी रोहित सिंह सजवाण, सीडीओ शशांक चौधरी, ज्वाईंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिंगला, डीपीआरओ रेनू श्रीवास्तव, सीएमओ डा0 अखिलेश मोहन सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## सरवाईकल कैंसर की जांच लिए नि:शुल्क कैम्प लगाया



**मेरठ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। गुरूवार को सिद्धि विनायक मेडिकल सेन्टर गढ रोड में इंडियन सोसाइटी ऑफ पेरिनेटोलोजी एण्ड रिप्रोडक्टिव बायोलॉजी आईसोपार्ब मेरठ चैप्टर द्वारा निशुल्क कैम्प का आयोजन किया गया। यह कैम्प महिलाओं में पाए जाने वाले सरवाईकल कैंसर की जाँच लिए किया गया। जो कि एक स्क्रीनिंग जांच है। यह कैंसर महिलाओं में पाया जाने वाला दूसरे नम्बर का घातक कैंसर है। और अगर हम निममित तौर पर महिलाओं में इसकी जांच करवाएं तो इसका पता बहुत जल्दी लगाया जा सकता है।

महिलाओं को जागरूक करने के लिए इस कैम्प का आयोजन किया गया। अन्य डाक्टर्स में सिद्धि विनायक मेडिकल सेन्टर के डायरेक्टर डा. तरुण गोयल (बाल रोग विशेषज्ञ) व डा. सीमा प्रशान्त (वरिष्ठ स्त्री रोग विशेषज्ञ) ने भी हिस्सा लिया व अपना योगदान दिया।

## चंद्रयान-3 की लैंडिंग पर जश्न मनाया व रैली निकाली



**मवाना,** 24 अगस्त , (देशबन्धु)। सुशील इंटरनेशनल एकेडमी में गुरुवार को सफल चंद्रयान-3 की लैंडिंग के हर्ष के उपलक्ष में स्कूल के बच्चों ने रैली निकाली, जिसमें कॉलेज के प्रबंधक भोला चौधरी ने बताया कि किस प्रकार इसरो ने चांद पर भारत का झंडा लहराया है। चंद्रयान-3 की लैंडिंग कराकर भारत का सिर गर्व से ऊंचा उठ गया है। प्रधानाचार्या मालविका चौधरी ने बताया कि भारत चांद की साउथ पोल पर चंद्रयान 3 का सफल उतारने वाला पहला देश बनकर सामने आया है। इसरो की इस उपलब्धि ने पूरे देश का मान सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि आज हमारा भारत देश दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभर रहा है और आगे भी ऐसे बढ़ता रहेगा। रैली का सफल आयोजन करने में स्कूल के स्टाफ कपिल, ऋषभ शर्मा, राजन मावी, सोनिया, आदि का योगदान रहा। वहीं रैली में अनुज्ञा चौधरी, स्वाति, आयशा, आरती, रिहान, मनीष व अमन आदि बच्चों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। उधर बाल भारती पब्लिक स्कूल मवाना में चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग का जश्न मनाया गया। गुरुवार को बाल भारती पब्लिक स्कूल में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचे भारतीय चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग पर सभी विद्यार्थियों ने भारत माता का जय घोष करते हुए खुशी व्यक्त की तथा चंद्रयान-3 की लैंडिंग में योगदान करने वाले इसरो के सभी वैज्ञानिकों को बधाई संदेश भेजा। प्रधान अध्यापिका संगीता रस्तोगी ने इस अवसर पर विद्यालय में एक सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता रखी, जिसमें विद्यार्थियों से चंद्रयान-3 के बारे में विभिन्न प्रश्न पूछे गए तथा उन्हें उनके बारे में जानकारी दी गई। अंत में सभी विद्यार्थियों ने डीजे पर डांस करके चंद्रयान 3 की लैंडिंग का जश्न मनाया।

## रियलमी के 5जी मोबाइल व बड्स लांच की घोषणा

**मेरठ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। स्मार्टफोन सेवा प्रदाता रियलमी ने अपनी हीरो नंबर सीरीज और एआईओटी सेगमेंट में चारअत्याधुनिक उत्पादों- रियलमी 11 5जी, रियलमी 11एक्स 5जी, रियलमी बड्स एयर 5 और रियलमी बड्स एयर 5 प्रो के लॉन्च की घोषणा की। इन अत्याधुनिक डिवाइसेजमें उन्नत विशेषताओं और सहज डिजाइन का शानदार मिश्रण है, जो आपके अनुभव को औरज्यादा बेहतर बनाने के लिए बनायी गई हैं। लॉन्च के अवसर रियलमी के प्रवक्ता ने बताया, 'रियलमी इनोवेशन में सबसे आगे रहता है, और यूजर्स को अत्याधुनिकतकनीक व विशेषताएँ प्रदान करता है, जिनसे उन्हें शानदार यूजर अनुभव मिलता है। हम रियलमी11 सीरीज 5जी और अपनी एआईओटी सीरीज में रियलमी बड्स एयर 5 सीरीज पेश करके बहुतउत्साहित हैं, जो इनोवेशन और उत्कृष्टता की ओर हमारी प्रतिबद्धता के प्रमाण हैं। ये चारबेहतरीन उत्पाद स्मार्टफोन और एआईओटी उद्योग में नए मानक स्थापित कर देंगे। इनडिवाइसेज में लीप-फॉरवर्ड विशेषताएं और इनोवेटिव डिजाइन है, जो आपके अनुभव को नयेआयाम में ले जाएँगे। इसके अलावा अपनी 5वीं वर्षगांठ के साथ हमने अपने ब्रांड को 'लीप अप' पर केंद्रित किया है, और अगले पांच वर्षों केलिए 'नो लीप नो लॉन्च' की उत्पाद नीति बनायी है। अगले पांच सालों में हम विश्व में युवाओं का पसंदीदाटेक्नोलॉजी ब्रांड बनने और इमेजिंग टेक्नोलॉजी, परफॉर्मेंस, एवं औद्योगिक डिजाइन ठोसप्रगति करने पर केंद्रित रहेंगे।

## राष्ट्रीय चेतन चौहान अवॉर्ड से सम्मानित होंगे अंकित



**मेरठ,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। बुधवार को स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के कार्यालय से एक मेल द्वारा पता चला कि हमारा चयन 27 अगस्त को कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में विश्व विख्यात पूर्व भारतीय खिलाड़ी पूर्व सांसद एवं कैबिनेट मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार चेतन चौहान की पुण्यतिथि पर राष्ट्रीय चेतन चौहान अवार्ड 2023 स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन आफइंडिया के तत्वाधान में एवं चेतन चौहान फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित होने जा रहा है। जिसमें देश भर के अनेक प्रदेशों से खिलाड़ियों, शारीरिक शिक्षको, कोच, विद्यालय, स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट आदि को को राष्ट्रीय चेतन चौहान अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। जो लोग खेल के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं उनको चयनित कर मेल द्वारा संदेश भेजे गए हैं। जिसके लिए नॉमिनेशन ऑनलाइन माध्यम से हो रहे थे देश भर से सैकड़ो नॉमिनेशन स्पोर्ट्स प्रमोशन ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया के कार्यालय को प्राप्त हुए। जिसमें सात वर्गों में केवल 80 खिलाड़ियों को चयनित किया गया है इस सूची में अंकित को भी जगह मिली है।

## लाल सड़न रोग की चपेट में को-238 गन्ना प्रजाति



- **किसान व मिल अफसर हो रहे परेशान को-238 गन्ना प्रजाति को किसान करें बॉय-बॉय**

**मवाना,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मुख्य रूप से गन्ने की खेती की जाती है। गन्ना खेती में वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई विभिन्ने प्रजातियों को किसानों ने अपनाया, जो समय-समय पर विभिन्न कीटों व रोगो से ग्रसित होकर समाप्त होती चली गई। वर्तमान दौर में को0-0238 गन्ना प्रजाति लाल सड़न रोग (रेड रॉट) की चपेट में है, जिसे देखकर किसान व मिल के अफसर चिंतित हैं। मिल अफसर इसकी रोकथाम के प्रयासों के साथ-साथ किसानों से आग्रह कर रहे है कि वे को0-0238 गन्ना प्रजाति को अब बॉय-बॉय कर दें। यह मिल और किसान दोनों के हित में हैं। मवाना मिल के अफसर बताते है कि कई सालों से को0-0238 गन्ना प्रजाति अधिक उत्पादन होने के कारण कृषकों एवं चीनी मिलो के लिये वरदान साबित हुई है। वर्तमान में मवाना मिल परिक्षेत्र में भी को0-0238 प्रजाति की बुवाई सर्वाधिक क्षेत्रफल में की जा रही है। इस वर्ष अधिक वर्षा के कारण खेंतो में जलभराव जैसी स्थिति पैदा हो गई, जिससे गन्ना फसल में लाल सड़न रोग (रेड रॉट) का प्रकोप दिखाई देने लगा है व इसके बढ़ने की पूरी सम्भावना है।

### मिल अफसरों व वैज्ञानिकों ने किया दौरा

चीनी मिल के वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान, उत्तर प्रदेश गन्ना शोध परिषद शाहजहॉपुर के पूर्व वैज्ञानिक डा. मैनेजर सिंह व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने चीनी मिल के विभिन्न ग्रामों जैसे जन्धेड़ी, किशनपुर बिराना, राफन, ततीना, हिमायूपुर, नंगला गौसाई, मिर्जापुर, अकबरपुर, गढ़ी, बहसूमा, नंगली खादर, बाजमपुर अगवानपुर, महमूदाबाद, खरकाली एवं आसमाबाद का दौरा करने पर पाया कि मिल क्षेत्र में लाल सड़न रोग से प्रभावित अधिक खेत दिखाई दे रहे है। वरिष्ठ महाप्रबन्धक (गन्ना एवं प्रशासन) प्रमोद बालियान ने मौके पर किसानों को बताया कि लाल सड़न रोग (रेड रॉट) से प्रभावित खेतों में गन्ने की पत्तियं पीली होकर सूखने लगती है व धीरे-धीरे पूरा गन्ना सूख जाता है। ऐसे गन्नों को फाड़कर सूघंने पर तीव्र सिरके जैसी गंध आती है जो इस रोग की मुख्य पहचान है।

## बाढ़ पीड़ितों की मदद को सपाईयों ने दिया ज्ञापन



मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम को सौंपा

**मवाना,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। सपा कार्यकर्ताओं ने किशोर टांक के नेतृत्व में गुरुवार को एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा, जिसमें उन्होंने किसानों को बाढ़ से हुए नुकसान, फसलों की बर्बादी, दर्जनों गांवों के टूटे संपर्क मार्गो की मरम्मत के साथ-साथ गरीबों के बिजली बिल माफी की जोरदार मांग उठाई। मवाना तहसील परिसर में पहुंचे सपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा नेता किशोर टांक ने कहा कि एक महीने से हस्तिनापुर विधानसभा के दर्जनों गांव बाढ़ की चपेट में है, दर्जनों गांवों का संपर्क मार्ग टूट चुका है। लोगों को खाने पीने की चीजो में परेशानी आ रही है और मवेशियों के चारे की भी समस्या पैदा हो गई है। किसानों की सैकड़ों हेक्टेयर फसलें बर्बाद हो चुकी है। बाढ़ पीड़ितों की समस्याओंको लेकर गुरुवार को सपा नेता किशोर टांक के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन उपजिलाधिकारी मवाना को सौंपा। सपा नेता नरवेर सिंह खालसा, सोनू यादव, देवेंद्र दयाल, विकास यादव, संदीप जाटव, धीरज यादव, रणजीत सिंह व जज सिंह आदि ने कहा कि बाढ़ पीड़ितों की सुरक्षा कराई जाये और उनके बिजली के बिल माफ किये जाये और खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर जल्द मुआवजा दिया जाये।

देशबन्धु नई दिल्ली, शुक्रवार, 25 अगस्त, 2023, डाक पंजीयन संख्या :- DL (ND)-11/6176/2015-16-17

# दुनिया रंग-बिरंगी

### गुनीत मोंगा की एक्शन थ्रिलर 'किल' में एक्टिंग करेंगे राघव जुयाल

मुंबई। डांसर, एक्टर और होस्ट राघव जुयाल प्रसिद्ध निर्माता गुनीत मोंगा की एक्शन थ्रिलर 'किल' में काम करने की तैयारी कर रहे हैं। इससे पहले दोनों ने 'ग्यारह ग्यारह' के लिए हाथ मिलाया था। यह फिल्म नवम्बर में रिलीज होने के लिए तैयार है। गुनीत मोंगा की सिख्या एंटरटेनमेंट और करण जौहर की धर्मा प्रोडक्शंस मिलकर एक्शन थ्रिलर 'किल' बना रहे हैं। इसका निर्देशन निखिल नागेश भट्ट ने किया है। इस फिल्म में राघव जुयाल के साथ लक्ष्य भी हैं। राघव ने कहा कि गुनीत मैम के साथ काम करना हमेशा एक रिवॉर्डेड एक्सपीरियंस होता है। 'किल' की स्क्रिप्ट अविश्वसनीय रूप से आकर्षक है। मैं फिर से इस प्रतिभाशाली टीम के साथ काम करने को लेकर उत्साहित हूं।

## ग्लैमर्स किरदारों की तरह रियल कैरेक्टर में भी लगती है काफी मेहनत : तमन्ना भाटिया



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। तमन्ना भाटिया क्राइम थ्रिलर वेब सीरीज 'आखिरी सच' में नजर आने वाली हैं। वह इसमें एक पुलिसकर्मी की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अभिनेत्री ने बताया कि यह अजीब लगता है कि पारंपरिक रूप से अच्छे दिखने वाले अभिनेता अक्सर गंभीर भूमिकाएं करने में सक्षम नहीं होने का तमगा लेकर चलते हैं। उन्होंने आगे कहा कि उन्हें हमेशा लगता था कि वास्तविक होना आसान है।

सीरीज 'आखिरी सच' में अन्या की भूमिका निभाने वाली तमन्ना ने कहा कि ग्लैमर्स किरदारों में उतनी ही मेहनत लगती है, जितनी किसी वास्तविक किरदार को निभाने में लगती है। मैंने हमेशा महसूस किया है कि वास्तविक होना आसान है। उन्होंने आगे कहा, मैं 'आखिरी सच' में एक पुलिसकर्मी का किरदार निभा रही हूं, मुझे यह कहते हुए बहुत खुशी हो रही है कि मुझे वास्तव में खुद को कमजोर रखना पड़ा, जिससे मुझे अन्या का किरदार निभाने में मदद मिली।

एक रात, एक परिवार, कई मौतें, एक जांच अधिकारी और विभिन्न सिद्धांत, 'आखिरी सच' सच्ची घटनाओं से प्रेरित है। बढ़ते तनाव की पृष्ठभूमि पर आधारित यह सीरीज तमन्ना के रूप में प्रत्येक चरित्र के जीवन को उजागर करेगी, जो अन्या की भूमिका निभा रही हैं, इसमें वह एक प्रमुख जांच अधिकारी हैं, जो मौतों के रहस्य को उजागर करने के लिए एक मिशन पर निकलती है।

'आखिरी सच' आपको तमन्ना, अभिषेक बनर्जी, शिविन नारंग, दानिश इकबाल, निशु दीक्षित, कृति विज और संजीव चोपड़ा के साथ एक भावनात्मक यात्रा पर ले जाता है। प्रतीक सहजपाल एक कैमियो भूमिका में नजर आएंगे।

निर्विकार फिल्म्स द्वारा निर्मित इस सीरीज को रॉबी ग्रेवाल ने निर्देशित किया है। इसकी कहानी सौरव डे ने लिखी है।

# हृदय रोगों वाले वयस्कों में उच्च रक्तचाप की संभावना अधिक

**मास्को,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। सार्स सीओवी-2 वायरस के कारण होने वाला कोविड-19, पहले से मौजूद हृदय रोगों वाले वयस्कों में उच्च रक्तचाप के विकास से महत्वपूर्ण रूप से जुड़ा हुआ है। 45,000 से अधिक लोगों के इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड के विश्लेषण के आधार पर एक नए अध्ययन से ये पता चला है। न्यूयॉर्क शहर में अल्बर्ट आइंस्टीन कॉलेज ऑफ मेडिसिन और मोंटेफियोर हेल्थ सिस्टम में रेडियोलॉजी के प्रोफेसर टिम क्यू डुओंग ने कहा, पहले से मौजूद हाई ब्लड प्रेशर वाले रोगियों में कोविड-19 आम तौर पर अधिक गंभीर होता है, हालांकि यह अज्ञात था कि क्या सार्स सीओवी-2 वायरस हाई ब्लड प्रेशर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है?

■ **उच्च रक्तचाप को ऊपर व नीचे की संख्या 130/80 मिमी एचजी से अधिक या उसके बराबर**

हाइपरटेंशन जर्नल में प्रकाशित अध्ययन के मुताबिक, यह पहला अध्ययन है जो एक समान श्वसन वायरस की तुलना में कोविड संक्रमण वाले लोगों में हाई ब्लड प्रेशर से जुड़े विकास और जोखिम कारकों की जांच करता है।



उच्च रक्तचाप को ऊपर और नीचे की संख्या 130/80 मिमी एचजी से अधिक या उसके बराबर होने के रूप में वर्गीकृत किया गया है।अध्ययन में 1 मार्च, 2020 और 20 फरवरी, 2022 के बीच अस्पताल में भर्ती हुए कोविड-19 वाले 45,398 लोगों को शामिल किया गया। साथ ही जनवरी 2018 और 20 फरवरी, 2022 के बीच अस्पताल में भर्ती किए गए इन्फ्लूएंजा वाले 13,864 लोगों को भी शामिल किया गया और दोनों की तुलना की गई। विश्लेषण में पाया गया कि 21 प्रतिशत लोग जो कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती थे और 11 प्रतिशत जो लोग कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती नहीं थे, उनमें हाई ब्लड प्रेशर विकसित हुआ, जबकि इन्फ्लूएंजा के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले 16 प्रतिशत लोगों और इन्फ्लूएंजा के कारण अस्पताल में भर्ती नहीं होने वाले 4 प्रतिशत लोगों में उच्च रक्तचाप विकसित हुआ।कोविड के कारण अस्पताल में भर्ती होने वाले लोगों में दोगुना से अधिक और अस्पताल में भर्ती नहीं होने वाले लोगों में हाई ब्लड प्रेशर विकसित होने की संभावना 1.5 गुना अधिक थी। सार्स सीओवी-2 से संक्रमित लोग जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक थी, या जो पहले से ही पुराने रोगों से पीड़ित थे, उनमें उच्च रक्तचाप विकसित होने का खतरा बढ़ गया था।डुओंग ने कहा कि इन्फ्लूएंजा की तुलना में कोविड-19 से प्रभावित लोगों की भारी संख्या को देखते हुए, ये आंकड़े चिंताजनक हैं और बताते हैं कि भविष्य में कई और रोगियों में हाई ब्लड प्रेशर विकसित होने की संभावना है, जो एक बड़ा सार्वजनिक स्वास्थ्य बोझ बन सकता है।इन निष्कर्षों से कोविड-19 बीमारी के बाद उच्च रक्तचाप के जोखिम वाले रोगियों की जांच करने के बारे में जागरूकता बढ़नी चाहिए, ताकि हृदय और गुर्दे की बीमारी जैसी जटिलताओं की पहले से पहचान और उपचार संभव हो सके।

# गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का सफल उपचार

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर के सफल उपचार के बाद मिजोरम की एक महिला तथा उसके गर्भस्थ शिशु का जीवन बचा लिया गया है और लगभग डेढ़ वर्ष के उपचार के बाद दोनों स्वस्थ हैं। इंद्रप्रस्थ अपोलो अस्पताल के कैंसर सेंटर के मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के वरिष्ठ कंसल्टेंट डॉ. पी.के. दास ने गुरुवार को यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि कैंसर पीड़ित मरिना सीएच राल्टे (39) का मामला असाधारण था, जिसके लिए एक बहु-विषयक विशेषज्ञों की जरूरत होती है। हमारी प्राथमिकता मां और बच्चे दोनों को सुरक्षित रखना था। दवाओं से गर्भस्थ शिशु को कोई नुकसान नहीं होना प्राथमिकता रही रही। उन्होंने कहा कि महिला को उसके गर्भावस्था में बीमारी का पता चला। उनके गर्भाशय में सात सेंटीमीटर लंबा टयूमर था। इसलिए कैंसर का उपचार और साथ में सुरक्षित प्रसव कराना बड़ी चुनौती थी। डॉ. दास ने कहा कि मरिना को गर्भावस्था के 16वें सप्ताह में पता चला कि वह गर्भाशय ग्रीवा कैंसर से पीड़ित है। जांच में सात सेंटीमीटर लंबे ट्यूमर की पहचान हुई। उनकी उपचार करने वाली टीम में मेडिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, स्त्री रोग विशेषज्ञ, सर्जिकल ऑन्कोलॉजिस्ट, भ्रूण चिकित्सा विशेषज्ञ और विकिरण ऑन्कोलॉजिस्ट को शामिल रहे। चिकित्सकों ने 37 वें सप्ताह में लोअर सेगमेंट सिजेरियन सेक्शन (एलएससीएस) के जरिए प्रसव कराया और एक स्वस्थ बच्ची का जन्म हुआ।

उन्होंने ताया कि सफल प्रसव के बाद रोगी को कीमो और रेडिएशन थेरेपी जारी रही और फिर ब्रैकीथेरेपी की गई, जो उपचार का एक विशेष रूप है जिसके तहत रेडिएशन थेरेपी को सीधे कैंसर स्थल पर पहुंचाते हैं।




उपचार से गर्भाशय को अपने सामान्य आकार में वापस आने का समय मिल गया। उनका कैंसर फिलहाल ठीक हो गया है। गर्भावस्था के दौरान गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर काफी घातक होता है। अगर आंकड़ों के अनुसार प्रति 10,000 जन्म पर 0.8 से 1.5 मामले सालाना दर्ज होते हैं। ग्रीवा कैंसर से पीड़ित तीन प्रतिशत महिलाएं या तो गर्भवती होती हैं या प्रसवोत्तर चरण में होती हैं। इनमें से अधिकतर मामले प्रसवपूर्व देखभाल के दौरान या बच्चे के जन्म के एक साल के भीतर सामने आते हैं।

# गूगल ने डूडल के माध्यम से किया चंद्रयान-3 की सफलता को सलाम

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग को बखूबी अंजाम देकर जो इतिहास रचा, उसे देश और दुनिया भर के मुल्कों ने तो सराहा ही आज के युग की लाइफलाइन माने जाने वाले इंटरनेट सर्च इंजन गूगल ने भी अपने डूडल के माध्यम से भारत की इस शानदार कामयाबी को सलाम किया है।

गूगल महत्वपूर्ण अवसरों पर आकर्षक डूडल देकर घटना विशेष के महत्व को दर्शाता है और कल भारत के चंद्रयान मिशन चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग की ऐतिहासिक घटना पर भी गूगल ने आकर्षक डूडल बनाया गया है। इस डूडल में गूगल की स्पेलिंग के दूसरे 'ओ' अक्षर को चंद्रमा के आकार दिया गया है, जो मुस्कुरा रहा है और उसके दक्षिणी ध्रुव पर भारत के चंद्रयान को दिखाया गया है।

डूडल में एक जिफ भी लगाया गया है जिसमें चंद्रयान जब चांद की कक्षा में चक्कर लगा रहा था तो चांद उसे हैरानी से देखता है और जब चंद्रयान उसकी सतह पर उतरता है और रोवर सतह पर चलता है तो वह खुश हो जाता है। चांद के आस पास टिमटिमाते तारे में दिखाये गये हैं।

गौरतलब है कि भारत का चंद्रयान-3 बेहद सटीकता के साथ चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरा है। चंद्रमा का यह हिस्सा लैंडिंग के हिसाब से बेहद खतरनाक माना जाता है और यही वजह है कि अभी तक दुनिया के जिस भी देश ने यान भेजे हैं वह उसके इक्वेटोरियल रीजन पर ही उतारे गये हैं। कोई देश चांद के दक्षिणी ध्रुव पर उतर नहीं पाया लेकिन कल भारत के चंद्रयान-3 ने इसी हिस्से पर उतरकर एक नया इतिहास रचा, जिसे आज दुनिया अपने अपने तरीके से सलाम कर रही है।




## मछली चिकित्सा परिवार के मुखिया हरिनाथ गौड़ का निधन

**हैदराबाद,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। हर साल अस्थमा के मरीजों को मछली की दवा देने के लिए मशहूर हैदराबाद के बथिनी परिवार के मुखिया बथिनी हरिनाथ गौड़ का लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। हरिनाथ गौड़ ने बुधवार रात कवाडीगुड़ा में अंतिम सांस ली। उनके परिवार में पत्नी सुनीत्रा देवी, दो बेटियां और दो बेटे हैं। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि उनका अंतिम संस्कार शुक्रवार को किया जाएगा। वह देश भर के अस्थमा रोगियों को मुफ्त मछली की दवा वितरित करने वाले चौथी पीढ़ी के गौड़ों में से अंतिम थे।



हरिनाथ गौड़ अपने बड़े भाइयों के निधन के बाद तीन दशकों से इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे थे। बथिनी गौड़ परिवार 178 वर्षों से मछली की दवा मुफ्त में वितरित करने का दावा करता है। हर्बल औषधि का गुप्त फार्मूला उनके पूर्वज को 1845 में एक संत ने यह शपथ लेने के बाद दिया था कि इसे नि:शुल्क दिया जाएगा।

बथिनी गौड़ परिवार के सदस्य 'मृगसिरा कार्ति' पर (जून के पहले सप्ताह के दौरान) 'आश्चर्यजनक औषधि' का प्रबंध करते हैं, जो मानसून की शुरुआत का संकेत देती है। परिवार द्वारा तैयार पीले रंग का हर्बल पेस्ट जीवित 'मुरल' फिंगरलिंग के मुंह में रखा जाता है, जिसे बाद में रोगी के गले से गुजारा जाता है। ऐसा माना जाता है कि अगर इसे लगातार तीन वर्षों तक लिया जाए तो, यह बहुत हद तक बीमारी से राहत हो मिल जाती है।

# एपी ढिल्लों के लिए अच्छा म्यूजिक बनाने की एक कप चाय से शुरुआत की

**मुंबई,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। पंजाबी संगीतकार एपी ढिल्लों की लोकप्रियता सही मायनों में जबरदस्त रही है। गायक-संगीतकार एपी ढिल्लों और शिंदा काहलों, गुरिंदर गिल के साथ जीमिनएक्सआर की उनकी टीम ने 2019 में पहला ट्रैक 'फेक' जारी किया था। उस समय से कनाडा स्थित इस टीम ने पीछे मुड़कर नहीं देखा।

'ब्राउन मुंडे', इंस्टाग्राम पर वायरल 'एक्सक्यूज़', 'वो नूर', 'मा बल्ले', 'समर हाई' जैसे गानों ने दुनियाभर को अपना दीवाना बनाया है। ऐसे गानों का चार्टबस्टर्स में बदल जाना एपी और उनकी टीम के लिए बेहद खास है। एपी ढिल्लों के लिए अच्छी म्यूजिक की यात्रा की शुरुआत एक कप 'चाय' से होती है।

एपी ढिल्लों ने शेयर किया कि अच्छा संगीत बनाना एक अच्छी 'चाय' से शुरू होता है, यह टीम को बहुत अधिक ऊर्जा से भर देता है और माहौल बनाने में मदद करता है। तो, हां... चाय एक एनर्जी बूस्टर है।

सबसे पहले चाय है और... फिर जादू चलता है। एपी ढिल्लों अपने लॉजिक डिजिटल ऑडियो वर्कस्टेशन पर कोन्टैक्ट लाइब्रेरी और ओम्निस्फेयर जैसे वीएसटी के साथ सही म्यूजिक की यात्रा शुरू कर देते हैं।



दरअसल, पंजाबी भाषा ने हमेशा प्रवासी भारतीयों और गैर-भारतीयों, दोनों ही वर्ग के बड़े दर्शकों को आकर्षित किया है। गुरदास मान, दलेर मेहंदी से लेकर दिलजीत दोसांझ, गुरु रंधावा और एपी ढिल्लों तक, पंजाबी संगीत और भाषा ने बार-बार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जादू चलाया है।

हालांकि, एपी ढिल्लों और शिंदा को लगता है कि ट्रैक की सफलता में भाषा का बहुत कम योगदान है। यदि संगीत अच्छा है, तो भाषा की परवाह किए बिना लोग इसे पसंद करेंगे।

एपी ढिल्लों ने बताया कि मुझे लगता है कि आज हर भाषा के किसी भी कलाकार के पास समान अवसर हैं। यदि आपका संगीत अच्छा है, तो यह बड़े पैमाने पर लोगों से जुड़ेगा, चाहे भाषा कोई भी हो।

मुख्य रूप से यह संगीत या ताल है, जो श्रोताओं को आकर्षित करता है। यदि धुन या ताल अच्छी है तो लोगों को वह पसंद आएगी और फिर वे उस भाषा को सीखने में भी सक्रिय रुचि लेंगे। इसलिए, एक संगीतकार के रूप में आपकी ज़िम्मेदारी अच्छा संगीत बनाने में है, क्योंकि अच्छा संगीत भाषा को आगे बढ़ाता है। शिंदा के मुताबिक पंजाबी के संबंध में, मुझे लगता है कि भाषा समझने में आसान है और बहुत मधुर है, इसलिए यह आसानी से श्रोताओं के दिलो-दिमाग में समा जाती है।

एपी ढिल्लों ने हाल में अपनी डॉक्यू-सीरीज ओटीटी पर रिलीज की है। यह उनके फैंस के लिए विशेष रूप से दिलचस्प है क्योंकि उनके जीवन के बारे में बहुत कुछ पता नहीं है। यह पूछे जाने पर कि क्या वह इंट्रोवर्ट हैं, एपी ढिल्लों ने बताया कि मैं अंतर्मुखी नहीं हूं, लेकिन मैं इसे संगीत तक ही सीमित रखना चाहता था। जब मैंने संगीत में अपना काम शुरू किया, तो मेरे पास फॉलो करने के लिए कोई रोडमैप नहीं था।

## अब नया फॉरवर्डिंग एड्रेस जोड़ते समय यूजर्स से वेरिफिकेशन के लिए कह सकता है जीमेल

**सैन फ्रांसिस्को,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। गूगल ने घोषणा की है कि जीमेल अब यूजर्स से नया अग्रेषण पता जोड़ने, नया फ़िल्टर बनाने या मौजूदा फ़िल्टर संपादित करने पर सत्यापन के लिए कह सकता है। पिछले साल, टेक दिग्गज ने गूगल वर्कस्पेस खातों में की गई संवेदनशील कार्रवाइयों के लिए मजबूत सुरक्षा उपाय पेश किए थे। कंपनी ने बुधवार को वर्कस्पेस अपडेट ब्लॉगपोस्ट में कहा कि हम इन सुरक्षा को जीमेल में की गई संवेदनशील कार्रवाइयों तक बढ़ा रहे हैं। संवेदनशील कार्रवाइयों में एक नया फ़िल्टर बनाना, मौजूदा फ़िल्टर को संपादित करना, फ़िल्टर आयात करना, एक नया अग्रेषण पता जोड़ना शामिल है। टेक दिग्गज की ओर से कहा गया कि यह सुविधा केवल उन यूजर्स के लिए है, जो गूगल को अपने पहचान प्रदाता के रूप में उपयोग करते हैं और गूगल उत्पादों के भीतर की जाने वाली कार्रवाइयों का समर्थन करते हैं। गौरतलब है कि इस माह की शुरुआत में, कंपनी ने जीमेल मोबाइल ऐप के भीतर एक मूल अनुवाद एकीकरण पेश किया था, जो यूजर्स को विभिन्न भाषाओं में संवाद करने को निर्बाध रूप से सक्षम बनाता है।

# एपीएल से अब पूर्वोत्तर में भी चमकेगा क्रिकेट का सितारा

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। बीसीसीआई एवं अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन (एसीए) के सहयोग से जेएच स्पोर्ट इंडस्ट्रीज द्वारा आयोजित अरुणाचल प्रीमियर लीग (एपीएल) सीजन 1, 12 सितम्बर से 18 सितम्बर, 2023 तक क्रिकेट प्रेमियों को लुभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस लीग से प्रदेश की अपार क्रिकेट क्षमताएं भी उभर कर सामने आएंगी। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में एपीएल की घोषणा की गई। इस दौरान टीम फ्रेंचाइजी ऑनर भी मौजूद रहे। एसीए के नबाम विवेक ने अपना उत्साह व्यक्त करते हुए कहा कि हम अरुणाचल प्रीमियर लीग के उद्घाटन सत्र के लिए रोमांचित हैं। यह लीग न केवल असाधारण क्रिकेट एक्शन का वादा करती है बल्कि क्रिकेट प्रतिभाओं को निखारने के लिए एक मंच के रूप में भी काम करती है। एपीएल टूर्नामेंट कमिश्नर एच एस राणा ने कहा कि लीग को अरुणाचल प्रदेश की अपार क्रिकेट क्षमता को प्रदर्शित करने के लिए डिजाइन किया गया है। पांच प्रतिस्पर्धी टीमों की भागीदारी के साथ यह टी -20 प्रारूप टूर्नामेंट प्रशंसकों को अपनी सीटों से बांधे रखेगा। उन्होंने बताया कि अरूणाचल के युवाओं में फुटबॉल का क्रेज काफी पहले से रहा है। अब उन्हें क्रिकेट में अपना करियर बनाने का मौका मिल रहा है। इस लीग में वहीं खिलाड़ी खेलेंगे तो बीसीसीआई से रजिस्टर्ड हैं। जेएच स्पोर्ट इंडस्ट्रीज के डॉ. जसकांत झा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन के साथ हमारा सहयोग देश में खेल प्रतिभाओं को आगे लाने की हमारी प्रतिबद्धता को दिखाएगा। यह लीग अरूणाचल क्रिकेट के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगी।




■ **पूर्वोत्तर राज्यों में क्रिकेट को लोकप्रिय बनाने के लिए अरुणाचल क्रिकेट एसोसिएशन एवं बीसीसीआई की पहल**

**पहले सीजन में हैं पांच टीमें**

तवांग टाइगर, सियांग शार्क, पेल वॉरियर्स, तमिल कोबरास, कमेंग स्ट्राइकर।



## सुंदरबन में डिजाइन फ्लोटिंग फार्म कार्यक्रम ने जीईएफ असेंबली में जीते एक लाख डॉलर

■ **स्वदेशी लोगों, महिलाओं, लड़कियों और युवाओं का अद्वितीय योगदान**

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। सुंदरबन क्षेत्र में बाढ़ से प्रभावित समुदायों के लिए दक्षिण एशियाई प्रकृति फोरम फॉर एनवायरनमेंट (एसएएफई) द्वारा संचालित और अनुकूलन निधि द्वारा समर्थित स्थानीय रूप से डिजाइन किए गए तैरते खेतों पर 23 नागरिक समाजों में से एक सामुदायिक कार्यक्रम का समावेशी जीईएफ असेंबली चैलेंज कार्यक्रम के लिए वैश्विक पर्यावरण सुविधा (जीईएफ) द्वारा चयन किया गया है। यह कार्यक्रम एक अनोखी पहल है, जो समुदाय-संचालित जलवायु और प्रकृति परियोजनाओं के समर्थन और उन्नयन की प्रतिबद्धता और जीईएफ साझेदारी में स्वदेशी लोगों, महिलाओं, लड़कियों और युवाओं के अद्वितीय योगदान को दर्शाती है।

विजेता की घोषणा जीईएफ असेंबली के दौरान की गई, जो इस सप्ताह कनाडा के वैंकूवर में 185 देशों की हर चार साल में एक बार होने वाली सभा है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक लाख डॉलर तक का अनुदान प्राप्त होगा और जीईएफ के माध्यम से नेटवर्किंग, प्रशिक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान का अवसर मिलेगाा। एसएएफई की पहल को तटीय दक्षिण एशिया में कमजोर समुदायों के लिए एक अनुकूली, जलवायु-लचीला कृषि पद्धति के रूप में हाइड्रोपोनिक फ्लोट-फार्मिंग और एकीकृत जलीय कृषि को प्राकृतिक बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।


इसे न केवल लोगों के पोषण और भोजन और आजीविका सुरक्षा में सुधार करने के लिए, बल्कि कृषि-व्यवसाय उद्यमिता के अवसर पैदा करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। पुनर्चक्रित जैविक मिट्टी-मिश्रण के साथ फ्लोट-फार्म ग्रोबैग में उत्सर्जन-रहित पुनर्योजी खेती को सौर अलवणीकरण और सूक्ष्म-सिंचाई प्रणालियों द्वारा समर्थित किया जाता है। जीईएफ के सीएसओ नेटवर्क, वैज्ञानिक और तकनीकी सलाहकार पैनल, स्वदेशी लोगों के सलाहकार समूह और लिंग भागीदारी के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण सम्मेलनों से जुड़े युवा प्रतिनिधियों से बने चयन पैनल द्वारा लगभग 600 आवेदनों में से 23 विजेताओं को चुना गया था। वे एंटीगुआ और बारबुडा, बेलीज, बोलीविया, कैमरून, चीन, कोलंबिया, कोस्टा रिका, कांगो, इक्वाडोर, हैती, भारत, केन्या, किरिबाती, मेडागास्कर, मैक्सिको, नाइजीरिया, पेरू, सिएरा लियोन, सोमालिया, दक्षिण अफ्रीका दक्षिण सूडान, सेंट विंसेंट और ग्रेनेडाइंस, तंजानिया, थाईलैंड, ट्यूनीशिया और युगांडा सहित 26 देशों में फैले हुए हैं।

# धरती का स्वर्ग कश्मीर अब फिल्म शूटिंगों का भी बन गया स्वर्ग

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू,** 24 अगस्त (देशबन्धु)। यह पूरी तरह से सच है कि धरती का स्वर्ग कश्मीर अब फिल्म शूटिंगों का स्वर्ग भी बन चुका है। कश्मीर आतंकवाद की शुरूआत से पहले 1980 के दशक तक बालीवुड फिल्म उद्योग के लिए पसंदीदा स्थान हुआ करता था। और 30 साल के लंबे समय के बाद, भारतीय फिल्म उद्योग कश्मीर में वापस आ चुका है। नतीजतन जम्मू कश्मीर सरकार को कश्मीर में शूटिंग की अनुमति देने के लिए देश भर के फिल्म निर्माताओं से 800 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे जिनमें से 300 से अधिक अनुमतियां दी जा चुकी हैं तथा कई फिल्मों की शूटिंगें धड़ल्ले से हो रही हैं।

पर्यटन सचिव के बकौल, देश में फिल्म उद्योग का जम्मू कश्मीर के साथ बहुत अच्छा रोमांस रहा है, अतीत में ज्यादातर फिल्मों की शूटिंग वहीं हुई थी। थोड़े समय के लिए ही लोग ऐसे स्थानों की तलाश में बाहर जाने लगे जो उतने सुंदर थे जो उन्हें देश में नहीं मिले, उन्हें शूटिंग के लिए विदेश जाना पड़ा।



जम्मू और कश्मीर फिल्म शूटिंग के लिए बेहतरीन स्थान प्रदान करता है और हाल ही में एलजी प्रशासन ने एक पहल की और एक नई फिल्म नीति लेकर आया जहां कई प्रोत्साहन दिए जा रहे हैं और सिंगल विंडो सिस्टम प्रदान किया जा रहा है।

वे आगे कहते थे कि यहां कई फिल्मों की शूटिंग हो रही है, लगभग 300 फिल्म यूनिट और शूटिंग हो चुकी हैं। सिर्फ बालीवुड से ही नहीं बल्कि साउथ और दूसरे प्लेटफार्म्स से भी। इसमें जबरदस्त संभावनाएं हैं और इससे जम्मू कश्मीर में पर्यटन को फायदा होने वाला है। यह एक ऐसा ब्रांड है जो पूरी दुनिया में जाना जाता है। जब हमने 1960 की फिल्मों में इन स्थानों को देखा, तो मुझे लगता है कि आज यह और भी सुंदर है और हमारे पास कई अन्य स्थान भी हैं। हमने 75 अप्रयुक्त गंतव्यों को जोड़ा है जिनमें जबरदस्त सुंदरता है। मुझे यकीन है कि यहां शूटिंग करने वाले ये फिल्म लोग नए रास्ते खोलेंगे और पर्यटन को बहुत फायदा पहुंचाएंगे।

यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि नई फिल्म नीति के तहत, जम्मू कश्मीर सरकार ने अनुमति प्रणाली को लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत रखा है। जम्मू कश्मीर प्रशासन को 30 दिनों के निर्धारित समय के भीतर फिल्म निर्माताओं को अनुमति देनी होती है। निर्माताओं के लिए इसे आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो सिस्टम भी लगाया गया है। फिल्म निर्माता अनुमति के लिए आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

स्थानीय फिल्म निर्माता मुश्ताक अली कहते थे कि एक कश्मीरी फिल्म निर्माता होने के नाते, मैं यह जानकर बहुत उत्साहित हूं कि कश्मीर में 300 फिल्मों की शूटिंग के लिए मंजूरी दी गई है। शायद अलग-अलग जगहों जैसे गुलमर्ग, पहलगाम, सोनमर्ग, श्रीनगर शहर और डल झील या कहीं और। यह एक स्वागत योग्य कदम है। मैं एलजी मनोज सिन्हा का बहुत खुश और आभारी हूं, जो एक नई फिल्म नीति बनाने और फिल्म निर्माताओं के लिए कुछ लाभ रखने में रुचि रखते थे ताकि अधिक से अधिक फिल्म निर्माता कश्मीर आ सकें। यह पर्यटन आदि जैसे कई तरीकों से मदद करेगा। मुझे दिलचस्पी होगी यदि ये दल इन परियोजनाओं के लिए स्थानीय लोगों को काम पर रखते हैं। मैं इन फिल्म निर्माताओं से स्थानीय कलाकारों पर भी विचार करने की अपील करता हूं। कश्मीर बेजोड़ है। फिल्म निर्माताओं को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिलता है। हम चाहते हैं कि कश्मीर आगे बढ़े। सरकार इन फिल्म निर्माताओं को कश्मीर के विभिन्न स्थानों पर शूटिंग के लिए प्रोत्साहन भी प्रदान कर रही है। कश्मीर के स्थानीय फिल्म निर्माता खुश हैं कि कश्मीर प्रगति कर रहा है, और स्थानीय कलाकारों को भी इन परियोजनाओं पर काम करने का मौका मिलेगा।

# [अर्थ जगत]

## पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी यथावत रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर पर रहा।



### सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| एनटीपीसी | 4.02 प्रतिशत |
| पावर ग्रिड | 3.00 प्रतिशत |
| टेक महिंद्रा | 2.28 प्रतिशत |
| टाटा स्टील | 2.16 प्रतिशत |
| टीसीएस | 1.96 प्रतिशत |

### सर्वाधिक घटने वाले शेयर

| | |
|---|---|
| बजाज फाइनेंस | 1.12 प्रतिशत |
| कोटक बैंक | 1.09 प्रतिशत |
| हिंदुस्तान यूनीलीवर | 0.91 प्रतिशत |
| आईटीसी | 0.63 प्रतिशत |
| भारती एयरटेल | 0.46 प्रतिशत |

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड | 47,310 |
| बिटुर | 47,320 |
| गिन्नी (प्रति आठ ग्राम) | 31,400 |
| चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर | 70,096 |
| वायदा | 70,183 |
| चांदी सिक्का लिवाली | 870 |
| बिकवाली | 880 |

### मुद्रा विनिमय

| मुद्रा | क्रय | विक्रय |
|---|---|---|
| अमेरिकी डॉलर | 67.77 | 78.57 |
| पौड स्टर्लिंग | 90.94 | 105.45 |
| यूरो | 76.54 | 88.78 |
| चीन युआन | 08.24 | 13.38 |

### अनाज

| | |
|---|---|
| देसी गेहूँ एमपी | 2500-3000 |
| गेहूं दडा | 2150-2160 |
| आटा | 2800-2290 |
| मैदा | 945-950 |
| चोकर | 620-630 |

### मोटा आनाज

| | |
|---|---|
| बाजरा | 1300-1305 |
| मक्का | 1350-1500 |
| ज्वार | 3100-3200 |
| जौ | 1430-1440 |
| काबुली चना | 3500-4000 |

### चावल

| | |
|---|---|
| बासमती औसत किस्म | 4500-4600 |
| परमल | 1750-1775 |
| चावल सेला | 2250-2350 |
| आरआर (आठ ) | 1650-1670 |

### दाल-दलहन

| | |
|---|---|
| चना | 4,850-4,950 |
| दाल चना | 4,850-4,950 |
| मसूर काली | 7,800-7,900 |
| उड़द दाल | 10300-10400 |
| मूंग दाल | 7,900-8,000 |
| अरहर दाल | 9700-9800 |

## भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक आशावाद है : मोदी

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जयपुर में जी20 व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक को वर्चुअली संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में वैश्विक आशावाद और विश्वास है। भारत को खुलेपन अवसर और विकल्प के संयोजन के रूप में देखा जाता है। पीएम मोदी ने कहा, नौ वर्षों के दौरान, भारत पांचवीं सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बन गया है। यह हमारे निरंतर प्रयासों का परिणाम है। हमने 2014 में सुधार, प्रदर्शन और परिवर्तन की यात्रा शुरू की। प्रधान मंत्री ने कहा, महामारी से लेकर भू-राजनीतिक तनाव तक, वर्तमान वैश्विक चुनौतियों ने विश्व अर्थव्यवस्था का परीक्षण किया है, इसलिए जी20 के रूप में, अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और निवेश में विश्वास का पुनर्निर्माण करना हमारी जिम्मेदारी है। हमें लचीला और समावेशी निर्माण करना चाहिए वैश्विक मूल्य श्रृंखलाएँ जो भविष्य के झटकों को झेल सकेंगी।

इस संदर्भ में, वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं के मानचित्रण के लिए एक जेनेरिक फ्रेमवर्क बनाने का भारत का प्रस्ताव महत्वपूर्ण है। पीएम मोदी ने कहा, इस ढांचे का लक्ष्य कमजोरियों का आकलन करना, जोखिमों को कम करना और लचीलापन बढ़ाना है।

उन्होंने कहा, व्यापार में प्रौद्योगिकी की परिवर्तनकारी शक्ति निर्विवाद है। भारत के ऑनलाइन



एकल अप्रत्यक्ष कर - जीएसटी - में बदलाव ने अंतर-राज्य व्यापार को बढ़ावा देने वाले एकल आंतरिक बाजार बनाने में मदद की। हमारा यूनिफाइड लॉजिस्टिक्स इंटर-फेस प्लेटफॉर्म व्यापार लॉजिस्टिक्स को सस्ता और अधिक पारदर्शी बनाता है। एक अन्य गेम चेंजर डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क है, जो हमारे डिजिटल मार्केटप्लेस इकोसिस्टम को लोकतांत्रिक बनाएगा,

उन्होंने कहा, भारत एक नियम-आधारित, खुली, समावेशी, बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली में विश्वास करता है, जिसके मूल में डब्ल्यूटीओ है।

प्रधान मंत्री ने कहा, भारत ने 12वें डब्ल्यूटीओ मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में वैश्विक दक्षिण की चिंताओं की वकालत की है। हम लाखों किसानों और छोटे व्यवसायों के हितों की रक्षा पर आम सहमति बनाने में सक्षम थे। वैश्विक स्तर पर उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए हमें एमएसएमई पर अधिक ध्यान देना चाहिए। एमएसएमई 60 से 70 प्रतिशत रोजगार देते हैं और वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में 50 प्रतिशत का योगदान देते हैं। उन्हें हमारे निरंतर समर्थन की आवश्यकता है। उनका सशक्तिकरण सामाजिक सशक्तिकरण में बदल जाता है। हमारे लिए, एमएसएमई का अर्थ है - सूक्ष्म, लघु और मध्यम को अधिकतम समर्थन उद्यम।

भारत ने हमारे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म - सरकारी ई-मार्केटप्लेस के माध्यम से एमएसएमई को सार्वजनिक खरीद में एकीकृत किया है। हम पर्यावरण पर शून्य दोष और शून्य प्रभाव के लोकाचार को अपनाने के लिए अपने एमएसएमई क्षेत्र के साथ काम कर रहे हैं। वैश्विक स्तर पर उनकी भागीदारी बढ़ रही है व्यापार और वैश्विक मूल्य श्रृंखला भारतीय राष्ट्रपति पद की प्राथमिकता रही है।

जयपुर में जी20 प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए पीएम मोदी ने कहा, यह क्षेत्र अपने गतिशील और उद्यमशील लोगों के लिए जाना जाता है।

## एबीएफएल एमएसएमई को देगी बगैर गांरटी के दो लाख रुपये तक के ऋण

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। आदित्य बिड़ला कैपिटल की ऋ्रण देने वाली सहायक कंपनी आदित्य बिड़ला फाइनेंस लिमिटेड (एबीएफएल) ने एमएसएमई के लिए एक इनोवेटिव वन-स्टॉप बिजनेस प्लेटफॉर्म उद्योग प्लस लॉंच करते हुये आज कहा कि इसके माध्यम से एमएसएमई दो लाख रुपये तक के ऋ्रण बगैर गारंटी के ले सकेंगे।

कंपनी के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ राकेश सिंह ने आज यहां इसे लॉंच करते हुये कहा कि यह नया बी2बी डिजिटल प्लेटफॉर्म 'उद्योग प्लस' दिल्ली-एनसीआर के बढ़ते एमएसएमई क्षेत्र के लिए फाइनेंस संबंधी सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज प्रस्तुत करता है। इनमें फाइनेंसिंग, सुरक्षा, निवेश, सलाहकार और मूल्य वर्धित सेवाएं शामिल हैं। उद्योग प्लस के माध्यम से, एबीएफएल का लक्ष्य मध्यप्रदेश में एमएसएमई की तरक्की और विकास को सुविधाजनक बनाना है। इसके लिए उन्हें महत्वपूर्ण वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। यह प्रक्रिया अत्यंत आसान और पूरी तरह कागज रहित होगी। इस तरह एमएसएमई को सशक्त बनाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ऋ्रण देने के परिदृश्य में वित्तीय



समावेशन और डिजिटलीकरण को बढ़ावा दिया जा सके।

उन्होंने कहा कि उद्योग प्लस एक ओपन मार्केट प्लेस है जिसे एबीएफएल के मौजूदा और नए दोनों ग्राहकों द्वारा आदित्य बिड़ला कैपिटल वेबसाइट के फाइनेंसिंग सेक्शन के माध्यम से एक्सेस किया जा सकता है। दो लाख रुपये तक ऋ्रण के लिए किसी तरह की गांरटी की जरूरत नहीं होगी लेकिन एमएसएमई अब उद्योग प्लस की पूरी तरह से कागज रहित डिजिटल यात्रा के माध्यम से 10 लाख रुपए तक का व्यावसायिक ऋ्रण प्राप्त कर सकते हैं। असुरक्षित व्यावसायिक ऋ्रणों के अलावा, प्रमोटरों, मालिकों और कर्मचारियों सहित एमएसएमई का संपूर्ण इको सिस्टम उद्योग प्लस द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकता है, जैसे जरूरत के अनुसार सुरक्षित ऋ्रण, बीमा, निवेश समाधान इत्यादि।

## चंद्रयान-3 में जिंदल स्टेनलेस का विशेष किस्म का 'अलॉय' इस्पात का भी उपयोग

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। स्टेनलेस स्टील निर्माता जिंदल स्टेनलेस ने एक विशेष और मज़बूत किस्म का 'अलॉय' (मिश्रित) इस्पात विकसित किया है जिसकी आपूर्ति इसरो के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के मोटर आवरण में उपयोग के लिए की गई है। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को आपूर्ति किया गया यह विशेष किस्म का इस्पात आमतौर पर अलग- अलग देशों से आयात किया जाता है। इसे आधुनिक शोधन प्रक्रिया की मदद से तीन साल में सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है, जिसने इस महत्वपूर्ण परियोजना के कड़े गुणवत्ता मानकों और विशिष्टताओं पर खरा उतरते हुए अंतरिक्ष की दौड़ में भारत को आगे रखने में मदद की है। यह ताप रोधी पदार्थ मोटर को झटके और ऊंचे तापमान दोनों से बचाता है। इसके असाधारण गुण अत्यधिक तापमान में भी कायम रहते हैं, जो महत्वपूर्ण अंतरिक्ष अभियानों के लिए इसकी विश्वसनीयता और उपयुक्तता को रेखांकित करते हैं।जिंदल स्टेनलेस के प्रबंध निदेशक अभ्युदय जिंदल ने इस पर कहा, चंद्रयान-3 की सफल लैंडिंग ऐतिहासिक है और हमें इस मिशन में अपनी भूमिका निभाने पर गर्व है। हमारा योगदान आत्मनिर्भर भारत की गाथा को मज़बूत बनाता है क्योंकि हमने निरंतर नवाचार के माध्यम से इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय परियोजना के लिए स्वदेशी रूप से विकसित सर्वोत्तम श्रेणी की गुणवत्ता वाली सामग्री प्रदान की है।

## ईएमएस लिमिटेड आईपीओ के जरिए 300 से 320 करोड़ रुपये जुटाएगी

नई दिल्ली, 24 अगस्त (देशबन्धु)। पानी और सीवरेज के क्षेत्र में काम करने वाली प्रमुख कंपनी ईएमएस लिमिटेड ने आईपीओ के जरिए 300 से 320 करोड़ रुपये जुटाने का लक्ष्य रखा है। कंपनी की योजना सितंबर 2023 में आईपीओ लाने की है। कंपनी का मुख्यालय गाजियाबाद में है। यह कंपनी पानी और सीवरेज की समस्या का समाधान करती है। कंपनी ने उत्तर प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और राजस्थान आदि राज्यों में सीवरेज नेटवर्क बिछाने से लेकर सीवरेज और जल उपचार संयंत्र बनाने का काम किया है। लगभग 20त्न के शुद्ध मार्जिन के साथ कंपनी केवल उच्च-मार्जिन वाली एकीकृत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित कर रही है।

मार्च 2023 में, ईएमएस लिमिटेड ने सार्वजनिक पेशकश के माध्यम से कुल मिलाकर धन जुटाने के लिए सेबी के पास मसौदा पत्र दाखिल किया। 180.00 करोड़. अब, कंपनी ने रुपये के निर्गम मूल्य पर




- कंपनी का लक्ष्य उच्च-मार्जिन वाली एकीकृत परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित करना
- सितंबर 2023 में अपना आईपीओ लॉन्च करने की है कंपनी की योजना

16,00,000 इक्विटी शेयरों का प्री-आईपीओ प्लेसमेंट पूरा कर लिया है। कंपनी के प्रमोटर रामवीर सिंह द्वारा 82.94 लाख शेयरों की बिक्री की पेशकश की गई है।

कंपनी की आगे की योजनाओं के बारे ईएमएस लिमिटेड के संस्थापक अध्यक्ष और कार्यकारी निदेशक, श्री रामवीर सिंह ने कहा कि स्थापना के बाद से ही कंपनी ने उच्च-मार्जिन वाले व्यवसाय की ओर ध्यान केंद्रित किया है। इसलिए पानी और सीवरेज के क्षेत्र में काम करना प्रमुख उद्देश्य है। श्री सिंह ने कहा कि सरकार का उद्देश्य भी लोगों को गुणवत्तायुक्त पानी देने और सीवरेज की समस्या को समाप्त करने की है। इसलिए कंपनी पेशेवर लोगों को लेकर आगे बढ़ रही है। श्री सिंह ने उम्मीद जताई कि आईपीओ के जरिए जुटाए गए धन से कंपनी और बेहतर तरीके से काम कर सकेगी। कंपनी की 100त्न परियोजनाएँ विश्व बैंक के माध्यम से वित्त पोषित सरकारी या अर्ध-सरकारी एजेंसियों द्वारा जारी निविदाओं से संबंधित हैं।


## जियो फाइनेंस में भारी गिरावट से बाजार ने गंवाई तेजी

**मुंबई** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विश्व बाजार के सकारात्मक रुझान के बावजूद स्थानीय स्तर पर जियो फाइनेंस, रिलायंस, एनटीपीसी, मारुति और टाटा स्टील समेत अठारह दिग्गज कंपनियों में करीब पांच प्रतिशत तक की गिरावट के दबाव में शेयर बाजार ने पिछले लगातार तीन दिन की तेजी आज गंवा दी।

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 180.96 अंक की गिरावट लेकर 65,252.34 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 57.30 अंक उतरकर 19,386.70 अंक पर आ गया। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.11 प्रतिशत की तेजी लेकर 30,980.16 अंक और स्मॉलकैप 0.21 प्रतिशत चढ़कर 36,142.74 अंक पर पहुंच गया। इस दौरान बीएसई में कुल 3780 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1827 में गिरावट जबकि 1789 में तेजी रही वहीं 164 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह 35 में बिकवाली जबकि 16 में लिवाली हुई।

बीएसई के 11 समूहों में गिरावट का रुख रहा। इस दौरान कमोडिटीज 0.01, ऊर्जा 0.69, वित्तीय सेवाएं 0.05, हेल्थकेयर 0.72, इंडस्ट्रियल्स 0.12, यूटिलिटीज 0.03, ऑटो 0.35, कैपिटल गुड्स 0.30, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.39, धातु 0.45 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 0.23 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तेजी रही। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.37, जर्मनी का डैक्स 0.24, जापान




का निक्केई 0.87, हांगकांग का हैंगसेंग 2.05 और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.12 प्रतिशत मजबूत रहा।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 289 अंक की तेजी लेकर 65,722.51 अंक पर खुला और लिवाली की बदौलत थोड़ी देर बाद ही 65,913.77 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। इसके बाद शुरू हुई बिकवाली के दबाव में यह लगातार गिरता हुआ कारोबार के अंतिम चरण में 65,181.94 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। अंत में पिछले दिवस के 65,433.30 अंक के मुकाबले 0.28 प्रतिशत टूटकर 65,252.34 अंक पर रहा गया।

इसी तरह निफ्टी भी 91 अंक मजबूत होकर 19,535.15 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,584.45 अंक के उच्चतम जबकि 19,369.00 अंक के निचले स्तर पर रह। अंत में पिछले सत्र के 19,444.00 अंक की तुलना में 0.29 प्रतिशत उतरकर 19,386.70 अंक पर रहा।

इस दौरान गिरावट पर रही सेंसेक्स की 18 कंपनियों में जियो फाइनेंस ने सबसे अधिक 4.99 प्रतिशत का नुकसान उठाया। साथ ही रिलायंस 1.76, पावरग्रिड 1.32, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 1.19, एलटी 1.10, एचसीएल टेक 0.92, विप्रो 0.65, टाटा स्टील 0.55, एचडीएफसी बैंक 0.48, टाटा मोटर्स 0.45, सन फार्मा 0.43, एनटीपीसी 0.34, टीसीएस 0.31, मारुति 0.31, टाइटन 0.22, टेक महिंद्रा 0.20, बजाज फिनसर्व 0.06 और एसबीआई के शेयर 0.03 प्रतिशत कमजोर रहे। वहीं, मुनाफा कमाने वाली कंपनियों में इंडसइंड बैंक 1.72, एशियन पेंट 1.68, इंफोसिस 1.19, अल्ट्रासिमको 0.65, नेस्ले इंडिया 0.39, एक्सिस बैंक 0.29, आईसीआईसीआई बैंक 0.28, हिंदुस्तान यूनीलीवर 0.24, बजाज फाइनेंस 0.23, भारती एयरटेल 0.20, आईटीसी 0.08 और महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.03 प्रतिशत शामिल रही।

## सरसों, मूंगफली और वनस्पति तेल में तेजी



**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में जारी गिरावट के बीच स्थानीय स्तर पर मांग निकलने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल, मूंगफली तेल और वनस्पति तेल के भाव चढ़ गए।

**तेल-तिलहन :** वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में सितंबर का पाम ऑयल वायदा छह रिंगिट की मामूली गिरावट के साथ 3806 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। इसी तरह सितंबर का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.54 सेंट उतरकर 62.43 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में मिलाजुला रुख रहा। सरसों तेल 146 रुपये, मूंगफली तेल 220 रुपये और वनस्पति तेल 133 रुपये प्रति क्विंटल महंगा हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड और पाम ऑयल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

**गुड़-चीनी :** मीठे के बाजार में मिश्रित रुझान रहा। इस दौरान गुड़ 100 रुपये प्रति क्विंटल चढ़ गया जबकि चीनी के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** दाल-दलहन बाजार में मसूर दाल में 50 रुपये प्रति क्विंटल की नरमी को छोड़कर लगभग स्थिरता रही। इस दौरान चना, दाल चना, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के दाम टिके रहे।

**अनाज :** अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव पुराने स्तर पर पड़े रहे।

**दाल-दलहन :** चना 6100-6200, दाल चना 7100-7200, मसूर काली 8000-8100, मूंग दाल 9100-9200, उड़द दाल 11400-11500, अरहर दाल 10500-10600 रुपये प्रति क्विंटल रहे।

**अनाज :** (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2550-2650 रुपये और **चावल :** 3000-3100 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

**चीनी-गुड़ :** चीनी एस 3640-3740, चीनी एम. 3900-4000, मिल डिलीवरी 3520-3620 और गुड़ 4200-4300 रुपये प्रति क्विंटल बोले गये।

## जी20 में व्यापार, निवेश में बाधा हटाने, उत्पादकता, समृद्धि बढ़ाने पर ध्यान हो : गोयल

**जयपुर,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि जी20 में शामिल देशों के व्यापार और निवेश मंत्रियों की बैठक (टीआईएमएम) में अंतरराष्ट्रीय व्यापार और निवेश में बाधाओं को कम करने तथा उत्पादकता और आउटपुट को बढ़ावा देने में मदद कर सभी के लिए आर्थिक विकास और समृद्धि को बढ़ाने पर फोकस रहेगा।

श्री गोयल ने यहां गुरुवार को टीआईएमएम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि ठोस, निर्णायक और सामूहिक रूप से ऐसे काम किए जाएं, जो परिणाम दे सकें। उनके पास उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्रालय भी है। उन्होंने कहा कि टीआईएमएम में बहुपक्षीय व्यापार प्रणाली, समावेशी व्यापार और व्यापार तथा व्यवसाय को आसान बनाने से जुड़े मुद्दों पर साझा परिणाम प्राप्त करने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि इन मुद्दों पर भारत की जी20 अध्यक्षता में आयोजित चार व्यापार और निवेश कार्य समूह (टीआईडब्ल्यूजी) की बैठकों में विचार-विमर्श किया गया है। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि बैठकों का उद्देश्य निष्पक्ष, समावेशी और टिकाऊ व्यापार तथा इससे सम्बन्धित निवेश नीतियां तैयार करना है। श्री गोयल ने बताया कि टीआईएमएम में तीन सत्र होंगे जिनका विषय होगा- वैश्विक विकास और समृद्धि के लिए बहुपक्षीय व्यापार, समावेशी और लचीले व्यापार तथा पेपरलेस ट्रेड के लिए तकनीक का लाभ उठाना। मौजूदा बहुराष्ट्रीय चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए इन सत्रों में होने वाली चर्चा से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे।

उन्होंने कहा कि टीडब्लूआईजी बैठकों में पांच प्राथमिकता वाले मुद्दों - विकास और समृद्धि के लिए व्यापार, रेजिलिएंट ट्रेड और ग्लोबल वेल्यू चेन्स (जीवीसी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को विश्व व्यापार से जोड़ने, व्यापार के लिए लॉजिस्टिक्स और विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधार पर गहन चर्चा की गयी है। इनमें अन्य आमंत्रित देशों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

उन्होंने कहा कि आज की आपस में जुड़ी



दुनिया में वैश्विक विनिर्माण श्रृंखला की अवधारणा ने राष्ट्रों के व्यापार और निवेश में शामिल होने के तरीके में क्रांति ला दी है। श्री गोयल ने कहा कि कोविड-19 महामारी और ऐसे ही अन्य बड़े घटनाक्रमों ने वैश्विक मूल्य-वर्धन श्रृंखला को बाधित कर दिया है और हमें समावेशी और स्वस्थ उत्पादन श्रृंखला को बढ़ावा देने के महत्व का एहसास कराया है।

श्री गोयल ने कहा कि भारत ने अपनी जी20 अध्यक्षता के तहत वैश्विक अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा निभाई गई महत्वपूर्ण भूमिका को पहचाना है और उन्हें बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि एमएसएमई नवाचार को बढ़ावा देने वाली अर्थव्यवस्थाओं की रीढ़ हैं, ये नौकरियां पैदा करते हैं और समग्र आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं।

उन्होंने कहा कि विकास के नए रास्ते खोलने के लिए वैश्विक व्यापार में एमएसएमई की समान पहुंच और भागीदारी सुनिश्चित की जानी चाहिए। उन्होंने एमएसएमई को सरकारी ई-मार्केटप्लेस (जीईएम) से सफलतापूर्वक जोड़ने और इससे हुए लाभ के उदाहरण भी बताए।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि समावेशी विकास को बढ़ावा देने की साझा प्रतिबद्धता हमारी पारंपरिक व्यवस्थाओं की सीमाओं से भी आगे की बात है। अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए सुचारू लॉजिस्टिक्स के महत्व को बताते हुए उन्होंने कहा कि सीमा पार लेनदेन को सुव्यवस्थित करने, प्रशासनिक देरी को कम करने और व्यापार संचालन में गति बढ़ाने की दिशा में कागजी कार्रवाई की जगह ऑनलाइन प्रक्रिया एक महत्वपूर्ण कदम है।

श्री गोयल ने प्रोजेक्ट की योजना बनाने और उन्हें लागू करने में जीआईएस डेटा की उपयोगिता के सम्बन्ध में पीएम गतिशक्ति कार्यक्रम का उदाहरण दिया जो बुनियादी ढांचे के विकास और लॉजिस्टिक्स दक्षता के लिए शुरू किया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) में सुधारों के साथ ही अधिक गतिशील और समावेशी व्यापार का माहौल का होना भी जरूरी है।

श्री गोयल ने कहा कि इन सुधारों से उभरते वैश्विक आर्थिक परिदृश्य की तस्वीर दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत व्यापार और निवेश के क्षेत्र में ग्लोबल साउथ को नेतृत्व प्रदान कर सकता है और विश्व अर्थव्यवस्था को और अधिक समावेशी बनाकर एकीकृत कर सकता है।

वाणिज्य मंत्री ने कहा कि जी20 की भावना सहयोग और आपसी समझ है। इसके निर्णय अर्थव्यवस्था, लोगों की आजीविका और भविष्य की दुनिया को आकार देते हैं।

## सार संक्षेप

### आरबीआई ने ऑफलाइन डिजिटल भुगतान की सीमा बढ़ाकर 500 रुपये की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने गुरुवार को ऑफ़लाइन किए जाने वाले छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान के लिए लेनदेन की सीमा पहले के 200 रुपये से बढ़ाकर 500 रुपये प्रति कर दी है। केंद्रीय बैंक द्वारा जारी एक अधिसूचना में कहा गया है, यह निर्देश तत्काल प्रभाव से लागू होगा। इसमें आगे कहा गया है कि छोटे मूल्य के डिजिटल भुगतान से संबंधित अन्य सभी निर्देश पूर्ववत रहेंगे। आरबीआई ने 10 अगस्त को मौद्रिक नीति समिति के संबोधन में लेनदेन की सीमा बढ़ाने का प्रस्ताव किया था। इसने स्पष्ट किया था कि जहां प्रति लेनदेन सीमा को 500 रुपये तक बढ़ाया जा रहा है, वहीं दो-कारक प्रमाणीकरण की छूट से जुड़े जोखिमों को रोकने के लिए कुल सीमा पहले की तरह 2,000 रुपये पर बरकरार रखी जाएगी।

### निकट भविष्य में बाजार का परिदृश्य हो सकता है सकारात्मक

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थव्यवस्था के विनिर्माण क्षेत्र में गिरावट व चंद्रयान-3 की चंद्रमा पर सफल सॉफ्ट लैंडिंग से भारत के प्रति वैश्विक धारणाओं में बदलाव आया है। इससे बाजार का दृष्टिकोण सकारात्मक हो गया है। यह बात जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी.के. विजयकुमार ने कही। उन्होंने कहा कि कमजोर अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों, विशेष रूप से अमेरिकी विनिर्माण क्षेत्र में तेज गिरावट से पूंजी प्रवाह का अल्पकालिक रूप से भारत जैसे उभरते बाजारों के पक्ष में हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारतीय रुपये में गिरावट के रुझान में अचानक बदलाव भी निकट अवधि में भारत के पक्ष में वैश्विक मैक्रोज़ में इस बदलाव का संकेत है। हालांकि, निवेशकों को यह याद रखना चाहिए कि भावनाएं क्षणिक हैं और बाजार का मध्यम से दीर्घकालिक प्रक्षेपवक्र आर्थिक विकास और कॉर्पोरेट आय से संचालित होगा। उन्होंने कहा कि बैंक निफ्टी में रिकवरी, जो बुनियादी बातों और उचित मूल्यांकन से प्रेरित है, निफ्टी के लिए अच्छा संकेत है। बीएसई सेंसेक्स सुबह की बढ़त छोड़कर 177 अंक ऊपर 65,610 अंक पर है। इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और एशियन पेंट्स में 1 फीसदी से ज्यादा की तेजी है।

### एनवीडिया ने रिकॉर्ड 6.1 अरब डॉलर का मुनाफ़ा कमाया

सैन फ्रांसिस्को। ग्राफिक्स चिप की दिग्गज कंपनी एनवीडिया ने दूसरी तिमाही में 6.188 अरब डॉलर का मुनाफा कमाया है जो पिछले साल की इसी तिमाही से 843 फीसदी की ज्यादा है। कंपनी ने 30 जून को समाप्त तिमाही में 13.51 अरब डॉलर का राजस्व दर्ज किया, जो एक साल पहले की तुलना में 101 प्रतिशत और इस साल की पहली तिमाही से 88 प्रतिशत अधिक है। गेमिंग राजस्व भी साल-दर-साल आधार पर 22 प्रतिशत बढ़कर 2.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया। कंपनी ने डेटा सेंटर का राजस्व 10.32 अरब डॉलर बताया, जो एक साल पहले की तुलना में 171 प्रतिशत अधिक है।

# खेल जगत

## हैरी ब्रूक को वर्ल्ड कप टीम से बाहर करना बड़ी गलती है : मार्क बुचर

**लंदन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर मार्क बुचर का मानना है कि विश्व कप के लिए इंग्लैंड की टीम से युवा इन-फॉर्म बल्लेबाज हैरी ब्रूक को बाहर किया जाना एक गलती है। पिछले हफ्ते वर्ल्ड कप-2023 के लिए इंग्लैंड की संभावित और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए टीम की घोषणा हुई थी। उसमें ब्रूक को जगह नहीं मिली। ब्रूक को शायद इसलिए भी टीम से बाहर किया गया क्योंकि ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने एक बार फिर वनडे फॉर्मेट में वापसी की है। स्टोक्स की वापसी से इंग्लैंड को भारत में अपने वनडे विश्व कप खिताब का बचाव करने में मदद मिलेगी। टेस्ट और टी20 में जबरदस्त सफलता हासिल करने के बावजूद, ब्रूक ने इंग्लैंड के लिए केवल तीन वनडे मैच खेले हैं। ये तीनों वनडे मैच युवा बल्लेबाज ने इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेला था। घरेलू स्तर पर ब्रूक ने 2019 में यॉर्कशायर के लिए 50 ओवर का गेम खेला था।



# हम दूसरी बार महिला हॉकी एशियन ट्रॉफी खिताब जीत भारत का गौरव बढ़ाने को बेताब : सविता

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 24 अगस्त (देशबन्धु)। भारत की कप्तान दुनिया की बेहतरीन गोलरक्षक सविता रांची में 27 अक्टूबर से 5 नवंबर तक झारखंड महिला हॉकी एशियन चैंपियंस ट्रॉफी में अपने ही घर में अपने ही दर्शकों के सामने खेलने को लेकर खासी रोमांचित हैं। भारतीय महिला हॉकी टीम ने इससे पहले 2016 में पहली बार महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता था और 2018 में उपविजेता रही थी। सातवीं महिला एशियन चैंपियंस हॉकी में शिरकत करने को लेकर भारत की कप्तान सविता ने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम अंतर्राष्ट्रीय मंच पर अपने गजब के प्रदर्शन से सुर्खियों में है।

हमारे लिए आगामी महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी बतौर टीम अपनी छाप छोड़ने का एक और मौका है। इस टूर्नामेंट में अपने घर में इस मौके का हम पूरा लाभ उठाना चाहेंगे। हम अपने घर में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर दूसरी बार महिला एशियन ट्रॉफी खिताब जीत भारत का गौरव बढ़ाने को बेताब हैं। हम हॉकी इंडिया, सरकार और सभी हितधारकों के आभारी हैं। हम इस बारमहिला एशियन ट्रॉफी हॉकी में यादगार प्रदर्शन करने को बेताब हैं।'

उन्होंने कहा, भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान के रूप में यह सुनकर ही रोमांचित हूं कि एशियन महिला चैंपियंस ट्रॉफी रांची में होगी। यह घोषणा इस बात का प्रमाण है कि भारत के साथ एशिया में भी महिला हॉकी ने प्रगति कर अपनी एक अलग पहचान बनाई है और इसमें अपने देश की नुमाइंदगी करना बड़े गर्व की बात है। अपने ही दर्शकों के सामने इसमें रांची में खेलना बेशक बहुत यादगार क्षण होगा। हमें अपने घरेलू दर्शकों का समर्थन अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को प्रेरित करेगा। हम इस टूर्नामेंट में भारतीय महिला हॉकी के कौशल, संकल्प और संयुक्त ककी बानगी दिखाना चाहेंगे। हमारे लिए यह टूर्नामेंट महज एक टूर्नामेंट ही नहीं उससे बहुत ज्यादा मायने रखता है। यह हमारी महिला हॉकी के आगे बढने की कहानी बयां करता है।यह हॉकी खिलाडियों की खेल भावना और उनके जज्बे और संकल्प की मिसाल पेश करता है।'



## हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे : नवजोत

**नई दिल्ली।** आक्रामक मिडफील्डर नवजोत कौर की कप्तानी में भारत सलाला (ओमान ) में महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में अपने अभियान का आगाज शुक्रवार को मलयेशिया के खिलाफ मैच से करेगा। भारत की महिला टीम इस टूर्नामेंट में इलीट पूल में जापान, मलयेशिया और थाईलैंड के साथ है। भारत की कप्तान नवजोत कौर ने कहा, %महिला एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में कुछ बेहतरीन टीमें शिरकत करेंगी और इसीलिए हमें इसमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा । हम कुछ भी तय मान कर नहीं चल सकते। हम अपनी चिर परिखित आक्रामक हॉकी खेल कर हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वालिफाई करने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। हमें हर मैच में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। हमारा लक्ष्य खुद को सर्वश्रेष्ठ साबित कर शीर्ष स्थान पर रहने का रहेगा। हमने अपनी कमजोरियों को दूर करने पर मेहनत करने के साथ खुद को मजबूत बनाने में कसर नहीं छोडी हैं। वहीं दूसरे चैलेंजर्स पूल में मेजबान ओमान, चीन, हांगकांग, चीनी ताइपे, इंडोनेशिया, बांग्लादेश और ईरान की महिला हॉकी टीमें हैं। 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप में कुल 16 टीमें शिरकत करेंगी और बतौर मेजबान हांगकांग पहले ही इसके लिए क्वॉलिफाई कर चुका है। भारतीय महिला हॉकी टीम के लिए 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करने के लिए एशियन हॉकी 5 विश्व कप क्वॉलिफायर इलीट पूल में शीर्ष तीन स्थान पाना जरूरी है। इनके अलावा अफ्रीका, अमेरिका, यूरोप और ओशनिया महाद्वीप से भी शीर्ष तीन-तीन टीमों 2024 एफआईएच हॉकी 5 विश्व कप के लिए क्वॉलिफाई करेंगी। भारत की महिला टीम आखिरी बार मलयेशिया से महिला हॉकी एशिया कप 2022 में खेली थभ और तब भारतीय टीम 9-0 से विजयी रही थी लेकिन जापान से तब वह 0-2 से हार गई थी ।भारतीय महिला टीम इससे पहले दोंगी(द. कोरिया) में महिला एशियन ट्रॉफी में थाईलैंड से भिड़ी थी और तब 13-0 से विजयी रही थी।

## अच्छा लगा कि लोग टेस्ट क्रिकेट पर कितना ध्यान दे रहे थे : पैट कमिंस

**सिडनी,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस का मानना है कि 2023 एशेज सीरीज में लॉर्ड्स टेस्ट के दौरान एलेक्स कैरी द्वारा इंग्लैंड के विकेटकीपर-बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की स्टंपिंग के बाद के प्रभाव ने उन्हें इस तथ्य से परिचित बना दिया है कि लोग खेल से जुड़ गये हैं। लॉर्ड्स में दूसरे एशेज टेस्ट के पांचवें दिन के खेल में, बेयरस्टो 52वें ओवर में 10 रन पर थे, जब वह कैमरून ग्रीन के बाउंसर पर नीचे झुक गए और अनजाने में अपनी क्रीज से बाहर चले गए।

डिलीवरी को पकड़ने के बाद कैरी ने तुरंत अंडरआर्म थ्रो किया और स्टंप्स पर अपना थ्रो मारने के बाद खुशी से उछल पड़े। ऑन-फील्ड अंपायर अहसान रजा और क्रिस गैफनी ने फैसले को ऊपर भेजा, जहां टीवी अंपायर मरायस इरस्मस ने बेयरस्टो के आउट होने की पुष्टि की।

बर्खास्तगी के बाद प्रशंसकों ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की, जिन्होंने वही पुरानी ऑस्ट्रेलियाई टीम, हमेशा धोखा दे रहे हैं के नारे लगाने शुरू कर दिए और पूरे दिन दर्शकों ने मजाक उड़ाया, साथ ही कुछ ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों को लंच के दौरान लॉन्ग रूम में एमसीसी सदस्यों से मौखिक दुर्व्यवहार का भी सामना करना पड़ा। चैनल सेवन के सनराइज शो में कमिंस ने कहा, मुझे लगता है कि बड़ी बात यह थी कि कितने लोग क्रिकेट के बारे में बोल रहे थे। यह [ऑस्ट्रेलिया में] सर्दियों का मध्य था और कुछ महीनों तक क्रिकेट मुख्य खेल था। इसलिए व्यक्तिगत रूप से, मुझे अच्छा लगा कि लोग टेस्ट क्रिकेट पर कितना ध्यान केंद्रित कर रहे थे और हर दिन प्रतियोगिता को पसंद कर रहे थे। और हमारे और उनके बीच पुरानी प्रतिद्वंद्विता भी है, हर एशेज श्रृंखला में कुछ न कुछ छूटता दिखता है।

अपनी टीम के साथी उस्मान ख्वाजा और डेविड वार्नर को एमसीसी सदस्यों से कुछ मौखिक आलोचना का सामना करने के बारे में बात करते हुए कमिंस ने कहा, यह निश्चित रूप से काफी पुराना गुस्सा था। मैंने पहले कभी ऐसा अनुभव नहीं किया है... लेकिन मैं कहूंगा कि अपने पूरे करियर में मैंने कम से कम 20 बार इस तरह का आउट देखा है और यह हमेशा आउट ही होता है। डेवी (डेविड वार्नर) और उस्सी (उस्मान ख्वाजा) कुछ सदस्यों की टिप्पणियों के बाद वापस चले गए, यह काफी गर्म हो रहा था। मुझे अन्य लोगों से गपशप मिली, फिर हम सभी ने गहरी सांस ली और शांत रहने का प्रयास किया। हमने ब्रेक लिया और फिर रीसेट हो गए। इंग्लैंड ने 2-0 से पिछड़ने के बाद जोरदार वापसी करते हुए सीरीज 2-2 से बराबर कर ली। हालाँकि ऑस्ट्रेलिया एशेज नहीं जीत सका, लेकिन वे कलश बरकरार रखने में सफल रहे। हमारा लक्ष्य एशेज को बरकरार रखना था, जो हमने किया, लेकिन अब भी मैं पीछे मुड़कर देखता हूं और कुछ पलों को देखता हूं, जो अगर हमारे मुताबिक चलते तो सीरीज ड्रॉ की बजाय जीत होती। हमने 2019 में भी वहां कलश बरकरार रखा, इसलिए हमने जो हासिल किया है उस पर मुझे बहुत गर्व है। घर से बाहर जीतना कठिन है, कमिंस ने कहा, जो ऑस्ट्रेलिया के वनडे कप्तान भी हैं।



## कंडीशनिंग कैंप शुरू होने से पहले केएल राहुल की फिटनेस सुर्खियों में

**बेंगलुरु,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के लिए रवाना होने से पहले टीम इंडिया छह दिनों के कंडीशनिंग कैंप में शामिल होगी। इस दौरान केएल राहुल की फिटनेस पर सबकी नजरें रहेगी। सोमवार को नई दिल्ली में एशिया कप टीम की घोषणा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान, मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर ने कहा था कि राहुल एनसीए में दाहिनी जांघ की चोट से उबर गए थे, लेकिन अभी भी उनकी फिटनेस से संबंधित कुछ समस्याएं हैं जिसके कारण उन्हें शुरुआती मैच से बाहर रखा जा सकता है।

ईएसपीएनक्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, एनसीए की मेडिकल टीम राहुल के बल्लेबाजी कार्यभार से खुश है लेकिन उनके विकेटकीपिंग पर अब भी सस्पेंस बना हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेंगलुरु में होने वाले छह दिवसीय शिविर, जो अलूर में कर्नाटक राज्य क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के श्री ओवल्स परिसर में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान ज्यादा फोकस केएल राहुल पर ही रहेगा।

इसमें कहा गया है, शिविर का उद्देश्य विश्व कप की तैयारी के अंतिम चरण पर ध्यान केंद्रित करने से पहले टीम बॉन्डिंग में एक अभ्यास के रूप में काम करना भी है। भारत के एशिया कप में भाग लेने के लिए 30 अगस्त को बेंगलुरु से कोलंबो के लिए रवाना होने की उम्मीद है। वे 4 सितंबर को नेपाल से खेलने से पहले 2 सितंबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेंगे। ग्रुप ए और बी से शीर्ष दो टीमें सुपर-4 में पहुंचेंगी, जहां वे कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में तीन और गेम खेलेंगे, जो 17 सितंबर को फाइनल की भी मेजबानी करेगा।

# कार्लसन ने आखिरकार जीता विश्व कप

**बाकू,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के 18 वर्षीय ग्रैंडमास्टर रमेशबाबू प्रज्ञानंद इतिहास रचने से चूक गये और उन्होंने फिडे विश्व कप 2023 के फाइनल में गुरुवार को नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन से हारने के बाद रजत पदक से संतोष किया। दो दिन में दो मुकाबले ड्रॉ होने के बाद शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लसन ने टाईब्रेक के पहले गेम में काले मोहरों से खेलते हुए 31वीं वरीयता प्राप्त प्रज्ञानंद को मात दी, जबकि सफेद मोहरों से खेलते हुए उन्होंने भारतीय खिलाड़ी को ड्रॉ पर रोक लिया। पांच बार विश्व चैंपियनशिप जीत चुके कार्लसन ने आखिरकार विश्व कप की ट्रॉफी भी अपने नाम कर ली। उन्हें इस जीत के लिये एक लाख दस हज़ार डॉलर के इनाम से नवाज़ा जायेगा, जबकि प्रज्ञानंद को 80,000 रुपये मिलेंगे।

टाईब्रेक के पहले रैपिड गेम में काले मोहरों से खेलते हुए कार्लसन ने प्रज्ञानंद की ई4 चाल का जवाब ई5 से दिया। दोनों खिलाड़ियों ने सटीक चालें चलीं लेकिन प्रज्ञानंद ने 42वीं चाल पर प्यादे को एa5 से ए6 पर बढ़ाया, जो गलत साबित हुआ। कार्लसन इस गलती का फायदा उठाकर शह मात के करीब आ गये और प्रज्ञानंद ने हार मान ली। दूसरे गेम में कार्लसन ने ई4 से शुरुआत की और चौकसी के साथ खेलते हुए कोई गलती नहीं की। प्रज्ञानंद ने मात्र 22 चालों के बाद ड्रॉ पर सहमति जताई और कार्लसन विश्व कप फाइनल में 1.5-0.5 से विजयी हुए।




उल्लेखनीय है कि प्रज्ञानंद विश्व कप फाइनल में पहुंचने वाले सबसे युवा खिलाड़ी थे। साथ ही, उन्होंने कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिये भी क्वालीफाई कर लिया है और वह कार्लसन और बॉबी फिशर के बाद ऐसा करने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं। प्रज्ञानंद फिडे विश्व कप का फाइनल खेलने वाले दूसरे भारतीय भी थे, जबकि उनसे पहले सिर्फ विश्वनाथन आनंद ने ऐसा किया था।

## सार संक्षेप

### बारिश में धुला तीसरा टी20, भारत ने श्रृंखला जीती

**डबलिन।** भारत और आयरलैंड के बीच तीसरा टी20 मुकाबला बारिश में धुलने के बाद मेहमान टीम ने श्रृंखला 2-0 से जीत ली। मालाहाइड में लगातार बारिश होते रहने के कारण न ही टॉस हो सका और न ही एक भी गेंद फेंकी जा सकी। मैच शुरू होने के निर्धारित समय के करीब तीन घंटे बाद बादलों ने बरसना बंद किया, हालांकि इस समय तक मैदान अत्यधिक गीला हो चुका था। अंपायरों ने इसे ध्यान में रखते हुए स्थानीय समयानुसार शाम पांच बजकर 58 मिनट पर मैच रद्द करने का फैसला लिया। भारत ने पहले वर्षाबाधित टी20 में डकवर्थ लुइस पद्धति से दो रन से जीत हासिल की थी, जबकि दूसरे मुकाबले में आयरलैंड को 33 रन से हराया था। इस टीम के कई युवा खिलाड़ी अब चीन के हांग्झोउ में होने वाले एशियाई खेलों में रवाना होंगे, जबकि जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, तिलक वर्मा और संजू सैमसन एशिया कप खेलने वाली टीम के साथ श्रीलंका जायेंगे।

### एशियाई खेलों से पहले तैराक माना ओडिशा में लेंगी प्रशिक्षण

**भुवनेश्वर।** टोक्यो ओलंपियन तैराक माना पटेल हांग्झोउ एशियाई खेलों के लिये भुवनेश्वर में नवनिर्मित इंडोर एक्वाटिक सेंटर में प्रशिक्षण लेंगी। यह शीर्ष तैराक ओडिशा जेएसडब्ल्यू तैराकी एचपीसी के तकनीकी निदेशक डगलस ईगर के मार्गदर्शन में एशियाड के लिये तैयारी करेंगी। माना ने अपनी तैयारियों पर कहा, मैं यह देखने के लिये उत्सुक हूं कि मैं कैसा प्रदर्शन करती हूं। उसके बाद देखेंगे कि आगे क्या होता है, फिलहाल मेरा पूरा ध्यान अपने प्रशिक्षण और एशियाई खेलों पर केंद्रित है। माना ने ओडिशा में प्रशिक्षण लेने के फैसले पर कहा, मुझे लगता है कि बदलाव होना अच्छा होता है। माहौल को बदलना और उस बदलाव में खुद को ढलते हुए देखना अच्छा होता है। मैं पिछले एक महीने से यहां हूं और अपने प्रशिक्षण से खुश हूं। यहां बहुत अधिक शांति है और मैं अपने प्रशिक्षण और तैराकी पर बहुत अधिक ध्यान केंद्रित कर रही हूं। उन्होंने कहा, सबसे महत्वपूर्ण बात कोच और एक एथलीट के बीच संवाद है और मैं इसे यहां पाकर खुश हूं। मैंने अभी-अभी कोच डगलस को जानना शुरू किया है और हम धीरे-धीरे संवाद को आगे बढ़ा रहे हैं। वह एक इंसान और एक एथलीट के तौर पर मुझे समझने की कोशिश कर रहे हैं। वह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि मैं कौन हूं और मेरी क्या जरूरते हैं और वे बतौर तैराक मुझे कैसे प्रभावित कर सकती हैं।

# एशिया कप से पहले अनुकूलन शिविर में हिस्सा लेगी भारतीय टीम

**नई दिल्ली,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। एशिया कप के लिये चुने गये 18 भारतीय खिलाड़ी अगले तीन महीनों के ठसाठस कार्यक्रम को देखते हुए गुरुवार से बेंगलुरु में छह दिनों के अनुकूलन शिविर में हिस्सा लेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की ओर से गुरुवार को प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार, खिलाड़ियों ने शिविर के लिये अलुर में स्थित कर्नाटक स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) के श्री ओवल्स कैंपस पहुंचना शुरू कर दिया है। इस शिविर में जहां खिलाड़ियों की फिटनेस पर प्रमुखता से ध्यान दिया जायेगा, वहीं विश्व कप की तैयारी के आखिरी चरण में पहुंचने से पहले टीम समन्वय पर भी विशेष रूप से काम करेगी।



रिपोर्ट के अनुसार, आयरलैंड टी20 श्रृंखला खेलने गये संजू सैमसन, जसप्रीत बुमराह और प्रसिद्ध कृष्णा को छोड़कर सभी खिलाड़ी गुरुवार को फिटनेस मूल्यांकन से गुजरे। इसके बाद पहले दिन खिलाड़ियों ने कुछ इनडोर सत्रों में हिस्सा लिया। अब ये खिलाड़ी शुक्रवार से अनुकूलन और कौशल-आधारित अभ्यास के लिये समूहों में विभाजित किये जायेंगे। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार वेस्ट इंडीज में टी20 श्रृंखला छोड़कर लौटे वरिष्ठ खिलाड़ियों को पिछले दो हफ्तों में व्यक्तिगत फिटनेस और आहार योजना दी गई थी। खिलाड़ियों के लिये विशेष योजना तैयार करने की प्रथा अनोखी नहीं है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में प्रमुख खिलाड़ियों की चोटों को ध्यान में रखते हुए बीसीसीआई कार्यभार के प्रति सतर्क रहा है। इस अनुकूलन शिविर में केएल राहुल और श्रेयस अय्यर पर विशेष ध्यान रहेगा। अय्यर जहां पूरी तरह फिट हैं, वहीं राहुल की मांसपेशी में खिंचाव की शिकायत है जिसकी वजह से वह एशिया कप के शुरुआती दो मैचों से बाहर रह सकते हैं। भारतीय टीम 30 अगस्त को बेंगलुरु से कोलंबो के लिये रवाना होगी। रोहित शर्मा की अगुवाई में भारत का अभियान दो सितंबर को पाल्लेकेले में चिर-प्रतिद्वंदी पाकिस्तान के खिलाफ शुरू होगा।

## मुंबई सिटी से खेलने भारत आएंगे नेमार

**कुआला लंपुर,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। मुंबई सिटी एफसी को एएफसी चैंपियंस लीग 2023-24 के ग्रुप डी में सऊदी अरब के अल हिलाल एसएफसी के साथ रखा गया है। एशियाई फुटबॉल परिसंघ ने गुरुवार को ड्रॉ आयोजित करने के बाद यह जानकारी दी।

इसका अर्थ है कि हाल ही में अल हिलाल के साथ अनुबंध करने वाले ब्राज़ील के अनुभवी खिलाड़ी नेमार सब कुछ सही रहने पर मुंबई एफसी का मुकाबला करने के लिए भारत आयेंगे। एएफसी चैंपियंस लीग के मुकाबले घर और बाहर के प्रारूप में खेले जाएंगे। मुंबई सिटी एफसी अपने घरेलू मैच पुणे के श्री शिव छत्रपति स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेलेगी। ग्रुप डी में मुंबई सिटी का सामना एफसी



नासाजी मजांदरन और पीएफसी नवबहोर नामंगन से भी होगा। भारतीय क्लब ने 2022-23 इंडियन सुपर लीग शील्ड और उसके बाद जमशेदपुर एफसी के खिलाफ क्लब प्ले-ऑफ जीतकर लगातार दूसरी बार एशिया की प्रमुख क्लब प्रतियोगिता के ग्रुप चरण के लिए क्वालीफाई किया है। रिकॉर्ड चार बार का एएफसी चैंपियंस लीग विजेता और पिछले छह में से चार सीजनों में फाइनल तक पहुंचने वाला अल हिलाल एसएफसी मुंबई सिटी की सबसे बड़ी परीक्षा साबित होगा। ईरान के 2021-22 हज़्फ़ी कप का विजेता एफसी नासाजी माज़ंदरान और 2022 उज़्बेकिस्तान सुपर लीग का उपविजेता क्लब पीएफसी नवबहोर नामंगन एएफसी चैंपियंस लीग में पदार्पण करेगा। राउंड रॉबिन लीग में खेले जाने वाले ग्रुप चरण के बाद ग्रुप विजेता और पांचों समूहों ने दूसरे स्थान पर रहने वाली शीर्ष तीन टीमें प्री क्वार्टरफाइनल में पहुंचेंगी। डेस बकिंघम की टीम ने पिछले सीज़न में एएफसी चैंपियंस लीग में शानदार प्रदर्शन किया था और इराक के अल कुवा अल जाविया पर दो जीत दर्ज करके सात अंकों के साथ ग्रुप बी में दूसरे स्थान पर रही थी।

# बुमराह के साथ साझेदारी बेस्ट चल रही है, इसे आगे भी जारी रखना चाहता हूं : प्रसिद्ध कृष्णा

**डबलिन,** 24 अगस्त (एजेंसियां)। इंजरी के कारण करीब एक साल तक खेल से दूर रहे तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज में टीम इंडिया में वापसी की और दमदार प्रदर्शन भी किया। आयरलैंड के खिलाफ तीसरा टी20 मैच बारिश के कारण रद्द होने के बाद भारत ने सीरीज 2-0 से जीत ली। इस दौरान पीठ की चोट के कारण लगभग 11 महीने बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी कर रहे प्रसिद्ध ने जियोसिनेमा से आयरलैंड के खिलाफ अपने प्रदर्शन, रिकवरी के दौरान अपने परिवार और दोस्तों से मिले समर्थन और भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के साथ बिताए समय के बारे में बात की।

**भारतीय टीम में वापस आकर कैसा लग रहा है?**

मुझे एक लंबी छुट्टी मिली थी। मेरे पास तैयारी के लिए पर्याप्त समय था, तो मानसिक रूप से भी काफी अच्छा महसूस कर रहा हूं। मुझे फिर से गेंदबाजी करते हुए कम से कम छह सप्ताह हो गए हैं और मैं हर गेंद पर अपना बेस्ट देना चाहता हूं। मैं अपनी गेंदबाजी का विश्लेषण कर रहा हूं, सुधार के क्षेत्रों की पहचान कर रहा हूं और इस बात पर विचार कर रहा हूं कि मैं टीम में क्या नई चीजें ला सकता हूं।

**आयरलैंड के खिलाफ अपनी वापसी से आप क्या समझते हैं?**

मुझे लगता है कि प्रदर्शन अच्छा रहा है। अच्छा और फिट महसूस करने के साथ-साथ, मैं अच्छी तरह से दौड़ रहा हूं और अपनी लेंथ लाइन में गेंदबाजी कर रहा हूं। मेरा मानना है कि यही मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। हालांकि, लय में आने के लिए मुझे अभी और मेहनत करने की जरूरत है।

**अपने रिहैब के दौरान आप किन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित कर रहे थे?**

एनसीए में हम जितने समय रहे, वो बेहद लाभकारी साबित हुआ। व्यक्तिगत रूप से हमने अपने उद्देश्यों के बारे में जो स्पष्टता बनाए रखी, उससे मुझे बहुत मदद मिली। हर बार जब हमने कोई योजना बनाई, तो हमने पिछले सप्ताह की समीक्षा करना, वर्तमान स्थितियों का आकलन करना और यह समझना सुनिश्चित किया कि मैं दैनिक आधार पर कैसा महसूस कर रहा था।




इस निरंतर संचार ने हमें अपने प्रयासों को प्रभावी ढंग से काम करने की अनुमति दी। शुरुआत में, योजना का ध्यान शरीर को फिट करने पर था - यह सुनिश्चित करना कि मैं अच्छा महसूस करूं, अपनी फिटनेस पर काम करना और किसी भी चिंता का समाधान करना।

**आपके पुनर्वास में आपके परिवार ने क्या भूमिका निभाई?**

इस पूरी यात्रा के दौरान मेरा संयम बनाए रखने में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण रही है। मैंने कभी भी ऐसे दिन का अनुभव नहीं किया जब मैंने ऐसा महसूस किया हो या सवाल किया हो कि मैं हर किसी की तरह क्यों नहीं खेल रहा हूं या भाग क्यों नहीं ले रहा हूं। लेकिन मुझे मेरे परिवार और दोस्तों का पूरा सपोर्ट मिला जिससे मुझे रिकवरी के दौरान मदद मिली।

**हमें जसप्रीत बुमराह के साथ अपनी साझेदारी के बारे में बताएं।**

मैं हमेशा उनकी क्षमताओं और चीजों को सरल बनाए रखने के तरीके का मुरीद हूं। दबाव में शानदार गेंदबाजी करने की उनकी कला की मैं लंबे समय से प्रशंसा करता रहा हूं। एनसीए में हमारी रिकवरी अवधि के दौरान मेरे पास उनके साथ रहने का पर्याप्त समय था। इससे हमें एक-दूसरे के बारे में और अधिक जानने का मौका मिला - हम कैसे तैयारी करते हैं और हम खेल की स्थितियों पर कैसे प्रतिक्रिया देते हैं।

यह एक अच्छा अनुभव रहा है। चाहे वह क्रिकेट, मानसिक पहलुओं या पुनर्वास संबंधी चिंताओं पर चर्चा हो, वह हर समय सहायक रहे हैं। हमारी साझेदारी बढ़िया चल रही है और हम इसे जारी रखने के लिए उत्सुक हैं।

**आगामी टूर्नामेंटों से आपकी क्या उम्मीदें हैं?**

विश्व कप से पहले 8-9 वनडे मैचों के साथ-साथ अभ्यास मैचों का होना हमारी तैयारी के लिए बेहद फायदेमंद है। टीम इंडिया ने बहुत सारे वनडे मैच खेले हैं और इससे प्रत्येक खिलाड़ी के भीतर टीम की सफलता में योगदान देने में अपनी-अपनी भूमिका के बारे में स्पष्ट समझ पैदा हुई है। व्यक्तिगत तौर पर, मेरा ध्यान निरंतरता हासिल करने और अपनी लय हासिल करने पर है।